3 राजधानी
फरार चल रहा बिल्डर गिरफ्तार

6 अभिमत
विधि-निर्माताओं के पालाबदल की समस्या

9 राष्ट्रीय
मुंबई में भारी बारिश के बीच जलभराव

10 विदेश
नाटो देशों ने प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 255
लखनऊ, बुधवार, 6 जुलाई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



भारत चौथे दिन रक्षात्मक और डरा हुआ था
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# संविधान विरोधी बयान पर घिरे केरल के मंत्री

## ● वाम पंथी नेता साजी चेरियन ने बाद में खेद जताया, विपक्ष ने मांगा इस्तीफा

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम, पथनमथिट्टा

**संविधान** के खिलाफ तल्ख बयान को लेकर केरल के मंत्री साजी चेरियन मंगलवार को जहां मुश्किल में फंस गए, वहीं राज्य में इसे लेकर बड़ सियासी विवाद खड़ा हो गया और विपक्ष ने मंत्री के इस्तीफे की मांग कर डाली। वामपंथी नेता ने बयान को लेकर खेद जताया और दावा किया कि इस बारे में दी गई खबरों में उनके बयान के साथ छेड़छाड़ की गई है। एक कार्यक्रम में दिए गए भाषण का स्थानीय टेलीविजन चैनल पर मंगलवार को प्रसारण होने के कुछ घंटों बाद मंत्री ने खुद को लोक सेवक बताते हुए कहा कि उनका संविधान के मूल्यों में पूरा यकीन है।

विपक्षी दल कांग्रेस ने चेरियन की टिप्पणी को अप्रिय करार दिया, जबकि भाजपा ने कहा कि वह उस संविधान द्वारा प्रदत्त उस पद पर नहीं रह सकते हैं, जिसका उन्होंने अनादर किया है। विपक्ष ने पिनराई विजयन कैबिनेट से मंत्री के इस्तीफे की मांग की है, जबकि सत्ताधारी पार्टी माकपा ने इस मांग को खारिज कर दिया।



तिरुवनंतपुरम में सचिवालय के बाहर केरल सरकार के मंत्री साजी चेरियन के त्यागपत्र की मांग कर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

दोपहर में राज्य विधानसभा में दिए गए एक बयान में चेरियन ने कहा कि पथनमथिट्टा जिले के मल्लपल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके द्वारा संविधान की आलोचना करने का दावा करने वाली खबरों में तथ्य से छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा, मैं एक लोक सेवक हूं और संविधान का सम्मान करता हूं और इसके महान मूल्यों में यकीन है। मेरा कभी भी संविधान का अपमान करने या इसके खिलाफ कुछ भी कहने का इरादा नहीं था। मंत्री ने कहा कि देश की शोषित जनता को न्याय दिलाने के लिए संविधान के निर्देशों को और मजबूत करना आवश्यक है।

मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी शैली में केवल अपनी चिंता व्यक्त करने की कोशिश की कि यदि ऐसा नहीं किया गया, तो संविधान बढ़ती असमानताओं को रोकने में शक्तिहीन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने के लिए सभी मौजूदा कानूनी प्रावधानों को रद्द करके देश में श्रम संहिता लागू करने से उनका घोर शोषण होगा। मंत्री ने कहा कि यदि उनके बयानों को गलत व्याख्या के साथ प्रचारित किया गया है, तो उन्हें इसका गहरा दुख और खेद है। चेरियन ने दक्षिणी जिले के मल्लापल्ली में हाल ही में आयोजित एक राजनीतिक कार्यक्रम में कथित तौर पर बयान दिया था कि, हम सभी कहते हैं कि हमारे पास एक बेहतरीन तरीके से लिखा संविधान है, लेकिन मैं कहूंगा कि संविधान इस तरह से लिखा गया है ताकि इसका इस्तेमाल देश के लोगों को लूटने के लिए किया जा सके। मंत्री ने आरोप लगाया कि संविधान का संकलन ब्रिटिश सरकार द्वारा किया गया था और भारतीयों ने इसे इसी रूप में लिख दिया, जो देश में पिछले 75 साल से लागू है। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र जैसे मूल्य बस इसके (संविधान) किनारों पर जोड़ दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि वह इसकी दूसरे तरीके से व्याख्या करने वाले किसी भी व्यक्ति से सहमत नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा देश एक ऐसा देश है, जो श्रमिकों के विरोध को स्वीकार नहीं करता। उन्होंने कहा, भारतीय संविधान वह है जो श्रमिकों के शोषण को सबसे अधिक क्षमा करता है। मंत्री ने दावा किया कि इसी कारण से देश में कॉरपोरेट क्षेत्र में करोड़पति बढ़े हैं। हालांकि, चेरियन की टिप्पणी मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और भाजपा को नागवार गुजरी। टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए केपीसीसी अध्यक्ष के सुधाकरन और राज्य विधानसभा में नेता विपक्ष वी डी सतीशन ने मुख्यमंत्री विजयन से चेरियन को कैबिनेट से हटाने का अनुरोध किया या फिर कड़ी कानूनी कार्वाई का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी। सतीशन ने कहा, संविधान का अपमान करके साजी चेरियन ने पद की शपथ का उल्लंघन किया। उन्होंने न केवल संविधान निर्माताओं को अपमानित किया, बल्कि धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र जैसे (शेष पेज 4)

# वन संरक्षण से दूर होगा ग्लोबल वार्मिंग का संकट: मुख्यमंत्री

## ● भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट से मुख्यमंत्री ने किया वन महोत्सव का शुभारंभ

**संवाददाता।** चित्रकूट

**आदि** तीर्थ के रूप में समूचे विश्व में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के सेहरिन गांव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हरिशंकरी का पौधा लगाकर प्रदेश में वन महोत्सव की शुरुआत की। सीएम के साथ कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज समेत धर्मनगरी के प्रमुख साधु-संतों ने पौधरोपण किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि मानव जीवन चक्र वनों पर आधारित है।

इसके बावजूद अधाधुंध वनों का कटान कर मनुष्य ने स्वयं अपने आस्तित्व पर संकट खड़ा कर लिया है। सीएम ने प्रदेशवासियों से वैश्विक संकट ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का आह्वान किया।इस दौरान सीएम ने भगवान श्रीराम को जन-जन तक पहुंचाने वाले महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर एवं संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जन्म स्थली को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का ऐलान करते हुए करोड़ों की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके अलावा पर्यावरण (शेष पेज 4)



चित्रकूट के सेहरिन गांव में मंगलवार को हरिशंकरी का पौधा लगाकर प्रदेश में वन महोत्सव का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# सरकार के कुछ सामग्री को ब्लॉक करने के आदेश को ट्विटर ने कोर्ट में दी चुनौती

**भाषा।** नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया कंपनी ट्विटर ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सरकार के नए आईटी नियमों के तहत सामग्री हटाने के आदेश को चुनौती दी है। उसने कहा कि यह अधिकारियों द्वारा अपने अधिकारों के दुरुपयोग का मामला है। ट्विटर ने जून, 2022 में जारी एक सरकारी आदेश को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि सामग्री ब्लॉक करने का आदेश काफी व्यापक और मनमाना है। ट्विटर रिट याचिका से जुड़े सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सरकार के कई अनुरोध कथित रूप से राजनीतिक सामग्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए हैं।

ये सामग्री राजनीतिक दलों के आधिकारिक हैंडल के जरिए पोस्ट की गई हैं। ऐसे में इस तरह की जानकारी को ब्लॉक करना अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन होगा, जो कंपनी ने मंच का उपयोग करने वाले लोगों को दिया है। सूत्रों ने कहा, जिस सामग्री को ब्लॉक करने का अनुरोध किया गया है, उसका धारा 69ए के तहत कोई लेना-देना नहीं है। इस बारे में ट्विटर और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय को ई-मेल भेजकर सवाल पूछे गए, लेकिन फिलहाल उनकी (शेष पेज 4)

## सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने के लिए पारिस्थितिकी तैयार की जा रही है: वैष्णव

**भाषा।** गांधीनगर



**सूचना** प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया को बेहद सशक्त माध्यम बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसे जवाबदेह बनाने से जुड़ा सवाल बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए भारत समेत दुनिया भर में एक पारिस्थितिकी खड़ी की जा रही है। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में स्व-नियमन पहला कदम है जिसके बाद उद्योग का अपना नियमन आता है। फिर सरकार की तरफ से किए जाने वाले (शेष पेज 4)

# 'नुपुर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां न्याय प्रणाली पर दाग'

## ● पूर्व जजों, नौकरशाहों समेत 117 हस्तियों ने पत्र लिखकर की आलोचना, टिप्पणियां वापस लेने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्व** न्यायाधीशों और नौकरशाहों के एक समूह ने भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की हालिया टिप्पणियों की निंदा करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि शीर्ष अदालत ने इस मामले में लक्ष्मण रेखा पार कर दी और ये टिप्पणियां सबसे बड़े लोकतंत्र की न्याय प्रणाली पर ऐसा दाग हैं, जिसे मिटाया नहीं जा सकता।

उन्होंने न्यायालय से टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की। उच्च न्यायालयों के 15 पूर्व न्यायाधीशों, अखिल भारतीय सेवा के 77 पूर्व अधिकारियों और 25 अन्य लोगों के समूह ने आरोप लगाया कि भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा पर दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियां न्यायिक लोकाचार से मेल






नहीं खातीं और इन्होंने देश और विदेश में लोगों को हतप्रभ कर दिया है। समूह ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए, जिसमें उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के इतिहास में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियां नहीं देखने को मिलती हैं और सबसे बड़े लोकतंत्र की न्याय प्रणाली पर ऐसा दाग हैं, जिसे मिटाया नहीं जा सकता। इस मामले में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाने का आह्वान किया जाता है, क्योंकि इसके लोकतांत्रिक मूल्यों और देश की सुरक्षा पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में बंबई उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश क्षितिज व्यास, केरल उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पीएन रवींद्रन, गुजरात उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एस एम सोनी, राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश- न्यायमूर्ति आर एस राठौर एवं न्यायमूर्ति प्रशांत अग्रवाल और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एस एन ढींगरा शामिल हैं। पूर्व आईएएस अधिकारी आनंद बोस, आर एस (शेष पेज 4)

## नुपुर शर्मा का सिर काटने की धमकी देने में अजमेर दरगाह का मौलवी गिरफ्तार

**भाषा।** जयपुर

**भाजपा** की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा को धमकाने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद अजमेर दरगाह के एक खादिम (मौलवी) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी को तलाश रही है। दरगाह पुलिस थाने में सोमवार रात को एक व्यक्ति ने सलमान चिश्ती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

वीडियो में वह दावा करता दिख रहा है कि वह नूपुर शर्मा का सिर लाने वाले को अपना घर सौंप देगा। वीडियो में चिश्ती ने कहा, वह पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने पर उसको खुले आम गोली मार देते। चिश्ती ने वीडियो में कहा है, जो कोई भी उस नूपुर शर्मा का सिर लाकर देगा वह उसे अपना घर दे



देगा। उन्होंने वीडियो में कहा आपको सभी मुस्लिम देशों को जवाब देना होगा। यह मैं अजमेर राजस्थान से कह रहा हूं और यह संदेश हुजूर ख्वाजा बाबा के दरबार से है।

दरगाह थानाधिकारी दलवीर सिंह फौजदार ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है। उल्लेखनीय है कि 17 जून को अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार से कथित भड़काऊ भाषण देने के (शेष पेज 4)

# एक दिन में स्पाइस जेट के दो विमानों में खराबी




ईंधन संकेतक में खराबी के बाद कराची एयरपोर्ट पर उतरा स्पाइजेट का विमान

## ● कांडला-मुंबई उड़ान में विंडशील्ड में दरार, दिल्ली-दुबई उड़ान में ईंधन संकेतक में खराबी

**भाषा।** नई दिल्ली, कराची

**स्पाइसजेट** के लिए मंगलवार को एक और कठिन दिन रहा क्योंकि एअरलाइन की दिल्ली-दुबई उड़ान को ईंधन संकेतक में खराबी के कारण कराची की ओर मोड़ दिया गया तथा इसकी कांडला-मुंबई उड़ान को बीच हवा में विंडशील्ड में दरार आने के बाद महाराष्ट्र की राजधानी में प्राथमिकता के आधार पर उतारा गया।

मंगलवार को हुईं इन दो घटनाओं के साथ ही पिछले 17 दिनों में स्पाइसजेट के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाओं की कुल संख्या सात हो गई है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों के मुताबिक, विमानन नियामक सभी सात घटनाओं की जांच कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार सुबह दिल्ली से दुबई जा रहा बोइंग 737 मैक्स विमान जब हवा में था तब (शेष पेज 4)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,134 | ↓ | 100 | |
| निफ्टी | 15,810 | ↓ | 24 | |
| सोना | 52,050 | ↑ | 65 | /10g |
| चांदी | 58,058 | ↑ | 307 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक का त्यागपत्र

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने ऊपर बढ़ते दबाव के बीच मंगलवार को स्वीकार किया कि संसद के एक दागदार सदस्य को सरकार के अहम पद पर नियुक्त करना गलत था, जिसके बाद वित्त मंत्री ऋषि सुनक समेत सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया। जॉनसन ने कहा था कि उन्हें इस बात का बहुत खेद है कि उन्होंने निलंबित सांसद क्रिस पिंचर के खिलाफ कदाचार की शिकायत का पता होने के बाद भी उन्हें डिप्टी चीफ व्हिप के सरकारी पद पर नियुक्त किया। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद के इस्तीफे के तत्काल बाद भारतवंशी ब्रिटिश मंत्री सुनक ने ट्विटर पर अपना त्यागपत्र साझा किया। मंत्रियों का इस्तीफा जॉनसन के नेतृत्व के लिए बड़ा झटका साबित होगा।

# कर्नाटक के हुबली में वास्तु विशेषज्ञ की छुरा घोंपकर नृशंस हत्या

**भाषा।** हुबली

**सरल** वास्तु से मशहूर हुए चंद्रशेखर गुरुजी की कर्नाटक के हुबली में एक होटल में मंगलवार को छुरा घोंपकर नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में दिख रहा है कि होटल के रिसेप्शन क्षेत्र में दो लोग पहले गुरुजी का अभिवादन करते हैं, फिर उन्हें लगातार कई बार छुरा घोंप रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही हुबली के पुलिस आयुक्त लाभू राम मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने कहा कि कुछ घंटों के अंदर हत्या में कथित रूप से शामिल मंजूनाथ मारेवाड़ और महंतेश सिरूर को हिरासत में लिया गया। आरोप है कि दोनों आरोपी हत्या करने के बाद घटनास्थल से भाग गए थे, लेकिन पड़ोसी जिले बेलगावी के रामदुर्ग में दोनों को पकड़ लिया गया। हुबली-धारवाड़ के पुलिस आयुक्त लाभू राम ने पीटीआई-भाषा से कहा, दोनों को हिरासत में लिया गया है और हम उन्हें हुबली वापस ला रहे हैं। दोनों से पूछताछ की जाएगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि गुरुजी के हत्यारों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।

बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने इसे एक जघन्य और दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य करार दिया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि मूल रूप से बगलकोटे निवासी गुरुजी ने ठेकेदार के रूप में काम करना शुरू किया, लेकिन बाद में उन्हें मुंबई में नौकरी मिल गई। इसके बाद गुरुजी मुंबई में बस गए और वास्तु परामर्श देने लगे। तीन दिन पहले गुरुजी के परिवार के एक बच्चे की मौत हुबली में हो गई थी, जिसके कारण वह यहां आए थे।

# पीडीएस कार्यान्वयन में उत्तर प्रदेश व ओडिशा अव्वल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● केंद्र 80 करोड़ लोगों को उपलब्ध कराता है अत्यधिक सब्सिडी वाला खाद्यान्न

**राष्ट्रीय** खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के कार्यान्वयन में ओडिशा, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश ने राज्यों की रैंकिंग के शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा जमाया है। एनएफएसए के तहत सरकार प्रति व्यक्ति को प्रति माह 1-3 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रदान करती है। केंद्र इसके तहत लगभग 80 करोड़ लोगों को अत्यधिक सब्सिडी वाला खाद्यान्न प्रदान करती है।

केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा पर राज्यों के खाद्य मंत्रियों के एक सम्मेलन के दौरान एनएफएसए की राज्य रैंकिंग सूचकांक-2022 को जारी किया। इस सूचकांक में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) के तहत संचालन और पहल के माध्यम से एनएफएसए कार्यान्वयन की प्रभावशीलता को मापा जाता है। विशेष श्रेणी के राज्यों (उत्तर पूर्वी राज्यों, हिमालयी राज्यों और द्वीपीय राज्यों) में त्रिपुरा प्रथम स्थान पर रहा जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः हिमाचल प्रदेश और सिक्किम रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन क्षेत्रों में लॉजिस्टिक बाध्यता के बावजूद, उन्होंने सामान्य श्रेणी के राज्यों के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा में उच्च स्तर की उपलब्धि प्रदर्शित की। ओडिशा 0.836 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर है, उसके बाद उत्तर प्रदेश (0.797) और आंध्र प्रदेश (0.794) का स्थान है। गुजरात चौथे स्थान पर है, उसके बाद दादरा और नगर हवेली और दमन दीव, मध्य



प्रतीकात्मक फोटो

प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु और झारखंड हैं। सूचकांक में केरल को 11वां, तेलंगाना 12वां, महाराष्ट्र 13वां, पश्चिम बंगाल 14वां और राजस्थान 15वां स्थान मिला है।

पंजाब 16वें स्थान पर है, उसके बाद हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और गोवा का स्थान है। गोयल ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग की कवायद मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी, लेकिन रैंकिंग थर्ड पार्टी (तीसरे पक्ष) द्वारा कराया गया। उन्होंने कहा कि खाद्य कानून के तहत रैंकिंग एनएफएसए के तहत राज्यों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगी। सूचकांक केवल टीपीडीएस संचालन की दक्षता को दर्शाता है, यह किसी विशेष राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के भूख, कुपोषण या दोनों के स्तर को नहीं दर्शाता है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि यह एनएफएसए और टीपीडीएस सुधारों पर केंद्रित है, जो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मानकीकृत हो सकता है। यह तीन स्तंभों पर टिकी हुई है जो खाद्य सुरक्षा और पोषण के विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हैं। प्रत्येक स्तंभ में पैरामीटर और उप-पैरामीटर होते हैं जो इस मूल्यांकन का समर्थन करते हैं। पहला स्तंभ एनएफएसए के कवरेज, सही लक्ष्यीकरण और एनएफएसए के तहत सभी प्रावधानों के कार्यान्वयन को मापता है। दूसरा स्तंभ खाद्यान्नों के आवंटन, उनके संचालन और उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) को अंतिम छोर तक सुपुर्दगी पर विचार करते हुए वितरण मंच का विश्लेषण करता है।

अंतिम स्तंभ विभाग की पोषण पहल पर केंद्रित है। इस कवायद के निष्कर्षों से पता चला है कि अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने डिजिटलीकरण, आधार सीडिंग और ईपीओएस इंस्टॉलेशन में अच्छा प्रदर्शन किया है, जो सुधारों की ताकत और पैमाने को दोहराता है। रिपोर्ट में कहा गया कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कुछ क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। राज्यों और केंद्र (शेष पेज 4)

# मुख्यमंत्री ने एलडीए का सीमा विस्तार करने के दिए निर्देश

● नामांतरण प्रक्रिया को सरल किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों की कार्य प्रणाली को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अपने निर्देश में कहा है कि लखनऊ आज मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में अत्याधुनिक नगरीय सुविधाओं से लैस हो रही है। विभिन्न नगरों से लोग यहां आकर अपना स्थायी निवास बनाना चाहते हैं। वर्तमान में 45 लाख से अधिक आबादी एलडीए की सीमा के भीतर निवास करती है। साल दर साल लखनऊ का विस्तार हो रहा हैए किंतु यह विकास अनियोजित है। इसे व्यवस्थित स्वरूप दिए जाने की आवश्यकता है। ऐसे में लखनऊ विकास प्राधिकरण के परिक्षेत्र को विस्तार दिया जाए। मेट्रोपोलिटन बोर्ड की तर्ज पर इस संबंध में वृहद कार्ययोजना तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत किया जाए। व्यापक जनहित के दृष्टिगत विकास प्राधिकरणों में संपत्ति के नामांतरण की प्रक्रिया का सरलीकरण जरूरी है। वर्तमान में नामांतरण प्रभार सम्बंधित परिसंपत्ति का 1 प्रतिशत देय है। इसे कम किए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान प्रक्रिया जटिल है तकनीक के सहयोग से इसे और व्यवहारिक बनाया जाना चाहिए। आवास विभाग अंतर्गत विकास प्राधिकरणों में विधिक उत्तराधिकार, वसीयत की स्थिति में म्युटेशन फीस अधिकतम 5000 तक होनी चाहिए। फ्री होल्ड अथवा गिफ्ट संपत्ति के मूल्य के आधार पर अधिकतम 10000 का शुल्क लिया जाना चाहिए। लीज संपत्ति की स्थिति में 1 प्रतिशत म्युटेशन फीस ली जा सकती है। लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की विशिष्ट योजना को अगले 2 महीने में प्रारंभ करा दिया जाए। यह योजना लखनऊ को एक आकर्षक स्वरूप देने वाली होगी। लखनऊ में गोमती नदी के दोनों तटों पर तथा नैमिषारण्य अतिथि भवन के आसपास कुछ झुग्गी बस्तियां हैं। इनका चिन्हीकरण यहां के निवासियों का व्यवस्थापक कराया जाए। नियमानुसार इन्हें पीएम आवास, शौचालय आदि शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाना चाहिए। यह कार्य जल्द से जल्द करा लिया जाए। बटलर झील को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाए। हर विकास प्राधिकरण, नगरीय निकाय में टाउन प्लानर की तैनाती की जाए। आईआईटी अथवा राज्य सरकार तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग लिया जाना चाहिए। परियोजनाओं का निर्धारण करते समय आगामी 50 वर्षों की स्थिति को ध्यान में रखें।

## राष्ट्रपति चुनाव के लिए 12 को आएंगी मतपेटियां

**लखनऊ।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए यूपी में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। 18 जुलाई को विधानभवन के तिलक हाल में सभी विधानसभा सदस्य सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाल सकेंगे। इसके पहले 12 जुलाई को दिल्ली से दो मतपेटियां हवाई जहाज से लखनऊ लाई जाएंगी। राष्ट्रपति चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी बृज भूषण दुबे की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिसए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें चुनाव के दौरान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए जाने के निर्देश दिए गए। वोट डालने में विधायकों को कोई असुविधा न हो इसके लिए मुकम्मल इंतजाम होंगे। कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन होगा। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला, एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, डीएम सूर्य पाल गंगवार व अन्य अधिकारी मौजूद थे। विधायकों को वोट डालने के लिए मतपत्र दिया जाएगा।

## लोकल से ग्लोबल बनता यूपी का ओडीओपी

● पर्व-त्योहारों पर स्थानीय उत्पाद देने की मजबूत हो रही परंपरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वोकल** फार लोकल के नारे को जमीन पर उतारने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी चार साल में ही लोकल से ग्लोबल होने की राह पर है। दशहरा हो या होली, दीपावली, नववर्ष हो या कोई खास समारोह अब गिफ्ट हैंपर, सम्मान या स्मृति चिन्ह के रूप में खास अतिथियों को ओडीओपी के ही उत्पाद दिए जाते हैं। मिलने वाले खास अतिथियों को तो मुख्यमंत्री लगभग अनिवार्य रूप से ओडीओपी उत्पादों का ही गिफ्ट हैंपर देते हैं।

हाल ही में प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों की तब जबरदस्त ब्रांडिंग हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 देशों की बैठक दौरान इनके राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों को उत्तर प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों को भेंट स्वरूप दिया। यह पहला अवसर नहीं है। इससे पहले भी कुशीनगर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लोकार्पण के अवसर पर बौद्धिष्ट देशों से आये अतिथियों को भगवान बुद्ध का प्रसाद माना जाने वाला सिद्धार्थनगर का ओडीओपी उत्पाद कालानमक चावल भेंट के रूप में दिया गया। 24 जनवरी 2018 को उत्तर प्रदेश के प्रथम स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तबके राज्यपाल राम नाईक की मौजूदगी में इस बेहद महत्वाकांक्षी योजना को लांच किया था। मकसद था प्रदेश के परंपरागत कला, कौशल, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्द्धन करते हुए प्रदेश का समग्र विकासए स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना। लांच होने के करीब चार साल में ही यह योजना सफलता की नई गाथा रच रही है। यही वजह है कि अपने हर संबोधन में मुख्यमंत्री इस योजना का जिक्र जरूर करते हैं। पिछले पांच वर्षों में निर्यात 88 हजार करोड़ से बढ़कर 156 लाख करोड़ पहुँच गया। उत्तर प्रदेश के ओडीओपी उत्पाद देश-दुनियां में ब्रांड बनें। इससे जुड़े लोगों के जीवन में खुशहाली आए इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इसमें कॉमन फैसिलिटी सेंटर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ये ऐसे केंद्र होंगे जहां एक ही छत के नीचे संबंधित जिले के ओडीओपी उत्पाद की ट्रेडिंग, पैकिंग, स्टोर समय जरूरत की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ऐसे ही चार सीएफसी केंद्रों सीतापुर, आगरा, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर और अम्बेडकरनगर का लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। इस तरह के सीएफसी हर जिले में बननी है। यही नहीं ओडीओपी के लिए ही सिडबी की मदद से 35 जिलों में स्वावलंबन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस तरह के केंद्र हर जिले में स्थापित किए जाने हैं। जमाना ऑनलाइन बाजार का है। लिहाजा ओडीओपी उत्पादों को सरकार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी कराया गया है। इस प्लेटफार्म का सरकार लगातार विस्तार भी कर रही है। मसलन हाल ही में सरकार और अमेजन के बीच एक एमओयू पर दस्तखत किए गए हैं। अमेजन कानपुर में एक डिजिटल केंद्र केंद्र स्थापित किया है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सभी को सूचित हो कि मेरे पालिसी नं0 213715750 में नामिनी कु0 वैष्णवी अंकित है जबकि मेरे आधार व स्कूल सार्टिफिकेट पर सिमरन सैनी है दोनों एक ही व्यक्ति है। जिसको आपत्ति हो वह LIC इंदिरानगर में संपर्क करें।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम NAEEM KHAN था जो अब बदलकर MOHAMMAD NAEEM KHAN हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHAMMAD NAEEM KHAN S/o Munne Khan 49K/ 12K/1A, Gaus Nagar, Kareli, GTB Nagar, Allahabad.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम KAILASH NARAIN Urf MUKESH ARYA था जो अब बदलकर KAILASH NARAYAN ARYA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। KAILASH NARAYAN ARYA S/o Raj Kumar Helo 23/3, Stanely Road, Civil Lines, Prayagraj.

**सूचना**

मेरे मकान संख्या C-1190 इन्दिरा नगर, लखनऊ की रजिस्ट्री की मूलप्रति दिनांक 10.05.2022 को कहीं खो गई है। रजिस्ट्री उप-निबन्धक तृतीय, लखनऊ में पुस्तक संख्या-1, जिल्द नं0-3404, पेज नं0-147 से 164, क्रमांक नं0-5599 में दिनांक 20.08.2001 को दर्ज है। जिसका उपयोग अवैध होगा। संध्या अग्रवाल, पुत्री स्व0 किशुनदास पहारिया।

**सूचना**

मेरे फ्लैट सं0 गया 115 प्रथम तल ब्लाक गया आवासीय प्रोजेक्ट रतन पैनोरामा आराजी सं. 1325मि., 1328मि. ,1329, 1345, 1346, 1347,1348, 1353मि. बारासिरोही कानपुर, का मूल आवंटन पत्रांक दिनांकित 27.05.2022 जो कि सुधांशु पाण्डेय के नाम से है, कहीं खो गया है सुधांशु पाण्डेय पुत्र ओम शंकर पाण्डेय निवासी-किड्स गार्डन स्कूल के सामने, किशोर गंज, बिधूना, औरैया मो. 7417315269

**सार्वजनिक सूचना**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अलका द्विवेदी के नाम विक्रय विलेख की मूल प्रति प्लॉट सं0 43, खसरा सं0 496 का भिजुमला, बही सं0 1, जिल्द सं0 11172, पृष्ठ सं0 289 से 312, क्रम सं0 9229 दिनांक 15.07.2011 पर बिक्री विलेख अंश द्विवेदी निवासी 894, सरसवां, अर्जुनगंज, लखनऊ द्वारा गिर गया है। निदेशक मेसर्स मैसूर प्रोजेक्ट्स प्रा0 लि0 लखनऊ, पता: हरी/973, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ। एलएआर सं0 2022000335219 दर्ज किया गया है। दिनांक 04.07.2022 को अपने आवास से गोमती नगर कार्यालय जाते समय विक्रय विलेख रास्ते में कहीं गिर गया है। यदि किसी सज्जन को यह प्राप्त हो तो निम्न पते पर सूचित करें और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लखनऊ द्वारा ऋण सुविधा के लिए बंधकरत लिया गया है।
अंश द्विवेदी (निदेशक) मेसर्स मैसूर प्रोजेक्ट्स प्रा0 लि0 लखनऊ, पता: हरी/973, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

**आवश्यकता है**

**जनता विद्यालय इण्टर कॉलेज, बरौना कलाँ (औरैया)**

**आवश्यकता है**

जनता विद्यालय इण्टर कॉलेज, बरौना कलाँ (औरैया) में वित्त रहित इण्टर कक्षाओं में गणित, जीव-विज्ञान एवं भौतिक शास्त्र में अध्यापन हेतु एम0एससी0 अर्हता धारक अध्यापकों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार देय रहेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के दस दिन के अन्दर अपना आवेदन एवं समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को प्रेषित करें।

सत्य नारायण द्विवेदी
प्रबन्धक
जनता विद्यालय इण्टर कॉलेज, बरौना कलाँ (औरैया)

# ऑक्सीजन उपलब्धता में आत्मनिर्भर हुआ यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिकित्सा** शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुहिम का असर दिखने लगा है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर सेवाओं में भी वृद्धि हो रही है। प्रदेश अब ऑक्सीजन उपलब्धता में आत्मनिर्भर हो चुका है। इतना ही नहीं जनवरी तक मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की क्षमता तिगुनी हो जाएगी। सरकार की ओर से मेडिकल कॉलेजों में 30 करोड़ रुपए और खर्च कर ऑक्सीजन प्लांट इंस्टाल कराए जा रहे हैं।

सीएम योगी ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पिछले पांच सालों में युद्ध स्तर पर कार्य किए हैं। सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के क्षेत्र में दुगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। इसी के मद्देनजर एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज की नीति पर कार्य किया जा रहा है। योगी 2.0 के सौ दिनों में संभल और महराजगंज जिले में दो मेडिकल कॉलेजों से एमओयू भी किया जा चुका है और जल्द ही दो अन्य जिलों में मेडिकल कॉलेजों का एमओयू होने जा रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना में ऑक्सीजन की मांग सबसे अधिक देखी गई थी। जनवरी 2021 में मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की क्षमता 241 किलो लीटर थीए जिसे ढाई गुना बढ़ाकर 624 किलो लीटर कर दिया गया है। यही नहीं अगले साल जनवरी तक 820 किलो लीटर तक और बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा हर मेडिकल कॉलेज में 20 किलो लीटर का टैंक अनिवार्य कर दिया गया है। अब मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की किल्लत नहीं होगी।

# मुख्य सचिव ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का किया औचक निरीक्षण

● लाइट हाउस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करायें अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम और सीएम का यह संकल्प है कि हर गरीब के सर पर छत हो। बेघरों को घर देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ मुख्यमंत्री तहत आवास मुहैया कराए जा रहे हैं। शहरों में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए सस्ते और आधुनिक तकनीकी और सुविधाओं से लैस अफोर्डेबल आवास निर्मित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। एसटीपी, फायर फाइटिंग सिस्टम, सीवर, नल, गैस, बिजली कनेक्शन आदि से जुड़े सभी विभाग समय-समय पर रिव्यू करते रहें। उन्होंने कहा कि जहां भी कोई समस्या है उसे विभागीय समन्वय स्थापित कर शीघ्र उसका समाधान कर लिया जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लाभ मिल सके और उनके खुद के आवास का सपना पूरा हो सके।

गौरतलब है कि गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए सस्ते घर बनाने के लिए नई तकनीक को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का नाम दिया गया है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट केंद्रीय शहरी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें फैक्ट्री से ही बीम,कालम और पैनल पहले से ही तैयार कर लिया जाता है। जिससे इस तरह के फ्लैट तैयार होने में कम लागत आती है। फ्लैट की उम्र 50 साल होती है। राजधानी लखनऊ में सुल्तानपुर रोड पर अवध विहार में 14 मंजिल के भवन वाले 1040 आवास की यह योजना करीब दो एकड़ में विकसित की गई है। प्रधानमंत्री ने इस लाइट हाउस योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया था। यह मकान कनाडा की स्टे इन प्लेस प्रम वर्क तकनीकी बनाए जा रहे हैं। इस योजना के तहत आवासों के अलावा भूतल में पार्किंग, शॉपिंग कॉम्पलेक्स और कम्युनिटी सेंटर का निर्माण होगा।

# राजकीय कार्यालयों में प्रलेखीकरण पर जोर देने की आवश्यकताः भूसरेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर भूसरेड्डी की अध्यक्षता में मंगलवार को गन्ना विकास विभाग की 'निर्माण-निर्देशिका' का विमोचन न्यू स्कालर हास्टल के सभाकक्ष में किया गया। इस मौके पर श्री भूसरेड्डी ने कहा कि सभी राजकीय कार्यालयों में प्रलेखीकरण पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक निर्माण तभी हो सकता है जब निर्माण कार्यों का संचालन कर रहे अधिकारी एवं अभियंता आदि निर्धारित व्यवस्था, नियमों, शासनादेशों आदि से भिज्ञ रहें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों को सुगमता से सम्पादित करने हेतु समय-समय पर विभाग की नीतियों, नियमों एवं शासनादेशों के परिप्रेक्ष्य में आदेश तथा निर्देश निर्गत किये जाते हैं। विभाग द्वारा निर्गत इन महत्वपूर्ण आदेशों एवं निर्देशों को निर्माण-निर्देशिका नामक पुस्तक के रूप में संकलित कर प्रकाशित कराये जाने से अधिकारियों द्वारा इनका अध्ययन कर निर्माण कार्यों को सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पादित कराया जा सकेगा। गन्ना विकास विभाग की निर्माण शाखा के कार्यवाहक मुख्य अभियंता अरूण कुमार यादव द्वारा पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में निर्माण निर्देशिका की विषय सूची पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया गया कि गन्ना विकास विभाग के अन्तर्गत कार्यरत अभियन्त्रण शाखा के माध्यम से नये सम्पर्क मार्गों का निर्माण पूर्व निर्मित सम्पर्क मार्गों का सुदृढीकरण एवं पुनर्निर्माण तथा विभागीय भवनों के निर्माण, मरम्मत एवं उनकी रंगाई पुताई आदि कार्यों के चयन, गुणवत्ता, एकरूपता, पारदर्शिता, आगणन, निविदा आमंत्रण, गुणवत्ता प्रबन्धन एवं अनुश्रवण आदि से संबंधित समस्त सूचनाओं को इस पुस्तक में संकलन किया गया है।

# आज से कांग्रेस विहीन हो जाएगी विधान परिषद

● सपा के छह, बसपा के तीन व कांग्रेस के दीपक का कार्यकाल आज खत्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** के विधानमंडल के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि उच्च सदन में अब कांग्रेस का कोई प्रतिनिधित्व नहीं रह जाएगा। वह इसलिए क्योंकि बुधवार को सपा के 6, बसपा के 3 और कांग्रेस के एक सदस्य का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

प्रदेश विधान मण्डल के इस उच्च सदन कांग्रेस के एकमात्र सदस्य दीपक सिंह बुधवार को रिटायर हो जाएंगे। पांच जनवरी 1887 को प्रांत की पहली विधान परिषद गठित हुई थी और आठ जनवरी 1887 को थार्नहिल मेमोरियल हाल इलाहाबाद में संयुक्त प्रांत की पहली बैठक हुई थी। तब से अब तक कभी ऐसा नहीं हुआ जब विधान परिषद में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व न रहा हो। मगर अब बुधवार से प्रदेश विधान परिषद में कांग्रेस का एक भी सदस्य नहीं रह जाएगा। बीजेपी के जिन दो सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा था उन्हें दोबारा विधान परिषद भेज दिया गया है। इनमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पंचायतीराज मंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हैं। सपा के जगजीवन प्रसाद, बलराम यादव, डा कमलेश कुमार पाठक, रणविजय सिंह, राम सुन्दर दास निषाद और शतरुद्र प्रकाश का कार्यकाल बुधवार को खत्म हो रहा है। इनके अलावा बसपा के अतर सिंह राव, सुरेश कुमार कश्यप और दिनेश चन्द्रा भी रिटायर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विधान परिषद के सदस्य थे लेकिन इस बार वह विधान सभा के सदस्य हो गए हैं। विधान सभा के चुनाव में गोरखपुर सीट से विजय हुए हैं और उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। इस तरह से कुल 13 सीटें रिक्त हुईं। इसके साथ ही जिन 13 सदस्यों को विधान परिषद भेजा गया है उनका कार्यकाल भी आज से शुरू हो गया है। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप, आयुष राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजादी अंसारी के अलावा लखनऊ महानगर के मुकेश शर्मा और कन्नौज के पूर्व विधायक रहे बनवारी लाल दोहरे का कार्यकाल बुधवार से शुरू होगा। इसी के साथ सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य, सहारनपुर के शाहनवाज खान और सीतापुर के पूर्व विधायक जासमीर अंसारी का भी कार्यकाल बुधवार से ही शुरू होगा।

# मंत्रियों के पास नहीं है अधिकार ब्यूरोक्रेट्स चला रहे सरकारः कांग्रेस

● उपमुख्यमंत्री को अपने ही विभागों के तबादलों की जानकारी न होना हास्यास्पद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक की ओर से स्वास्थ्य विभाग में हुए तबादलों में नियम कानूनों की अनदेखी किए जाने को लेकर बीते सोमवार को अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को लिखे गए पत्र के बाद विपक्षी दल आक्रामक हो गए हैं। कांग्रेस ने कहा है कि उपमुख्यमंत्री को अपने ही विभाग के तबादलों की जानकारी न होना हास्यास्पद है।

शासन ने स्वयं द्वारा जारी तबादला नीति का मखौल उड़ाते हुए अधिकारियों के माध्यम से नियमों एवं शर्तों की धज्जियां उड़ाई है। इससे जहां एक तरफ व्यापक भ्रष्टाचार परिलक्षित होता है वहीं राजधानी के प्रतिष्ठित चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी हो जाने से दूर दराज के जनपदों से लखनऊ इलाज के लिए आने वाले मरीजों की जान खतरे में पड़ गयी है। राजधानी एवं प्रदेश के कई चिकित्सालयों में चिकित्सा के परास्नातक कोर्स की पढ़ाई कर रहे तमाम डीएनबी ट्रेनीज का भविष्य फैकेल्टीज के स्थानांतरण के बाद अंधकारमय होता दिख रहा है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पांडेय ने कहा कि बड़े-बड़े दावे करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की असफ लताओं का खुलासा स्वयं उनके उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कर रहे हैं। योगी सरकार के मंत्रियों के पास न कोई अधिकार है न ही विभाग के बारे में विशेष जानकारी।

# सीएम करें हस्तक्षेप, मंत्री व ब्यूरोक्रेसी के बीच चल रही रार खत्म कराएंः सिराज मेहदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**राज्य** विधान परिषद के पूर्व सदस्य एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता सिराज मेहदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंत्री और अफ सरशाही के बीच चल रही रार को समाप्त कराने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार के शीर्ष मंत्री द्वारा विभाग की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा करना और तबादले से सम्बंधित पत्रावली तलब किया जाना गम्भीर मामला है। इस मामले को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, वरना दूरगामी नतीजे होंगे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की ओर से तबादलों को लेकर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को लिखे पत्र के संदर्भ में सिराज मेहदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इस बात के साफ संकेत हुकूमत में दो नंबर की हैसियत रखने वाले उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ विभाग तबादला प्रक्रिया पर उंगली उठा कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री और अफ सरशाही के बीच चल रही यह रार स्वास्थ विभाग तक ही सीमित नहीं इस बीमारी से दूसरे विभाग भी बुरी तरह प्रभावित हैं, जिससे न केवल विकास कार्य बल्कि जन सुविधाए भी उचित तरह से लोगो को नहीं मिल पा रही हैं। एक ओर मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास और जनसुविधाओं को बेहतर करने के लिए जी जान से जुटे और दूसरी ओर उन्हीं की अफसरशाही अपने कृत्य से उनके प्रयासों को नाकाम करने में लगे हैं। मेहदी ने कहाकि सरकार ने 15 जून को तबादला नीति जारी की थी और हिदायत दी गई थी कि सारे तबादले 30 जून तक पूरे कर लिए जाएं। बावजूद इसके अंतिम दिन थोक में अधिकारियों-कर्मचारियों को इधर से उधर करना अपने आप संदेह पैदा करते है।

# सदस्यता अभियान से शहर, गांव व घर-घर तक पहुंचेंगेः अखिलेश

● सपा प्रमुख समेत कई नेता बने सदस्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय से सपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता लेते हुए कहा कि हम लोकतंत्र बचाने के लिए जनता से सहयोग लेंगे और जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम शहरों के साथ ही गांव व घर-घर तक पहुंचेंगे। सदस्यता अभियान के बाद कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने योगी सरकार को भी निशाने पर लिया और कहा कि सरकार की उपलब्धियों की पोल खुल गई है। जब उनके डिप्टी सीएम को पता चला कि बिना उनसे पूछे तबादला हो गया। उन्होंने छापेमारे लेकिन कार्रवाई नहीं कर पाए। इससे साफ है कि सरकार में कुछ ताकतें है जो पीछे से सरकार चला रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कवि उदय प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सदस्य बनाकर समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित लखनऊ जनपद से चुनाव लड़े प्रत्याशियों एवं पूर्व विधायकों को पार्टी सदस्यता दिलाई। श्री अखिलेश यादव के हस्ताक्षर से आज जिन्होंने सदस्यता ग्रहण की उनमें प्रमुख हैं रविदास मेहरोत्रा, अरमान खान विधायकगण, सुशीला सरोज, अभिषेक मिश्रा, गोमती यादव, सोनू कन्नौजिया, अनुराग भदौरिया, पूजा शुक्ला, राजू गांधी सभी प्रत्याशी सहित पूर्व मंत्री आरके चौधरी, पूर्व प्रत्याशी मेयर मीरावर्धन, सांसद प्रत्याशी सीएल वर्मा तथा राजबाला रावत एवं जयसिंह जयंत आदि।

समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान में वे स्वयं भी चिह्नित कर गांव शहरों में जाएंगे। उन्होंने पार्टी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए गांव,गांवए घर,घर जाने की अपील की। उन्होंने कहा इस अभियान में बूथस्तर तक हर वर्ग तक जाना है। हर दरवाजे तक पहुंचकर पार्टी की नीतिए कार्यक्रम और फैसलों की जानकारी दी जाएगी। श्री यादव ने कहा कि यह सदस्यता अभियान लोकतंत्र को बचाओं का अभियान चलता रहेगा। इस अभियान में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की भी सक्रिय भूमिका होगी।

# विधायक जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सदन में उठाने का प्रयास करेंः सतीश महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने एक नई परम्परा की शुरूआत की है। वह इन दिनों विधान सभा सदस्यों के अलग-अलग ग्रुप बनाकर उनसे परस्पर वार्ता कर विचारों का आदान प्रदान कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में उन्होंने 40 वर्ष आयु तक के विधायकों से वार्ता कर अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उनके विचारों को भी जाना।

लखनऊ स्थित एक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 4 घण्टे 30 मिनट तक 32 युवा विधायकों से वार्तालाप के दौरान इस बात का संदेश दिया कि वह जनता के बीच रह कर उनकी आवश्कताओं को जाने और फिर उनकी समस्याओं को सदन में उठाने का पूरा प्रयास करें। श्री महाना ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि की हर गतिविधि पर जनता अपनी पैनी नजर रखती है। यदि उसने जनप्रतिनिधि के तौर पर विधान सभा में भेजा है तो उसकी भी आपसे काफी आपेक्षाएं हैं।

उन्होंने कहा कि युवा विधायकों के पास बार-बार जीत कर सदन में आने के अवसर बने रहें। इसी भावना के साथ वह जनता के बीच रहकर काम करें। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के दौरान सदन में अधिक से अधिक समय दें। साथ ही पुस्तकालय में जाकर अध्ययन भी अवश्य करें। विधान सभा अध्यक्ष के इस नये कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने जमकर सराहना की और कहा कि जितना हमें विधान सत्र के दौरान सीखने को नहीं मिला उससे ज्यादा हमें इस कार्यक्रम में सीखने को मिला है। वार्ता के दौरान विधायकों ने विधान सभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि वह उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार विधान सभा की विभिन्न समितियों में समायोजित करने का कार्य करें। इस पर विधान सभा अध्यक्ष ने उनकी बातों को गौर से सुनकर उसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए, तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# स्कूल के बच्चों को प्रारम्भ से ही प्रकृति से जोड़ें: आनंदीबेन पटेल

● राज्यपाल ने कुकरैल रेंज पिकनिक स्पॉट में वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 का किया शुभारम्भ

● पंचतंत्र की कहानियों पर आधारित पंचतंत्र वाटिका स्थापित की जाये



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल जी ने कहा कि वन महोत्सव पर्व प्रकृति के उपकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पुनीत अवसर है। प्राकृतिक संसाधनों को समृद्धि करने एवं भावी पीढ़ी को संतुलित पर्यावरण उपलब्ध कराने हेतु बृहद स्तर पर वृक्षारोपण अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों को प्रारम्भ से ही प्रकृति से जोड़ा जाए। यह बात मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कुकरैल पिकनिक स्पॉट में आयोजित वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में एक ही दिन में 25 करोड़ पौधे रोपित किये जा रहे है जबकि प्रदेश सरकार के इस महाभियान में 35 करोड़ वृक्षारोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। यदि हमें एक अच्छा और निरोगी जीवन चाहिए तो हमें वृक्षारोपण के साथ.साथ अपने बच्चों की तरह ही इन पेड़.पौधों की देखभाल एवं पालन पोषण करना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि वृक्ष हमारी धरती के आभूषण हैं, इनका रोपण धरती के प्रति हमारा समर्पण है। उन्होंने बताया कि बढ़ती हुई जलवायु परिवर्तन में पौधों का रोपण अत्यन्त महत्वपूर्ण है इसकी महत्ता को बच्चों एवं जनमानस में प्रसार हेतु पंचतंत्र कहानियों का प्रयोग वन परिसरों में किये जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने बताया कि वन विभाग के सहयोग से राजभवन में पंचतंत्र की कहानियों पर आधारित पंचतंत्र वाटिका स्थापित की गयी है। इस प्रकार की वाटिकाएं तथा नक्षत्र वन की स्थापना भी कुकरैल वन क्षेत्र में की जानी चाहिए।उन्होंने जनसामान्य से आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक कम से कम ने केवल 5 पौधों का रोपण तो करें ही साथ ही उन पौधों की समुचित देखभाल भी करेंए ताकि प्रदेश के वन क्षेत्र में बढ़ोत्तरी हो सके। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज हम सब प्रकृति को बचाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। कुदरत ने हमें जो दिया है उसे बचाना ही होगा। आज मानव ने आधुनिकता के वेग में धरती को प्रदूषित कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि यदि हम चिरायु होना चाहते है तो हमें वृक्षारोपण को अपने जीवन का अंग बनाना ही होगा। वृक्षों को नष्ट करने का अधिकार हमें कतई नहीं है। उन्होंने कहा कि आज मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि वनों को बचाने के लिए कलाकार मित्र भी आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे भारत में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जगह जगह जल संरक्षण की दृष्टि से अमृत तालाब बनाये जा रहे हैं और जल बचाने की मुहिम के साथ.साथ सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के लिए कई प्रभावी योजनाएं संचालित की गयी हैं।

इस अवसर पर आयोजित वन महोत्सव में राज्यपाल द्वारा कदम्ब, नीम तथा आम के पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को तुलसी का पौधा भी वितरित करने के साथ.साथ उन्होंने वन की महत्ता पर आधारित थीम सांग का का भी विमोचन किया।

वृक्षारोपण महाअभियान के अवसर परकृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, वन राज्यमंत्री कृष्ण पाल मलिक लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया, विधायक आशुतोष टंडन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष ममता संजीव दुबे, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ईवा शर्मा, अपर मुख्य सचिव, नोडल अधिकारी रजनीश दुबे, सचिव पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन आशीष तिवारी, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार तथा लोक गायिका मालिनी अवस्थी सहित प्रकृति प्रेमीए स्कूली बच्चे तथा अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव ने ईको गार्डन में लगाया पौधा



**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जेल रोड स्थित ईको गार्डेन में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान वहां उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये जो हम लोग वृक्षारोपण कर रहे हैं ये अपने लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों एवं सभी प्राणियों के लिए है। आज 25 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। आज पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण बड़ी तेजी के साथ हो रहा है। जो उतनी ही तेजी से ऑक्सीजन पैदा कर रहा है। श्री मिश्र ने कहा कि कोविड 19 की दूसरी लहर में लोग ऑक्सीजन की कमी के कारण तड़प रहे थे। यदि ऑक्सीजन हमारे वातावरण में कम हो जाय तो हर प्राणी के ऊपर बुरा प्रभाव पड़ेगा। ऑक्सीजन के लिए कई प्लांट लगाये गये हैं किन्तु वृक्षारोपण से हम कई गुना ऑक्सीजन पैदा कर सकते हैं। पेड़ लगाने से न केवल ऑक्सीजन पैदा होती है बल्कि जो हरा-भरा पेड़ है ये पेड़ प्रकृति का इतना सुन्दर सुनहरा रंग उसका आवरण है, हमारी धरती मां को इतना खूबसूरत कर देता है। उन्होंने कहा कि पेड़ एक सजीव प्राणी है, आप कितनी भी तकलीफमें हो एक पेड़ की छाया में बैठ जाइए तो ये सारी परेशानियां दूर कर देता है। पेड़ वो महसूस करता है, जो आप महसूस करते हैं। हमारे सभी देवी-देवताओं के साथ एक पेड़ अवश्य ही जुड़ा है। हमारे वटवृक्ष में ब्रम्हा, विष्णु, महेश सहित सभी देवी-देवता निवास करते हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने संकल्प लिया है कि हम अगले 5 वर्ष में 150 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाएंगे। इस वर्ष 35 करोड़ पेड़ लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसको पूरा करने के लिये अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया गया है। पेड़ लगाने के लिए कई तैयारियां करनी पड़ती है। वन, उद्यान एवं ग्राम्य विकास विभाग एवं सभी विभागों ने मिलकर इसकी तैयारी की। लोग अपने घरों में तुलसी, औषधीय एवं फूल-फल वाले पौधे लगाएं। यही वृक्षारोपण हमारे प्रदेश को ऊर्जा देगा। आने वाले समय में सशक्त भारत होगा।

## विधान सभा अध्यक्ष ने रोपे पौधे



**लखनऊ।** प्रदेश में चल रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान भवन परिसर में मुख्य द्वार के सामने आंवले के दो अलग.अलग स्थानों पर पौधे रोपित किये। इस अवसर पर विधान सभा सचिवालय के लगभग सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वृक्षारोपण के अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि पेड़ पौधों को बचाना एवं उनका संवर्धन करना मानव समाज की जिम्मेदारी है। पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण से पेड़ पौधे ही हमारी रक्षा कर सकतें है। इस लिए मानव समाज की जिम्मेदारी है कि प्रदेश में चल रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे रोपित कर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वहन करें।

## हरियाली बढ़ाने के लिए किया गया व्यापक पौधरोपण



**मोहनलालगंज।** पौधरोपण जन आन्दोलन अभियान के दौरान मंगलवार को मोहनलालगंज में हरियाली बढ़ाने की व्यापक मुहिम चलाई गई। सिठौली कला गांव में वन विभाग की ओर से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में विधायक अमरेश कुमार भी शामिल हुए। डिप्टी रेन्जर रईश खान और रेन्जर अरविन्द कुमार मिश्र के साथ विधायक ने हरी शंकरी के पौधे लगाए। इस दौरान विधायक ने अधिकारियों को पौधों की अच्छी तरह से देखरेख करने के निर्देश दिए। राजकीय कृषि बीज भण्डार पर संयुक्त कृषि निदेशक डीपी सिंह उपनिदेशक कृषि एके मिश्रा और जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने संयुक्त रुप से पौधरोपण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को पौधे वितरित कर हरियाली बढ़ाने की मुहिम में सहभागी बनने की अपील की गई। लखनऊ खण्ड दो शारदा नहर के सहायक अभियन्ता धनंजय तिवारी और अवर अभियन्ता तनवीर अहमद ने पतौना नहर कोठी पर पौधे लगाकर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। वहीं समेसी और गढ़ा में एडीओ कोआरपरेटिव प्रदीप कुमार ने सचिव शैलेन्द्र वर्मा व केपी सिंह और प्रधान के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस दौरान मनरेगा श्रमिकों की टोली ने बढ़.चढ़कर पौधरोपण किया। दहियर और दयालपुर समेत अन्य पंचायतों में भी पौधरोपण किया गया। बीडीओ निशान्त राय ने बताया पौधरोपण जन आन्दोलन के तहत पहले ही दिन एक लाख अड़तीस हजार पौधरोपण किया गया। बुधवार और गुरुवार को भी पौधरोपण जारी रहेगा। उन्होंने कहा सभी सचिवों को पौधों की बेहतर देखभाल कराने की हिदायत दी गई है।

## अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने राजकीय वास्तु कला महाविद्यालय प्रांगण में लगाया पौधा



**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिवए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा सूचना डा. नवनीत सहगल ने मंगलवार को वृक्षारोपण जन आन्दोलन.2022 के तहत टैगोर मार्ग स्थित राजकीय वास्तु कला महाविद्यालय प्रांगण में पौध रोपण किया। इस मौके पर डीन प्रिंसिपल फैकेलिटी ऑफ आर्किटेक्चर प्रो. वन्दना सहगल भी मौजूद थी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन से जुड़े है। वृक्ष हमारी प्राकृतिक संपदा है। वृक्षों को संरक्षित रखना हम सभी का प्रमुख कर्तव्य है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौध रोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों को वृक्षारोपण के इस अभियान में सक्रिय योदान की अपील भी की है।

## केजीएमयू से लेकर बीबीएयू तक रोपे गए पौधे



**लखनऊ।** वन महोत्सव सप्ताह के तहत मंगलवार को राजधानी लखनऊ में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौध रोपड़ किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय कि एनएसएस इकाई द्वारा बाल वन तथा युवा वन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने बाल वन युवा वन के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलेज परिसर के टैगोर लॉन और पवेलियन ग्राउंड में पौधारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के समन्वयक प्रोफेसर रूपेश कुमार ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने युवाओं को पर्यावरण तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने परांजपे ग्राउंड में पौधा रोपण कार्यक्रम में शामिल थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना नाम के अनुरुप ही समाज सेवा का संदेश देती है पर्यावरण को हराभरा, स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए पौधे लगाने चाहिए। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के हार्टिकल्चर विभाग द्वारा वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विवि परिसर में कुलपति डॉ विपिनपुरी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय को 400 पौधे उपलब्ध कराये गए, जिनको कुलपति के निर्देश पर 100 पौधे केजीएमयू प्रांगण में एवं शेष 300 पौधों को यूएचटीसी आलमबाग, आरएचटीसी बंथरा सरोजनी नगर तथा ईएचटीसी माती में रोपित कराये गए। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा आज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया।

## क्विक न्यूज

### मास्टरमाइंड छह साथियों सहित गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने दिनदहाड़े डकैती और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड राम प्रवेश राजभर को उसके छह साथियों के साथ लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। अपराधियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, लूटे गए रुपए तथा डकैती में प्रयुक्त वाहन बरामद हुआ। छानबीन में जुटी एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि पूर्वांचल के गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज और बहराइच आदि में भारतीय करेन्सी का नेपाली करेन्सी में कनवर्जन करने वाली कम्पनियों- एजेन्सियों के पैसे लाने, ले जाने वाले कैरियरों को निशाना बनाकर लूट व डकैती करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। यह भी पता चला कि महराजगंज जनपद के नौतनवा कस्बा निवासी संजय कुमार जो पूर्व में उक्त करेन्सी कनवर्जन कम्पनी एजेन्सी में कैरियर का काम करता था। अब इन्हीं एजेन्सियों के कैरियरों के आने-जाने की मुखबिरी गोरखपुर निवासी किसी राम प्रवेश नामक व्यक्ति से कराता है। सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने मंगलवार को बीबीडी थाना क्षेत्र में स्कार्पियों सवार चार बदमाशों और स्विफ्ट डिजायर में बैठे उनके तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार किया।

### दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** अलीगंज के अलग अलग क्षेत्रों में सिक्योरिटी गार्ड समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि किसी भी घटना में पुलिस को सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। अलीगंज के अहिबरनपुर सीतापुर रोड निवासी विशाल गुप्ता ने बताया कि उनके 32 वर्षीय बहनोई रिंकू मौर्या उर्फकरन भी इलाके में रहते है। सोमवार रात रिंकू ने अपने कमरे की छत पर लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रिंकू के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा व एक बेटी है। उधरए परिजनों का कहना है कि रिंकू बेरोजगार था। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक तंगी के चलते उसने सुसाइड किया है। वहीं अलीगंज के भिण्डियाटोला बड़ा चांदगंज निवासी वंदना वर्मा ने बताया कि उनके 45 वर्षीय पति संजय वर्मा सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। सोमवार देर रात उन्होंने अपने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली।

### दो ट्रक आपस में भिड़े, एक की मौके पर मौत

**लखनऊ ।** बंथरा इलाके में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने एक अन्य ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुलंदशहर जिले के नरसैना ऊंचागांव निवासी रामावतार सिंह के मुताबिक उनका 25 वर्षीय सोनू मंगलवार सुबह करीब 4 बजे अपनी ट्रक लेकर सरोजनीनगर की ओर से कानपुर की तरफ जा रहा था। इसी बीच बंथरा के जुनाब गंज तिराहे परमोहनलालगंज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक नंबर एचआर 55 ए एफ1430 ने उसकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दीए जिससे सोनू बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस की मदद से सोनू को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया गयाए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### पोस्टर विवाद में दर्ज हुआ मुकदमा

**लखनऊ।** फिल्म काली का पोस्टर जारी होने के बाद से विवाद थम नहीं रहा है। धार्मिक भावना आहत करने के आरोप में अधिवक्ता की तहरीर पर फिल्म के निर्माता और निर्देशक पर हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा के अनुसारए सिविल कोर्ट के वकील वेद प्रकाश शुक्ला की तरफसे एफआईआर कराई गई है। अधिवक्ता के अनुसार चार जुलाई को उन्हें सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्टर के बारे में पता चला। जिसमें मां काली के चित्र को गलत तरीके से दर्शाया गया है। वेद के मुताबिक पोस्टर काली नाम से बनी फिल्म का है। जिसकी निर्माता लीनामणी मेकलाई हैं। आशा एसोसिएट्स ने फिल्म प्रोड्यूस की है और संपादन श्रवण ओनाचन ने किया है। सोशल मीडिया पर यह पोस्टर काफी तेजी से वॉयरल हो रहा है। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र के मुताबिक धार्मिक भावना भड़कान आपराधिक साजिश रचने और आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार, कब्जे से जेवरात बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की विकासनगर पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन जेवरात व तमंचा बरामद किया है। इंस्पेक्टर विकासनगर तेज बहादुर सिंह का कहना है पकड़े गये शातिर किस्म के लुटेरे हैं जिन्होंने कई थाना इलाके में लूट की घटना को अंजाम दिया है। एसीपी महानगर जया शांडिल्य ने बताया कि इलाके में बढ़ रही लूट की घटनाओं को देखते हुए विकासनगर इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और लुटेरों को गिरफ्तार करने के लिए आदेशित किया। पुलिस टीम गिरफ्तार करने के लिए विचार विमर्श कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर लुटेरे किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में मौजूद हैं। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर तीनों शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम कुर्सी रोड गुडम्बा निवासी शिवा सिंह उपरोक्त निवासी रितेश कुमार प्रजापति व जानकीपुरम निवासी आकाश वर्मा बताया।

## कानपुर हिंसा मामला

# फरार चल रहा बिल्डर मो. वसी लखनऊ से गिरफ्तार

● क्राइम ब्रांच और एसआईटी की संयुक्त टीम ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** में नई सड़क हिंसा में क्राउड फंडिंग करने के आरोपी बिल्डर मोहम्मद वसी को क्राइम ब्रांच और एसआईटी की टीम ने बीते सोमवार की देर रात लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया। वसी को कानपुर लाया गया जहां पर उससे विस्तृत पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया।

उल्लेखनीय है कि 3 जून को नई सड़क में पथराव आगजनी हुई थी इस मामले में पुलिस ने हयात ज फर हाशमी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना में फंडिंग करने वाले बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार बाबा को भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। मुख्तार बाबा और हयात जफर हाशमी से पूछताछ में बिल्डर मोहम्मद वसी का नाम सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू ले लिया था। क्राइम ब्रांच और एसआईटी की टीम पिछले 15 दिनों से वसी की तलाश कर रही थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मोहम्मद वसी ने दिल्ली में फ रारी काटी। इसके बाद वह लखनऊ आ गया था। यहां से वह विदेश भागने की फि राक में था जिसके लिए उसने दस्तावेज तैयार करा लिए थे। सटीक सूचना के आधार पर उसे अमौसी एयरपोर्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

बिल्डर से पूछताछ कर पुलिस यह जानकारी करने की कोशिश कर रही है कि उसने किसको कब कैसे और कहां पर फंड उपलब्ध कराया। फंडिंग करने में उसे कहीं से निर्देश मिले थे की नहीं। बिल्डर के नाम के साथ कई पुराने अपराधिक मामले भी जुड़े हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इन सभी मामलों में जांच पड़ताल कर उसी के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो मोबाइल चोर गिरफ्तार कब्जे से 12 मोबाइल बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की सैरपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के एक दर्जन मोबाइल फोन व एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह भीड़ भाड़ वाले स्थानो पर घूमता है और फिर मौका पाते ही मोबाइल व पर्स पर हाथ साफ कर देता है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर सैरपुर ए अहमद अंसारी ने बताया कि इलाके में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए गिरोह पर शिकंजा कसने के लिए एक टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम उसी सम्बंध में पुलिस टीम विचार विमर्श कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर चोर चोरी के मोबाइल फोन बेचने के लिए किसी ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने ततकाल मौके पर पहुंचकर दोनों शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गुडम्बा निवासी सूरज पाल व उपरोक्त निवासी सोनू बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किये हुए विभिन्न कम्पनियों के 12 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह इलाके में काफी समय से सक्रीय था और वारदात को अंजाम दे रहा था।

## गुजरात से वांछित ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साइबर** पुलिस स्टेशन बडोदरा, गुजरात से वांछित फर्जी लाटरी के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को एसटीएफ ने लखनऊ के विभूतिखंड थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

बीते कुछ समय से मिल रही सूचनाओं के बाद एसटीएफ की टीमें ऑनलाइन फ्राड करने वाले गिरोह के संबंध में छानबीन कर रही थीं। इस दौरान वीएन पटेल प्रभारी निरीक्षक, साइबर पुलिस स्टेशन, बडोदरा शहर के पत्र द्वारा यूपी एसटीएफ से धारा 420, 120 बी, 465, 467, 468, 471 भादवि एवं 66 सी, 66 डी आईटी एक्ट में वांछित मुख्य अभियुक्त राहुल मौर्या उर्फ उदय मौर्या के गिरफ्तारी में सहयोग का अनुरोध किया गया।छानबीन के दौरान मिली सटीक जानकारी के आधार पर एसटीएफ टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक, साइबर पुलिस स्टेशन, बडोदरा शहर के साथ विभूतिखंड थाना क्षेत्र में अवध बस स्टाप के सामने से राहुल मौर्या निवासी ग्राम रामपुर, थाना महराजगंज, आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार



अभियुक्त राहुल मौर्या ने बताया कि अपने साथी डब्लू कुमार, संदीप मौर्या, विशाल कुमार वर्मा व संजय कुमार के साथ बडोदरा गुजरात शहर में फर्जी आईडी पर बैंक खाता खुलवाता था तथा फर्जी लाटरी के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले जमुई (बिहार) के श्रवण कुमार को बैंक खाता उपलब्ध कराता था तथा उसी खाते में श्रवण कुमार ठगी का पैसा ऑनलाइन भेजता था । जिसको कमीशन काटकर श्रवण कुमार के दूसरे खाते में ट्रान्सफर कर देते थे। उसने बताया कि अभी कुछ दिन पहले गुजरात पुलिस द्वारा मेरे साथी विशाल वर्मा व संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया था तथा मेरे घर पर भी दबिश दी गयी थी। तभी से मैं अपना मोबाइल फेंककर लखनऊ चला आया तथा यही पर छिपकर रह रहा था । साथ ही यह भी बताया कि इसके पूर्व में भी थाना कलवारी, जनपद बस्ती से जेल जा चुका है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**लखनऊ।** बिजनौर व आलमबाग इलाके में दो युवकों ने सड़क हादसे में दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की छानबीन शुरू कर दी। मूल रूप से जनपद गाजीपुर निवासी सच्चिदानंद पाण्डेय ने बताया कि उनका बेटा मिथलेश कुमार पाण्डेय निलमथा कैंट इलाके में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। रविवार रात वह अपनी ड्यूटी खत्म कर साइकिल से वापस घर जा रहाथा। इसी दौरान सरवन खेड़ा के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती करायाए जहां इलाज के दौरानउसकी मौत हो गई। उधरए आलमबाग के एसएस 283 सेक्टर.एच एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड निवासी सौरभ गुप्ता ने बताया कि उनके छोटे भाई गौरव गुप्ता की अमीनाबाद में दुकान है। सोमवार देर रात वह दुकान बंद कर स्कूटी से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान लोक चौराहे के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। घायल हालत में उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## करोंड़ों की ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

**लखनऊ।** मुम्बई के बिल्डर दीपक शर्मा को रेत खनन ठेके में पार्टनरशिप देने का दावा करने वाले आनन्द सिंह उर्फ त्रिकालदर्शी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गिरोह के सदस्यों की मदद से नौ करोड़ 50 लाखरुपये ऐंठे थे। इंस्पेक्टर दिलीप सिंह के मुताबिक 23 जुलाई 2021 को मुम्बई मलाड निवासी दीपक शर्मा ने विभूतिखंड कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बांदानिवासी आनन्द सिंह उर्फ त्रिकालदर्शी राजीव लोचन पालीवाल नवनीत सिंह भदौरिया और विजय पाल आरोपी थे। वर्तमान में आनन्द सिंह पीजीआई वृंदावन एल्डिको सिटी में किराए के मकान में रह रहा है। सर्विलांस के जरिए आरोपीकी लोकेशन में मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने दीपक शर्मा को हमीरपुर में मौरंग ठेका दिलाने की बात कही थी। मेसर्स नैचुरत बिल्डर्स के नाम से फर्म चलाने वाले दीपक और आनन्द सिंह के बीच विभूतिखंड स्थितहोटल में डील हुई थी। इसके बाद दीपक ने करीब नौ करोड़ 50 लाख रुपये का निवेश किया। लेकिन उन्हें खनन से हुआ मुनाफे में हिस्सा नहीं दिया गया।

# सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर: एडीजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एडीजी** कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की अपेक्षानुसार सोशल मीडिया पर और अधिक सतर्कता बढ़ाते हुए जनशिकायतों का शत्-प्रतिशत् निस्तारण कराया गया । उप्र पुलिस की सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर औसत रिस्पांस समय को 15 मिनट से घटाकर 8 मिनट किया गया । विगत 100 दिवस में सोशल मीडिया पर अफवाह व भ्रामक सूचना फैलाने से संबंधित पोस्ट किए जाने पर कुल 45 प्रकरणों में विभिन्न जनपदों में 638 एफआईआर पंजीकृत करायी गयी है।

एडीजी कानून व्यवस्था ने बताया कि विगत 100 दिवस में यूपी पुलिस के ट्विटर हैण्डिल को टैग करके आमजन द्वारा किए गए ट्वीट को आवश्यक कार्रवाई के लिए सम्बन्धित जनपद को प्रेषित किया गया तथा कुल 638 प्रकरणों में एफआईआर पंजीकृत करायी गई। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था से संबंधित भ्रामक खबरों के खंडन के लिए अलग से ट्विटर हैंडल प्रचलित है, जिसके माध्यम से अफवाह एवं भ्रामक खबरों का खंडन किए जाने के साथ-साथ संबंधित के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाती है । साथ ही समस्त जनपदों के द्वारा भी अपने-अपने ट्विटर हैंडल से भ्रामक खबरों का खंडन कराया जाता है । उक्त अवधि में समस्त जनपदों के द्वारा कुल 218 भ्रामक खबरों का खंडन किया गया है। उक्त अवधि में शासन की नीतियों तथा पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के संबंध में डीजीपी एवं एडीजी कानून व्यवस्था द्वारा दी गयी 14 वीडियो बाइट को ट्विटर हैंडल से अपलोड किया गया। सभी जनपदों द्वारा उक्त अवधि में घटनाओं की तथ्यात्मक जानकारी पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों तथा शासन की नीतियों के सन्दर्भ में कुल 3322 वीडियो बाइट को अपलोड किया गया।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Indian Overseas Bank (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
क्षेत्रीय कार्यालय–लखनऊ | केन्द्रीय कार्यालय–चेन्नई

**नीलामी सूचना**

**नीलामी का दिनांक व समय-27.07.2022, दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक,**
**नीलामी का स्थान- गोमती नगर, फेज़-II शाखा, कठौता चौराहा, विनम्र खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**
**ईएमडी व बिड जमा करने की अन्तिम तिथि-26.07.2022, सायं 4:00 बजे तक**

**अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्ति का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002, सपठित नियम 8(6) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के प्रावधानों के आधार पर अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत बैंक बंधक अचल सम्पत्ति की नीलामी**
यह सूचना आम तौर पर जनता के लिए और विशेष रूप से **ऋणी(ओं), बंधककर्ता(ओं), ज़मानतकर्ता(ओं), निदेशकों व कानूनी उत्तराधिकारियों** को दी जाती है, कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/भारित है, प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार) द्वारा सम्पत्ति का सांकेतिक कब्ज़ा लिया जा चुका है, के द्वारा **"जहाँ है जैसा है", "जैसा है जो है"** और **"जो कुछ भी है"**, के आधार पर उपरोक्त लिखित दिनांक को **ऋणी(ओं), बंधककर्ता(ओं), ज़मानतकर्ता(ओं), निदेशकों व कानूनी उत्तराधिकारियों** की सम्पत्ति की बिक्री कर उल्लिखित बकाया धनराशि व भविष्य के ब्याज एवं अन्य खर्चे जो कि इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार) को वसूल करना है। आरक्षित मूल्य व ईएमडी धनराशि निम्नलिखित हैं। नीलामी बैंक की सम्बन्धित शाखा में मैन्युअल सम्पन्न होगी।

| ऋणी/निदेशक/ज़मानतकर्ताओं/बंधककर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम एवं पता | अचल सम्पत्तियों का विवरण | बकाया धनराशि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| शाखा–गोमती नगर, फेज़–II शाखा, कठौता चौराहा, विनम्र खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ फोन–0522–27213001, ईमेल: iob1728@iob.in | | | |
| **ऋणी–मेसर्स काक इंटरप्राइजेज (प्रोप. अवधेश शर्मा,** पता– एल–2/563, विनीत खंड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010 **ज़मानतकर्ता–श्रीमती प्रिया शर्मा पत्नी श्री अवधेश शर्मा,** निवासी एल–2/563, विनीत खंड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010 | सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से निहित प्लॉट नं. 25ए, खसरा नं. 414SA, व 414SAMI (मिन.) ग्राम रूदही, परगना महाना, तहसील बक्शी का तालाब, जिला लखनऊ **क्षेत्रफल: 52.276 वर्ग मी. मालिक श्रीमती प्रिया शर्मा, चौहद्दी:– पूर्व:** 22 फीट चौड़ी रोड, **पश्चिम:** प्लॉट नं. 30, **उत्तर:** प्लॉट नं. 25बी, **दक्षिण:** प्लॉट नं. 24 | रू. 4,51,340.43 दिनांक 30.06.2022 तक+ भविष्य की लागत ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे | रू. 4,30,200/– / रू. 43,020/– / रू. 5,000/– |

ईएमडी जमा खाता विवरण– खाता सं.: 17280113301010, IFSC Code: IOBA0001728, शाखा कोड: 1728

*Bank's dues have priority over the Statutory dues.
नियम व शर्तों के अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.iob.in/tender.aspx; https://www.publishtenders.gov.in का अवलोकन करें।
उपरोक्त सम्पत्ति निरीक्षण अथवा सम्पत्ति की नीलामी मे भाग लेने के लिए अथवा रूचि लेने वाले खरीद्दार कृपया उल्लिखित सम्बंधित शाखा प्रबंधक/प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें।
नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
दिनांक: 06.07.2022 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 6 जुलाई, 2022



# फ्लैट की नहीं कराई रजिस्ट्री तो निरस्त होगा आवंटन

● एलडीए उपाध्यक्ष ने अनिबंधित व अनावंटित फ्लैटों की सूची तैयार करने के दिये निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अब** कॉरपोरेट कंपनियों की तर्ज पर काम करते हुए एलडीए सम्पत्तियों को बेचा जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण में टोलफ्री कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगाए जहां तैनात कर्मचारियों द्वारा लोगों को कॉल करके सम्पत्तियों की जानकारी दी जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष ने इस सम्बंध में आदेश जारी किये हैं। उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में अनिबंधित व अनावंटित फ्लैटों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिये हैं। मंगलवार को फ्लैटों सहित संपत्तियों का कॉरपोरेट कंपनियों की तरह काम करते हुए एलडीए विक्रय करेगा। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अनिबंधित फ्लैट के आवंटियों का नाम, पता, मोबाइल नंबर, सम्पत्ति व कुल जमा धनराशि का विवरण तैयार कराया जाएगा। इसके बाद जिन आवंटियों द्वारा निर्धारित समयावधि में निबंधन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं कराई गई है। उनको नोटिस प्रेषित करने के बाद सम्पत्ति के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त अनावंटित फ्लैटों की सूची फ्लैट नंबर सहित तैयार कराई जाएगीए जिन्हें पहले आओ.पहले पाओ योजना के अंतर्गत बेचा जाएगा। उन्होंने बताया कि फ्लैटों की बिक्री का कार्य कॉरपोरेट कंपनियों की तर्ज पर किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण में टोलफ्री कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगाए जिसमें सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई जाएगी। इस कार्य के लिए कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके अलावा विक्रय की सम्पत्तियों का सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स, पम्फ्लेट से व्यापक प्रचार.प्रसार कराया जाएगा। बल्क एसएमएस भी भेजे जाएंगे, जिनमें खाली फ्लैटों की जानकारी से सम्बंधित वेबलिंक संलग्न होगा। उपाध्यक्ष ने खाली पड़े फ्लैटों के बल्क विक्रय हेतु राज्य सम्पत्तिए सचिवालय प्रशासनए बैंकए रेलवे समेत अन्य संस्थाओं के साथ बैठक करने के भी निर्देश दिये हैं।

## अभियंताओं को मिलेगा सेल का टारगेट

**उपाध्यक्ष** डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने खाली पड़े फ्लैटों के विक्रय के लिए सम्बंधित अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने मुख्य अभियंता अवधेश तिवारी को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं में स्थित फ्लैटों का निरीक्षण कराया जाए। अगर इनमें कुछ कमियां हैं तो उसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाए।

# शारदा नगर में अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहर** में एलडीए द्वारा बिना स्वीकृत अवैध निर्माण के खिलाफ कारवाई की गयी। बिना स्वीकृ त शारदा नगर के भदरूख में अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। यह निर्माण 185.73 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में भूतल पर कमरों का निर्माण कराया गया था, जिसके बाद कार्रवाई की गयी।

मंगलवार को शारदानरगर में एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी के आदेश पर कड़ी कार्रवाई की गयी। ठाकुरगंज क्षेत्र के जोन.2 के जोनल अधिकारी विहित प्राधिकारी डीके सिंह ने बताया कि बिरेन्द्र कुमार एवं वीरेश कुमार सोनकर पुत्रगण अशर्फी लाल द्वारा बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये भूखण्ड संख्या.3ए खसरा संख्या.561 का मिनजुमला, रश्मिलोक, रश्मिखण्ड के पास, भदरूख, शारदा नगर योजना में लगभग 185.73 वर्ग मीटर क्षेत्रफ्ल में भूतल पर कमरों का निर्माण कराया गया था। इसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या.368/2020 योजित किया गया था। इसके बाद भी विपक्षी द्वारा कोई अभिलेखीय साक्ष्य निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर अवैध निर्माण को धवस्त किये जाने के आदेश पारित किये गए थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता नवीन शर्मा के नेतृत्व में अवर अभियंता बिजेन्द्र सिंह व संजय मिश्रा द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल व स्थानीय थाने की पुलिस के सहयोग से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।

## सीएमएस छात्र को उच्चशिक्षा का आफर



**लखनऊ।** सिटी मान्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के छात्र उत्तम सिंह को आस्ट्रेलिया एवं अमेरिका के चार विश्वविद्यालयों से उच्चशिक्षा की पढ़ाई हेतु ऑफर मिला है। इन विश्वविद्यालयों में आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स, यूनिवर्सिटी ऑफ एडिलेड व आरएमआईटी एवं अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी शामिल है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि उत्तम ने इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सीएमएस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के -रु39यौक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस प्रतिभाशली छात्र के उज्जव भविष्य की कामना की है।

## अनिल दुबे सहित आरएलडी के पांच राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अनिल दुबे को पार्टी का नया राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया है। दुबे के साथ ही मो. इस्लाम, पवन आगरी, मनीषा अहलावत, निशा चौधरी और भूपेन्द्र चौधरी को भी राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है।

## खून के अवैध कारोबार में पैथोलॉजिस्ट के भूमिका की होगी जांच

**लखनऊ।** पिछले दिनों ब्लड के अवैध कारोबार की शिकायत पर ठाकुरगंज स्थित निजी ब्लड बैंक पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई के बाद एफएसडीए ने पैथोलॉजिस्ट के भूमिका की जांच करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि चूंकि ब्लड बैंकों के लाइसेंस के लिए पैथोलॉजिस्ट की जरूरत होती है। बिना पैथोलॉजिस्ट ब्लड बैंक का लाइसेंस जारी नहीं किया जाता है। इसलिए इनके भूमिका की जांच करना जरूरी है। लखनऊ में 30 प्राइवेट और छह सरकारी अस्पतालों में ब्लड बैंक का संचालन हो रहा है। चार चैरिटेबल ब्लड बैंकों में छापेमारी हो चुकी है। इनमें दूसरे राज्यों से खून की आपूर्ति का भंडाफोड़ पिछले दिनों संयुक्त कार्रवाई के दौरान हुआ है। कार्रवाई के बाद खून की नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं अधिकारियों का यह भी कहना है कि इन ब्लड बैंकों में डॉक्टरों की भूमिका जांची जाएगी।

## कर्मचारी परिषद प्रतिनिधिमण्डल मिला एमडी सेतु निगम से



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम संयुक्त कर्मचारी परिषद का एक प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को नव नियुक्त प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश सेतु निगम संजीव भारद्वाज से मिला। प्रतिनिधिमण्डल ने नवनियुक्त प्रबन्ध निदेशक संजीव भारद्वाज को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधि मंडल में संतोष कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, शिव कुमार तिवारी महामंत्री, विजय कुमार मिश्र लखनऊ शाखा महामंत्री, शाखा अध्यक्ष शिव कुमार एवं सह महामंत्री अरुण श्रीवास्तव, मंत्री दिनेश तिवारी शामिल थे। एमडी सेतु निगम से मुलाकात करने के दौरान प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कर्मचारियों की मांगों को भी उनके सम्मुख रखा। नवनियुक्त प्रबन्ध निदेशक को अवगत कराया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर पूर्व प्रबन्ध निदेशक को ज्ञापन दिया जा चुका है।

## राकेश पाण्डेय ने संभाला कार्यभार

**लखनऊ।** लखनऊ के नए जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश पाण्डेय ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कार्यालय के अधिकारियों और लिपिक संवर्क के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान स्कूलों और बच्चों की सूचना विभाग की वेबसाइट पर अपलोड न होने पर नाराजगी भी जतायी। उन्होंने मातहत अधिकारियों को निर्देश जारी किये कि दो से तीन दिन के भीतर सभी स्कूल खुद की वेबसाइट व वेबपेज बनाएं। बच्चों की संख्या, ई मेल आईडी की सूचना माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट के पोर्टल पर अपलोड करें।

## दोस्तो संग तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**मोहनलालगंज।** दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए युवक की डूबकर मौत हो गई। साथी को बचाने की कोशिश में दोनों दोस्त बाल.बाल बच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहनलालगंज के सोहावा गांव में साल भर पहले खेत में मिट्टी खनन से गहरा गड्ढा बन गया। इन दिनों हुई बारिश में जलभराव के बाद गड्ढे ने तालाब की शक्ल ले ली। मंगलवार को रिश्तेदारी में सोहावा आया औरंगाबाद निवासी अभिषेक पाल अपने दोस्तों अमन और शोभित के साथ इसी गड्ढे को तालाब समझकर नहाने पहुंच गया। नहाते समय अचानक गहरे पानी में पहुंचने पर अभिषेक डूबने लगा। उसे बचाने की कोशिश में अमन और शोभित भी गहराई में जाने लगे। किसी तरह खुद को संभालकर दोनों अभिषेक को बचाने के लिए मदद के लिए शोर मचाते हुए भागे। शोर सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक अभिषेक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर बेटे के मौत की खबर मिलते ही अभिषेक के परिजन बेसुध हो गए।

## इंडियन बैंक में सेमिनार का आयोजन



**लखनऊ।** सोमवार को इंडियन बैंक के स्टाफ कॉलेज, लखनऊ में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए पीएफएमएस पोर्टल एवं एसएनए खातों के संबंध में एक सेमिनार का आयोजन इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख श्री प्राणेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस सेमिनार के अंतर्गत पीएफएमएस पोर्टल के विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर पीपीटी के माध्यम से विस्तृत चर्चा की गई। पीएफएमएस पोर्टल, भारत सरकार की सभी योजनाओं और कार्यक्रम कार्यान्वयन के सभी स्तरों पर खर्च की वास्तविक समय रिपोर्टिंग एवं जारी किए गए फंडों की ट्रेकिंग के लिए एक वेब आधारित ऑनलाइन सॉफ्टवेर एप्लीकेशन है, जिसे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग तथा नियंत्रक महाप्रबंधक द्वारा विकसित एवं कार्यान्वित किया जाता है।

## उपभोक्ताओं के लिए लागू है एकमुश्त समाधान योजना

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश सरकार ने बकायेदार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त विद्युत भार वाले घरेलू (एलएमवी-1) एवं निजी नलकूप 4 (एलएमवी-5) तथा 5 किलोवाट विद्युत भार के वाणिज्यक (एमएमवी-2) श्रेणियों के उपभोक्ताओं को अप्रैल, 2022 तक के विलम्बित अधिभार (ब्याज)/सरचार्ज में शत-प्रतिशत छूट प्रदान करते हुए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू है। इस योजना की अवधि को उपभोक्ता हित में 30 जून से बढ़ाकर 15 जुलाई, 2022 कर दी गयी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अब तक ओटीएस योजना का 31 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने लाभ लेकर अपने बकाये बिल से मुक्ति पाई हैं। योजनान्तर्गत 01 लाख रुपये तक के बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए अधिकतम 6 किश्तों में भुगतान की व्यवस्था थी। 01 लाख रुपये से ऊपर के बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए अधिकतम 12 किश्तों में भुगतान की सुविधा प्रदान की गयी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता अधिशासी अभियन्ता/एसडीओ कार्यालय/सीएससी केन्द्रों व विद्युत सखी से सम्पर्क करे।

# एकेटीयू का सीएएस स्टूडेंट्स को सिखाएगा ड्रोन उड़ाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ड्रोन** के बढ़ते उपयोगी को देखते हुए डॉ एपीजे अब्दुल कलॉम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फार एडवांस स्टडीज की तरफ से स्टूडेंट्स को ड्रोन उड़ाने की जानकारी दी जायेगी। वर्तमान समय में ड्रोन का उपयोग फोटोग्राफी से लेकर सुरक्षा तक हो रही है। इसके पीछे विवि का मानना है कि आधुनिक ड्रोन उच्च तकनीकी से लैस हैं। ऐसे में ड्रोन की पूरी जानकारी होना भी आवश्यक है। जिससे कि इनका सही से प्रयोग किया जा सके। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज की ओर से ड्रोन तकनीकी पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 29 और 30 जुलाई को किया जा रहा है। इस कार्यशाला में छात्रों को ड्रोन के विभिन्न आयामों की विशेषज्ञ जानकारी देंगे। इसमें ड्रोन के उड़ान की प्राथमिक जानकारी, ड्रोन की बनावट, ड्रोन उड़ान का प्रैक्टिकल किया जाएगा। इसके अलावा उड़ान सत्र और ड्रोन से लेने वाले चित्र, उड़ान के पहले और बाद की जांच और मैपिंग की जानकारी कार्यशाला में दी जाएगी।

विवि के जनसंपर्क अधिकारी डॉ पवन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में ड्रोन तकनीक सीखने के लिए बीटेक तृतीय व चतुर्थ वर्ष के छात्र भाग ले सकते हैं। कार्यशाला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए छात्र 25 जुलाई तक निशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं।

# दवा विज्ञान संस्थान में साइंटिफिक एडवायजरी बोर्ड का गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दवा** विज्ञान संस्थान लखनऊ विश्वविधालय में साइंटिफिक एडवाइजरी बोर्ड का गठन विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के अनुमोदन के उपरान्त हो गया है। एडवाइजरी बोर्ड के गठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों, विद्यार्थियों को वर्ल्ड क्लास शैक्षणिक एवं शोध के द्वारा वैश्विक स्तर देना है। एडवाइजरी बोर्ड के गठन में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय उच्च स्तर के 10 प्रतिष्ठित एकेडमिशियन, रिसर्चर एंड फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रियलिस्ट शामिल हैं। विवि स्तर पर गठित एडवायजरी बोर्ड में सीएसआईआर-सीडीआरआई के पूर्व निदेशक डॉ नित्यानंद , डॉ एचएस गौर यूनिवर्सिटी के पूर्व हेड प्रो नरेंद्र कुमार, जिनका एच इंडेक्स 103 है, जिनके द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों को फार्मूलेशन एवं ड्रग डिलीवरी की विश्वस्तरीय ज्ञान प्रदान होगा। बायोटेक्नोलॉजी के फार्मर हेड प्रो पीके सेठ छात्रों को बायो टेक्नोलॉजी सम्बंधित सभी जानकारी देंगे। सीडीआरआई के पूर्व निदेशक डॉ वीपी कम्बोज, जो की 2005-06 में नेशनल साइंस अकेडमी ऑफ इंडिया के राष्ट्रपति रह चुके है। बायोटेक्नोलॉजी पार्क के सीईओ डा अजय कुमार, डीसीजीआई के पूर्व मेम्बर डा जीएन सिंह के अलावा कई अन्य एक्सपर्ट रखे गये हैं। निदेशक आईपीएस प्रो पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया की एडवायजरी बोर्ड के सदस्य ग्लोबल रेंक के है।

## नवीन परिसर का किया मॉक विजिट

**21**, 22 और 23 जुलाई को विवि के दौरे पर आने वाली नैक की टीम के निरीक्षण को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय अपनी तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। इसी क्रम में विशेषज्ञों की खास आमंत्रित टीम ने आज विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर का मॉक विजिट संपन्न किया। विशेषज्ञों की टीम जिसमें एनएएसी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर ए एन राय, प्रोफेसर रमेश शर्मा एवं डॉ रमा कोंडपल्ली शामिल हैं, ने दूसरे परिसर में मौजूद विभिन्न केंद्र, संकायों व छात्रावासों का आज निरीक्षण किया। विशेषज्ञों ने विश्वविद्यालय कि दूसरे परिसर की तैयारी को सराहा एवं उसे बेहतर करने के अपने सुझाव अधिकारियों के साथ साझा किए। द्वितीय परिसर के साथ-साथ विश्वविद्यालय के प्रथम परिसर के महमूदाबाद छात्रावास, कैलाश छात्रावास व डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया गया।

# परिषदीय विद्यालयों में त्रि-स्तरीय होगी छात्रों की मानीटरिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा विभाग में व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले 60 लाख छात्र-छात्राओं की मॉनिटरिंग के लिए तीन स्तरीय टास्क फोर्स का गठन करेगा। जिससे निपुण भारत योजना के तहत कक्षा एक से तीन तक के बच्चों की भाषा व गणित मजबूत हो सके। निपुण भारत योजना के क्रियान्वयन को लेकर राज्य स्तर पर मुख्य सचिव, जिलों में जिलाधिकारी व ब्लाकों में खंड शिक्षा अधिकारियों की अध्यक्षता में टीमें गठित की गई हैं। बता दें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2026-27 तक प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की साक्षरता व संख्या ज्ञान कराने के लिए राष्ट्रीय मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान मिशन यानी निपुण भारत शुरू किया है। मिशन के तहत प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक में 60 लाख छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं, इन्हें मार्च 2026 तक कक्षा के अनुसार योग्य बनाया जाना है। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस योजना को पूरी करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि इससे बच्चे की क्षमता संवर्धन होगी।

# यूपीएमआरसी ने पूर्व एमडी की सेवाओं का जताया आभार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपीएमआरसी** के पूर्व प्रबंध निदेशक कुमार केशव के विदाई समारोह का आयोजन ट्रांसपोर्ट नगर डिपो में किया गया। विदाई समारोह पर कार्यवाहक प्रबंध निदेशक, निदेशक रोलिंग स्टॉक, निदेशक वित्त ने यूपीएमआरसी परिवार की ओर से राम दरबार दिया। इस यादगार शाम सभी अधिकारियों ने केशव के साथ जुड़ी अपनी यादों और अनुभवों को साझा किया। 5 लोगों की टीम के साथ अपने सफ़र की शुरूआत करने वाली एक कंपनी वर्तमान में कुमार केशव के मार्गदर्शन में एक विश्व स्तरीय संस्था का रूप ले चुकी है।

मंगलवार को विदाई समारोह में कार्यवाहक प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, जिनका कुमार केशव के साथ लंबा कार्यानुभव रहा है। उन्होंने इस अवसर पर पूरी टीम को निरंतर प्रोत्साहित करते रहने और कंपनी के सभी परियोजनाओं के संचालन और निष्पादन में गहरी सहभागिता के लिए उनका आभार जताया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व एमडी ने कहा कि आज आप सभी को अलविदा कहते हुए मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं अपना एक हिस्सा पीछे छोड़कर जा रहा हूं। एक अद्भुत टीम के साथ यह मेरी यह यात्रा भी अद्भुत रही है। आप सब मेरे लिए मेरे परिवार से कम नहीं है।

# माध्यमिक शिक्षा विभाग में तबादलों को लेकर विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वास्थ्य** विभाग के बाद अब माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी तबादलों को लेकर विरोध शुरू हो गया है। कर्मचारियों के स्थानांतरण को लेकर अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला के आदेश पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। आरोप है कि इन तबादलों में नीतियों की अनदेखी की गई है। साथ ही सरकार से सत्र 2022-23 में हुए सभी स्थानांतरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। उत्तर प्रदेश एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विवेक यादव और प्रांतीय महामंत्री राजेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि कार्मिक विभाग द्वारा सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों की वार्षिक स्थानान्तरण नीति वर्ष 2022-23 के लिए 15 जून को आदेश जारी किए गए थे। इसके अनुसार समूह ग और समूह घ के कार्मिकों के स्थानान्तरण संवर्गवार कुल कार्यरत कर्मिकों की संख्या के अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा तक किये जाने थे। निर्धारित 10 प्रतिशत से अधिक और अधिकतम 20 प्रतिशत की सीमा तक स्थानान्तरण अपरिहार्यता की स्थिति में प्रशासकीय विभाग द्वारा विभागीय मंत्री के अनुमोदन से स्थानान्तरण किये जाने थे। कर्मचारी संघ पूरी तरह से इससे सहमत है। इसके बावजूद अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा की ओर से 17 जून को अलग से आदेश निर्गत किया गया। जिसको आधार बनाकर शत-प्रतिशत कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। इसी स्थानांतरण के लेकर कर्मचारी संगठन विरोध कर रहा है।

# पहले पति खोया अब डेथ सर्टिफिकेट के लिए लगाने पड़ रहे चक्कर

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**पहले** पति को खोया अब डेथ सर्टिफिकेट के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हालांकि सचिव और ब्लाक अधिकारी डिजिटल सिग्नेचर काम नहीं करने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। उधर डेथ सर्टिफ्किट के अभाव में बेसहारा परिवार के आर्थिक सहायता का आवेदन लटक गया है। जिससे बेबस परिवार को सरकारी मदद का मरहम नहीं लग पा रहा है।

मोहनलालगंज के नन्दौली निवासी अयोध्या प्रसाद का बीमारी से 13 जून को निधन हो गया। अयोध्या के इलाज में परिवार की सारी गृहस्थी और घर का राशन तक बिक गया। ऐसे में परिवार की माली हालत बेहद खराब है। एसडीएम शुभी सिंह ने मामले की जानकारी पाकर लेखपाल से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के निर्देश दिए। आर्थिक सहायता के आवेदन के लिए लेखपाल ने डेथ सर्टिफिकेट मांगा है। बेसहारा विमला पति का डेथ सर्टिफिकेट बनवाने के लिए माह भर से ब्लाक के चक्कर काट रही है। लेकिन ब्लाक अधिकारी डिजिटल सिग्नेचर नहीं काम करने की बात कहकर उसे टरका रहे हैं। उधर डेथ सर्टिफ्किट के अभाव में बेसहारा परिवार को आर्थिक सहायता के लिए अब तक आवेदन नहीं हो सका है। ग्राम पंचायत नन्दौली का यह अकेला मामला नहीं है बल्कि ऐसे कई आवेदक डेथ सर्टिफ्किट के लिए महीनों से भटक रहे हैं। फ्रि भी उनकी समस्या का निराकरण नहीं कराया जा सका है।

**क्या कहते हैं बीडीओ**

बीडीओ निशान्त राय ने बताया नन्दौली में डिजिटल सिग्नेचर की समस्या से आनलाइन डेथ सर्टिफ्किट नहीं बन पा रहे हैं। एडीओ पंचायत को उच्च अधिकारियों से सम्पर्क कर समस्या का निदान कराने के लिए कहा गया है।

**क्या कहते हैं डीपीआरओ**

डीपीआरओ शाश्वत आनन्द सिंह ने बताया लखनऊ में कुछ पंचायतों में डिजिटल सिग्नेचर की समस्या है। स्वास्थ्य विभाग से कई पंचायतों के डिजिटल सिग्नेचर दुरुस्त कराए जा चुके हैं। इस बारे में भी पता लगाकर निदान कराया जाएगा।

# पेज एक का शेष

## संविधान विरोधी...

मूल्यों का भी अपमान किया। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हें मंत्रालय से बाहर कर दिया जाना चाहिए। अन्यथा, हम उनके खिलाफ कानूनी कार्वाई की मांग करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने भी चेरियन को तत्काल हटाने की मांग की और कहा कि उन्हें क्षण भर के लिए भी पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि संविधान के प्रति मार्क्सवादी पार्टी के नेताओं का अनादर चेरियन के शब्दों के माध्यम से सामने आ गया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, मंत्री ने न केवल उस संविधान का अपमान किया है जिसकी उन्होंने शपथ ली थी, बल्कि बाबा साहेब आम्बेडकर और भारत के आदर्शों का भी अपमान किया है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या तुरंत हटाया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, जिस संविधान की उन्होंने शपथ ली, उस पर सबसे अप्रिय टिप्पणी करने वाले चेरियन को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए।

## वन संरक्षण...

प्रेमी भैयाराम यादव आदि को सम्मानित किया। पौराणित तीर्थ चित्रकूट से वन महोत्सव 2022 का आगाज करने के बाद के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चित्रकूट की पावन धरा सनातन धर्म की प्रमुख श्रद्धा की केंद्र रहीं है। प्रभु श्रीराम ने भी वनवास काल का सर्वाधिक समय व्यतीत करने के लिए चित्रकूट की ही पवित्र धरती को चुना। इस तीर्थ में आना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। त्रेतायुग में यह धरती वनों से आच्छादित थी, लेकिन धीरे-धीरे आबादी बढ़ने और वनों का कटान होने से असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है। कंकरीट का जंगल बढ़ने से पूरे विश्व के समक्ष ग्लोबल वार्मिंग का संकट खड़ा हो गया है। जिसका खामियाजा पूरे विश्व के जीव जन्तुओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान चित्रकूट के जंगलों में रामायण कालीन पौधों का रोपण किया जायेगा। सीएम ने सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए बताया कि पांच साल में सौ करोड़ पौधों का रोपण किया गया है। उन्होंने बताया कि वृक्षों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा नई मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत सौ वर्ष पुराने वृक्षों को चिन्हित कर उन्हे हैरिटेज वृक्ष घोषित कर उनकी विशेष रूप से देखरेख की जायेगी। उन्होंने कहा कि बरगद, नीम, पीपल और अर्जुन आदि के वृक्ष सृष्टि के मित्र हैं।

## सरकार के...

तरफ से कोई जवाब नहीं आया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ट्विटर पर लिखा है, सभी मंचों को अदालत जाने का अधिकार है लेकिन कानून का पालन करना उनकी जिम्मेदारी है। सूत्रों ने कहा कि ट्विटर की याचिका के अनुसार धारा 69ए के तहत सामग्री ब्लॉक करने को लेकर कई आदेश जारी किए गए, लेकिन उसमें यह नहीं बताया गया कि संबंधित सामग्री धारा 69ए का उल्लंघन कैसे करती है। उसने कहा, ट्विटर ने अदालत से सामग्री ब्लॉक करने आदेशों की न्यायिक समीक्षा का आग्रह किया है।

## सोशल मीडिया...

नियमन का स्थान आता है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया एक बेहद सशक्त माध्यम है। सोशल मीडिया का हमारी जिंदगी पर बहुत असर होता है। दुनियाभर में यह सवाल काफी मौजूं हो चुका है कि इसे किस तरह जवाबदेह बनाया जाए। दुनियाभर के देश एवं समाज सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाए जाने के तरीके के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, पहला कदम स्व-नियमन है। समाज पर नुकसानदेह असर डालने वाली किसी भी सामग्री को हटाया जाना चाहिए। फिर उद्योग नियमन और उसके बाद जाकर सरकारी नियमन का स्थान आता है। वैष्णव ने कहा, दुनियाभर में हर जगह और अपने देश में भी सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने के लिए एक पारिस्थितिकी, एक विचार प्रक्रिया बनाने की कोशिश जारी है। इसके साथ ही उन्होंने मुनाफे में हिस्सेदारी की एक निष्पक्ष व्यवस्था की जरूरत पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, सामग्री बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले शख्स को भी फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों को मिलने वाले राजस्व में कुछ हिस्सा मिलना चाहिए। इस समय ऐसी सोच को समर्थन मिल रहा है।

## नुपुर पर...

गोपालन और एस कृष्ण कुमार, राजदूत (सेवानिवृत्त) निरंजन देसाई, पूर्व पुलिस महानिदेशक एस पी वैद और बी एल वोहरा, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) वी के चतुर्वेदी और एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) एस पी सिंह ने भी बयान पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि ये टिप्पणियां न्यायिक आदेश का हिस्सा नहीं हैं और उन्हें न्यायिक औचित्य एवं निष्पक्षता के आधार पर किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी से निलंबित नेता नुपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद के बारे में विवादित टिप्पणी को लेकर उन्हें एक जुलाई को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा था कि नुपुर की अनियंत्रित जुबान ने पूरे देश को आग में झोंक दिया। न्यायालय ने यह भी कहा था कि देश में जो कुछ हो रहा है उसके लिए शर्मा अकेले जिम्मेदार हैं। न्यायालय ने शर्मा की विवादित टिप्पणी को लेकर विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने संबंधी उनकी याचिका स्वीकार करने से इनकार करते हुए क हा था कि नुपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में टिप्पणी या तो सस्ता प्रचार पाने के लिए या किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत या किसी घृणित गतिविधि के तहत की। बयान में इन टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा गया है कि हम जिम्मेदार नागरिक के तौर पर यह मानते हैं कि किसी भी देश का लोकतंत्र तब तक ही बरकरार रहेगा, जब तक कि सभी संस्थाएं संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करती रहेंगी।

## नुपुर शर्मा...

मामले में हाल ही में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि इसका वीडियो पहले से चल रहा था लेकिन उक्त गिरफ्तारियां उदयपुर में 28 जून को दर्जी कन्हैया लाल की हत्या के मामले के बाद की गईं। इस बीच वीडियो की निंदा करते हुए अजमेर दरगाह के दीवान जैनुल आबेदीन अली खान के कार्यालय ने कहा कि आरोपी खादिम द्वारा वीडियो में व्यक्त किए गए इस तरह के संदेशो को दरगाह का संदेश नहीं माना जा सकता। कार्यालय ने कहा कि यह उनका अपना व्यक्तिगत बयान है और निंदनीय है। उल्लेखनीय है कि उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड के मामले में दो मुख्य आरोपियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक दिन...

विमान के बाएं टैंक में ईंधन की मात्रा में असामान्य कमी दिखने लगी जिसके कारण विमान को कराची की ओर मोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि जब कराची हवाई अड्डे पर जांच की गई, तो बाएं टैंक से कोई रिसाव नहीं पाया गया। पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (पीसीसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि स्पाइसजेट की दिल्ली से दुबई जा रही उड़ान के पायलट ने पाकिस्तान के वायुक्षेत्र में उड़ान भरने के दौरान नियंत्रण टॉवर से संपर्क किया और बताया कि विमान में कुछ तकनीकी खामी आ गई है। उन्होंने कहा कि पायलट ने आपात स्थिति में विमान उतारने का अनुरोध किया जिसकी मानवीय आधार पर अनुमति दे दी गई। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद पाकिस्तान इंटरनेशन एअरलाइंस के इंजीनियरों ने स्पाइसजेट के चालक दल के सदस्यों के साथ तकनीकी खामी का पता लगाने और इसे ठीक करने के लिए काम किया। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर विमान की लाइट इंडिकेटर मशीनरी में समस्या थी, लेकिन इसे तुरंत ठीक नहीं किया जा सका, इसलिए यात्रियों को दुबई ले जाने के लिए एक अन्य विमान की व्यवस्था की गई। कराची हवाई अड्डे के एक अन्य सूत्र ने कहा कि विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे जिन्हें भोजन और जलपान उपलब्ध कराया गया। इसके बाद दिन में, स्पाइसजेट के क्यू 400 विमान के विंडशील्ड में बीच हवा में तब दरार आ गई जब यह 23,000 फुट की ऊंचाई पर था जिसके बाद इसे मुंबई हवाई अड्डे पर प्राथमिकता के आधार पर उतारा गया। डीजीसीए के अधिकारियों ने कहा कि गुजरात के कांडला से आ रहे इस विमान के कैबिन में हालांकि किसी तरह के दबाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

## पीडीएस कार्यान्वयन...

शासित प्रदेशों में राज्य खाद्य आयोगों के कार्यों को पूरी तरह से सामाजिक ऑडिट करने और उनका संचालन करने जैसे अभ्यास, अधिनियम की वास्तविक भावना को और मजबूत करेंगे।

# काशी को मिलेगी 1800 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात

- प्रधानमंत्री सात जुलाई को वाराणसी की 4 घंटे यात्रा पर रहेंगे और 50 हजार से ज्यादा लोगों को करेंगे सम्बोधित
- सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैयार हो रहा है मंच







**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 7 जुलाई, 2022 को वाराणसी की यात्रा पर जायेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर लगभग 2 बजे एलटी कॉलेज, वाराणसी में अक्षय पात्र मध्याह्न भोजन रसोई का उद्घाटन करेंगे, जिसमें लगभग एक लाख छात्रों के लिए भोजन पकाने की क्षमता मौजूद है। दोपहर लगभग 2:45 बजे, प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सम्मलेन केंद्र- रुद्राक्ष का दौरा करेंगे, जहां वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद शाम करीब चार बजे प्रधानमंत्री डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा पहुंचेंगे, जहां वे 1800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

पिछले आठ वर्षों में, प्रधानमंत्री ने वाराणसी में अवसंरचना के विकास पर बहुत ध्यान दिया है। इससे शहर के परिदृश्य में बदलाव आया है। लोगों के जीवन को आसान बनाना इस प्रयास का केंद्र-बिंदु रहा है। इस दिशा में एक और कदम के अंतर्गत, सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री 590 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, इनमें वाराणसी स्मार्ट सिटी और शहरी परियोजनाओं के तहत विभिन्न पहलें शामिल हैं, जैसे- स्नान घाट के निर्माण के साथ-साथ चरण-में नमो घाट का पुनर्विकास ( 500 नावों के डीजल और पेट्रोल इंजनों का सीएनजी में रूपांतरण) पुरानी काशी के कामेश्वर महादेव वार्ड का पुनर्विकास और गांव हरहुआ, दासेपुर में 600 से अधिक ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण; लहरतारा-चौका घाट फ्लाईओवर के तहत तैयार किया गया नया वेंडिंग जोन और शहरी स्थान( दशाश्वमेध घाट पर पर्यटन सुविधा और बाजार परिसर) और आईपीडीएस कार्य चरण-3 के तहत नगवा में 33/11 केवी सबस्टेशन।

प्रधानमंत्री बाबतपुर-कपसेठी-भदोही रोड पर चार-लेन वाले रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण, आठ ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण; सात पीएमजीएसवाई सड़कों के निर्माण और धरसौना-सिंधौरा सड़क के चौड़ीकरण सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री जिले में सीवरेज एवं जलापूर्ति की व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में ट्रेंचलेस तकनीक के माध्यम से वाराणसी शहर में पुरानी ट्रंक सीवर लाइन की पुनर्स्थापना, शहर के सीस वरुणा इलाके में रिसाव को रोकने से संबंधित मरम्मत कार्य, तातेपुर गांव में ग्रामीण पेयजल योजना आदि शामिल है। इस मौके पर सामाजिक एवं शिक्षा क्षेत्र से संबंधित जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाना है उनमें महगांव में आईटीआई, बीएचयू में वैदिक विज्ञान केंद्र का चरण-ï, रामनगर में गवर्नमेंट गर्ल्स होम, दुर्गाकुंड में गवर्नमेंट ओल्ड ऐज वीमेन होम में थीम पार्क शामिल हैं।

प्रधानमंत्री बड़ा लालपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल परिसर में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक एवं सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट और सिंधौरा में गैर-आवासीय पुलिस थाना भवन, मिर्जामुराद, चोलापुर, जानसा व कपसेठी थाना में हॉस्टल के कमरों एवं बैरकों के निर्माण, पिंडरा में फायर एक्सटिंग्विशर सेंटर के भवन सहित पुलिस तथा अग्नि सुरक्षा से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री 1200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें लहरतारा-बीएचयू से लेकर विजया सिनेमा तक की सड़क के छह-लेन चौड़ीकरण, पांडेयपुर फ्लाईओवर से लेकर रिंग रोड तक की सड़क के चार-लेन चौड़ीकरण, कचहरी से संदाहा तक चार लेन की सड़क, वाराणसी-भदोही ग्रामीण सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, वाराणसी के ग्रामीण इलाकों में पांच नई सड़कों तथा चार सीसी सड़कों के निर्माण, बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग पर बाबतपुर रेलवे स्टेशन के निकट आरओबी के निर्माण सहित सड़क की अवसंरचना से जुड़ी कई परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं से शहर एवं ग्रामीण इलाके की सड़कों पर यातायात के भार को कम करने में काफी मदद मिलेगी।प्रधानमंत्री इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विश्व बैंक से सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश गरीब समर्थक पर्यटन विकास परियोजना के तहत सारनाथ बौद्ध सर्किट के विकास कार्य, अष्ट विनायक के लिए पवन पथ का निर्माण, द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा, अष्ट भैरव, नव गौरी यात्रा, पंचकोसी परिक्रमा यात्रा मार्ग में पांच पड़ावों का पर्यटन विकास कार्य और पुरानी काशी में विभिन्न वार्डों में पर्यटन विकास कार्य सहित कई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री सिगरा में स्पोर्ट्स स्टेडियम के पुनर्विकास कार्यों के प्रथम चरण का शिलान्यास भी करेंगे।प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सम्मलेन केंद्र-रुद्राक्ष में 'अखिल भारतीय शिक्षा समागम' का उद्घाटन करेंगे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 7 से 9 जुलाई तक शिक्षा समागम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रख्यात शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और अकादमिक क्षेत्र की अग्रणी हस्तियों को अपने अनुभवों को साझा करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। पूरे देश के विश्वविद्यालयों (केंद्रीय, राज्य, डीम्ड, निजी), राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईएसईआर) के 300 से अधिक शैक्षणिक, प्रशासनिक और संस्थागत प्रमुखों की क्षमता निर्माण के हिस्से के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न हितधारक अपने-अपने संस्थानों में एनईपी के कार्यान्वयन की प्रगति का विवरण प्रस्तुत करेंगे और महत्वपूर्ण कार्यान्वयन रणनीतियों, सर्वोत्तम तौर-तरीकों और सफलता की गाथाओं को भी साझा करेंगे। तीन दिवसीय शिक्षा समागम के दौरान, एनईपी 2020 के तहत उच्च शिक्षा के लिए चिन्हित किए गए नौ विषयों पर पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने पीएम के सभास्थल एवं रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को वाराणसी दौरे पर पहुंचे। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लेने वाराणसी पहुंचे। सीएम योगी का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरा। यहां प्रशासनिक अफसरों ने सीएम योगी का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए और पूजा की। फिर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक की। यहां से सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। सीएम योगी ने यहां का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री सात जुलाई को वाराणसी में 1800 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## बनारस की शहनाई व धातुशिल्प ढलाई क्राफ्ट का जीआई आवेदन चेन्नई भेजा गया

**वाराणसी।** 'जीआई मैन आफ इण्डिया' के नाम से विख्यात, जीआई विशेषज्ञ, पदमश्री से सम्मानित डॉ रजनीकान्त, जिन्होंने देश के अलग अलग राज्यों से अब तक 126 जीआई आवेदन फाइल कर चुके हैं, ने कहा कि यह गौरवान्वित करने वाला पल होगा काशी की प्रसिद्ध शहनाई एवं बनारस धातुशिल्प ढलाई क्राफ्ट का जीआई आवेदन आज जीआई रजिस्ट्री चेन्नई भेजा गया है और यह प्रधानमंत्री के काशी आगमन पर सबसे बड़ा उपहार है। प्रधानमंत्री ने स्वयं काशी की शहनाई एवं भारत रत्न उस्ताद विसमिल्ला खॉ का जिक्र अपने उद्बोधनों में कई बार किया है एवं गर्व के साथ प्रशंसा किया है, वही बनारस की शहनाई देश की बौद्धिक सम्पदा में शामिल होने के लिए बनारस धातुशिल्प ढलाई क्राफ्ट भेज दिया गया है। काशी के ढलाई धातु शिल्प का भी बहुत ही प्राचनी इतिहास है और यहां प्राचीन काल के सिक्कों से लेकर धातु की छोटी मुर्तियां, पूजा के पात्र, गंगाजली लोटा, कमण्डल, सिंहासन, धातु की डलिया सहित बनारसी धंटे और घंटियां प्रसिद्ध रहे हैं तथा आज भी कसेरा एवं विश्वकर्मा समुदाय के लोग परम्परागत रूप से हाथ से तैयार करते हैं।



## क्यूआर कोड स्कैन करें और अपनी जीवन बीमा पॉलिसी की सेवा लें

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी.

**ग्राहकों** को अपनी जरूरतों के मुताबिक सेल्फसर्विस करने के लिए सशक्त बनाने के लिहाज से देश की प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने क्यूआर कोड एनेबल्ड सेवाएं शुरू की हैं। इंडस्ट्री में यह अपने किस्म की पहली और बेहद सरल और सुरक्षित प्रक्रिया है और ग्राहकों को उनके फोन पर 15 लोकप्रिय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करती है। ग्राहक को केवल कंपनी की शाखाओं में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करना है और अपनी जीवन बीमा पॉलिसी से संबंधित सेवाओं को लेकर सेल्फसर्विस का इस्तेमाल करना है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशंस एंड कस्टमर एक्सपीरियंस राजेश कृष्णन ने कहा हमारे ग्राहक विकसित हो रहे हैं और यह हमारा प्रयास है कि हम उन्हें सरल और सुरक्षित सेवा पेशकशों के साथ बेहतर सेवाएं प्रदान करते रहें।

## स्वास्थ्य मेले में 75,943 लोगों का हुआ हेल्थ चेकअप



**संवाददाता।** सोनभद्र

**मंगलवार** को जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में महर्षि चरक वनांचल स्वास्थ्य सेवा यात्रा का समापन कार्यक्रम संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कहा कि आज यात्रा अपने मूर्त रूप में प्रभावित हो करके उस पड़ाव पर पहुंची है जहां से इस सेवा यात्रा का असली रूप प्रारंभ होगा। विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय सह सचिव के के द्विवेदी ने कहा कि भारत एक विकासशील देश है। यहाँ लगभग दो तिहाई आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। अन्य सेवाओं की तरह चिकित्सा सेवाओं की स्थिति भी हमारे देश में बहुत अच्छी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो और भी बुरा हाल है। ग्रामीण जनता को अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए शहरों की तरफ भागना पड़ता है। कई बार तो उन्हें झोलाछाप डॉक्टरों की सेवाएं लेने को विवश होना पड़ता है। ऐसी स्थिति में उन्हें अनेकों बार अपनी मेहनत की कमाई गंवाने के साथ ही अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। दूसरी तरफ व्यावसायीकरण की अंधी दौड़ में शहरों सहित छोटे-छोटे कस्बों में भी प्राइवेट अस्पतालों एवं नर्सिंग होम खुलते जा रहे हैं। वहाँ सुविधाओं के नाम पर न तो प्रशिक्षित चिकित्सक होते हैं और न ही मरीजों की समुचित चिकित्सा के उपकरण। फिर भी वे विज्ञापनों के माध्यम से बड़े-बड़े दावे कर मरीजों को अपनी ओर आकर्षित करते रहते हैं और उनकी दुकानदारी चलती रहती है। मुँहमांगी कीमत देने के बाद भी उपभोक्ता इस बात के लिए आश्वस्त नहीं होता, कि उसे सही तथा पर्याप्त उपचार मिल पाएगा। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने का एक मात्र रास्ता उन्हें जागरूक करना है।सेवा समर्पण संस्थान के जिलाध्यक्ष जेसी विमल सिंह ने कहा कि एक अच्छा डॉक्टर हमेशा मरीज की भलाई के लिए उसी हद तक आशावादी होता है जितना कि स्वयं वह मरीज, मरीज से बीमारी की गंभीरता को छुपाये बिना भी वह आशा का संदेश देता है, कैसी भी बीमारी हो, वह मरीज में भरोसा और आशा जगाए रखता है, वह कभी भी निराश होकर अपने हाथ खड़े नहीं करता,वह मरीज को मानवीय, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक तीनों धरातलों पर समझने-समझाने की कोशिश करता है।सेवा समर्पण संस्थान के सह संगठन मंत्री आनंद ने कहा की अच्छा डॉक्टर अपने मरीज की निजता का पूरा सम्मान करता है। यह डॉक्टर का कर्तव्य भी है और आपका अधिकार भी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सेवा समर्पण संस्थान के जिला सह मंत्री आलोक कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि अब तक कुल 780 चिकित्सकों के माध्यम से कुल 135 गांवो में कैंप व एक मेगा कैंप लगाकर 75943 जनपद वासियों के साथ-साथ मिर्जापुर चंदौली के बॉर्डर वाले दोनों विकास खंडों तथा चारों प्रदेशों के बॉर्डर वाले राजस्व गांव में चिकित्सकीय उपचार, चिकित्सकीय सलाह एवं रोगों से बचाव के लिए मेडिकल कैंप संपन्न किये गये। उक्त कैंप में विश्व आयुर्वेद परिषद, एन एम ओ, सेवा भारती, हार्ड फाउंडेशन ऑफ इंडिया, आरोग्य भारती समेत तमाम संगठनों ने इसमें अपना योगदान प्रदान किया, कार्यक्रम में डॉ आशुतोष पाठक डॉ विजय राय डॉक्टर मनीष मिश्र, डॉ रमेश यादव, डॉ नेहा बिष्ट, डॉक्टर सी एस पांडे, डॉ नेहा चौधरी, डॉ राजेश कुमार, डॉ जीतू राम, डॉक्टर सुनीता राय, डॉ शांतनु तिवारी, डॉ मोनिका,डॉ सुशील सिंह, डॉ अमित सिंह, डाक्टर नदीम परवेज, डॉक्टर शुभम महेश्वरी, डॉ ऋतु सिंह, डॉ अजय गुप्ता, डॉ राहुल सिंह रे,डॉ जुगल किशोर पांडे, डॉक्टर कृष्ण बिहारी,डॉक्टर अल्पना नाथ, मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्यटन मंत्री ने पौधरोपण अभियान के दूसरे चरण का किया शुभारंभ



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी** के हरहुआ ग्राम सभा में पर्यटन मंत्री जसवीर सिंह ने मंगलवार को लक्ष्य के 20 लाख पौध रोपण अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इस मौके पर अजगरा विधायक त्रिभुवन राम सहित कई भाजपा नेता के उपस्थित थे। जिले में अलग अलग विभागों की ओर से कुल 20 लाख पौधरोपण का लक्ष्य है। बीते एक जुलाई को वनविभाग की ओर से पहले चरण में पांच लाख पौधे लगाए थे। इसी क्रम में दूसरे चरण में 14 लाख पौध रोपण की शुरुआत पर्यटन मंत्री बरगद का पौध लगाकर की। छह 1.39 लाख और सात जुलाई को भी 1.39 पौध रोपण किये जाएंगे।

## शास्त्री, आचार्य ,शास्त्री योग, आचार्य योग एवं एमए हिन्दू अध्ययन में प्रवेश प्रक्रिया 15 जुलाई से

**वाराणसी।** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आज कुलपति कार्यालय मे एक बैठक किया। उस दौरान सत्र 2022-23 के शास्त्रीएआचार्य एवं शास्त्री योग ,बीए योग स्ववित्त पोषित आचार्य योग एमए योग स्ववित्त पोषित स्नात्कोत्तर डिप्लोमा अध्ययन योग स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम तथा एमए हिन्दू अध्ययन स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत का प्रवेश 15 जुलाई प्रारम्भ होगा। कुलपति प्रो त्रिपाठी ने बताया कि उक्त पाठ्यक्रम क्रमश तीन वर्ष एवं दो वर्ष का होगा। नई शिक्षा निति के आलोक में प्रत्येक कक्षा में सेमेस्टर प्रणाली लागू की जाएगी। उक्त बैठक मे कुलसचिवए छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो हरिशंकर पान्डेयएप्रो महेंद्र पान्डेयएडॉ विजय कुमार पान्डेयएविजय कुमार मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**संवाददाता।** पड़ाव/चंदौली

**मुगलसराय** क्षेत्र के तड़वा बीर बाबा मंदिर के समीप मंगलवार को जीटी रोड पर विपरीत दिशा से आ रहे दो बाइक सवार ट्रक से टकरा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों युवक को तत्काल रामनगर के लालबहादुर चिकित्सालय अस्पताल में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताते है कि इलाहाबाद थाना क्षेत्र के फूलपुर कनेटी गांव निवासी सुर्यबली 40 वर्ष व वाराणसी क्षेत्र के पंचकोशी निवासी बुद्धू चौहान 25 वर्ष दो युवक मुगलसराय से वाराणसी अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों तड़वा बाबा मंदिर के पास पहुचे की किन्ही कारणों से दोनों सड़क के विपरीत दिशा में जा कर बाइक चलाने लगे और ट्रक में जा भिड़े दुर्घटना में दोनों युवक सड़क पर कुछ दूर घिसटाते हुए कुछ दूर चले गए। और बीच सड़क पर गिर कर दोनों लहूलुहान हो गए घटना स्थल पर पहुंचे आस पास के लोगो ने तत्काल घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दि मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों युवकों को तत्काल रामनगर के लाल बहादुर चिकित्सालय में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने बाईक के नंबर प्लेट से जानकारी प्राप्त कर मृतक के परिजनों को सूचित किया और ट्रक व चालक को हिरासत में लेकर घटना स्थल पर पहुंचे आस पास के लोगो ने तत्काल घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दि मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों युवकों को तत्काल रामनगर के लाल बहादुर चिकित्सालय में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने बाईक के नंबर प्लेट से जानकारी प्राप्त कर मृतक के परिजनों को सूचित किया और ट्रक व चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न रोकने को गठित हो आंतरिक शिकायत समिति

**संवाददाता।** मीरजापुर

**शासकीय,** अर्धशासकीय कार्यालयों, निजी संगठनोंए शैक्षणिक संस्थानों, खेलकूद संस्थानों सहित संगठित व असंगठित क्षेत्र के समस्त कार्यालयों आदि में जहाँ भी 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, चाहे वे सभी पुरूष ही क्यों न हों, वहां पर आंतरिक परिवाद समिति का गठन करना अनिवार्य है क्योंकि ऐसे कार्यालयों में कभी भी किसी काम के लिए महिलाएं भी आ सकती हैं और उनके साथ भी कोई घटना हो सकती है ।ऐसे में वह कार्यालय में गठित आंतरिक परिवाद समिति को अपनी शिकायत कर सकती हैं। ऐसा न करने वाले नियोजकों पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जा सकता है ।

जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग के निदेशक मनोज कुमार राय का कहना है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन निवारण प्रतिशेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 की धारा.4 के अंतर्गत ऐसे सभी संगठन या संस्थान जिनमें 10 से अधिक कर्मचारी हैंए वह आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के लिए बाध्य हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों में त्वरित और समुचित न्याय दिलाना है। निदेशक द्वारा बताया गया कि पीड़ित महिला कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत आन्तरिक परिवाद समिति में दर्ज करा सकती है। समिति का गठन कार्यस्थल पर वरिष्ठ स्तर पर नियोजित महिला की अध्यक्षता में होगाए जिसमें दो सदस्य सम्बन्धित कार्यालय से एवं एक सदस्य गैर सरकारी संगठन से नियोजक द्वारा नामित किये जायेंगे। समिति के कुल सदस्यों में से आधी सदस्य महिलाएं होंगी। ऐसे कार्यस्थल जहां कार्मिकों की संख्या 10 से कम हैए वहां की पीड़िता द्वारा लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित ष्स्थानीय समितिष् ;लोकल कमेटीद्ध में दर्ज करायी जा सकती है।

## ट्रेन में चोरी करने वाले चार चोरों को जीआरपी ने भेजा जेल

**संवाददाता।** मुगलसराय/चंदौली

**पीडीडीयू** जीआरपी पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लगभग 3 लाख के आभूषण व 17 मोबाइल के साथ ही आठ हजार नगदी बरामद किया गया है। आरोपितों के खिलाफ जीआरपी पुलिस वैधानिक कार्यवाई कर उन्हें जेल भेज दिया। गिरफ्तार चारो शातिर चोर धानापुर थाना क्षेत्र के बताए गए।मिली जानकारी के अनुसार जीआरपी डीडीयू ने चेकिंग के दौरान चार शातिर चोरों को जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 1ध्2 के पश्चिमी छोर से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लगभग 3 लाख के आभूषण व विभिन्न कंपनियों के 17 मोबाइल बरामद किए गए। इसके अलावा आरोपितों कपास से आठ हजार नगदी ही बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर उन्हें जेल भेज दिया गया।बताया गया कि जब ट्रेनों को प्लेटफार्म पर जगह नहीं मिलती है। उस दौरान वह ट्रेनें आउटर पर खड़ी कर दी जाती हैं। उसी दौरान यह शातिर चोर एसी कोच में चढ़ जाते हैए और यात्रियों को सोता देख उनका मोबाइलए बैग व अन्य कीमती सामान चुरा कर भाग जाते थें। चोरों के पास से बरामद कीमती आभूषण एवं मोबाइल जीआरपी डीडीयू में दर्ज हैं।पूरे मामले में सीओ जीआरपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार शातिर चोर अपने महंगे शौक को पूरा करने के लिए ये चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि इसमें मुख्य आरोपी शशिकांत यादव उर्फश् मुत्तन श् बेहद शातिर चोर है। जिससे उसके गांव के आसपास के लोग भी बहुत परेशान हैं। इसके अलावा अन्य आरोपी राजा मालीए विवेक चौहान व शुभम यादव के रूप में पहचान हुई है। सभी चंदौली जनपद के धामपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपितों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाई कर जेल भेजा जा रहा है।

## विद्यापीठ एनटीपीसी कैंपस में किया गया पौधरोपण

**बीजपुर/सोनभद्र।** महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी कैंपस शक्तिनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक तत्वावधान में मंगलवार को 11बजे से वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ-साथ अध्यापकों, कर्मचारियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रभाकर लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षों का लक्ष्य महान है। अगर पृथ्वी तथा पर्यावरण को बनाए रखना है तो वृक्ष को लगाना अति आवश्यक है,क्योंकि वृक्ष के बिना मानव जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रशांत कुमार विश्वकर्मा, डॉ0 मनोज कुमार गौतम, डॉ0 अविनाश कुमार दुबे, डॉ0 महेश कुमार, डॉ0 छोटे लाल,रविकांत कुशवाहा,अंब्रीश कुमार एव अन्य अध्यापक ,कर्मचारी उपस्थित रहे। इस बात की जानकारी जनसंपर्क समन्वयक डॉ0 मानिक चंद पाण्डेय ने दिया।

### महिला व्यापारियों ने अपने व्यवसाय का स्टॉल सजाया और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा ली

**वाराणसी।** आज महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में कार्य कर नहीं हैं। व्यापार के क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करते हुए समाज सेविका गौरी केडिया और रिद्धी अग्रवाल ने विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से भेलूपुर स्थित एक होटल के हाल में रंगरेज का मंच सजाया। जहां कोलकाता, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर, प्रयागराज सहित देश शहरों से महिला व्यापारियों ने अपने व्यवसाय का स्टॉल सजाया और लोगों को अपने व्यापार के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. दीपाली गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने रंगरेज एक्ज़िबिशन के आयोजकों गौरी केडिया व रिद्धि अग्रवाल सहित आयोजन में भागीदारी करने वाली महिला व्यापारियों को शुभकामनाएं दीं।

## पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका: भूपेश चौबे



**संवाददाता।** सोनभद्र

**मंगलवार** को जनपद मुख्यालय स्थित आदर्श इंटर कॉलेज रावर्टसगंज के परिसर व मऊ कला गांव में सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे नें कहा कि देश ही नही दुनिया के सामने पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। जिसके समाधान के लिए पौधरोपण सबसे कारगर उपाय है। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अवश्य लगाना चाहिए। यह पौध जब वृक्ष के रूप में परिवर्तित होंगे तो पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ ही हमें फल व छाया भी प्रदान करेंगे। जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान से कम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पौधरोपण के साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करें कि पौध सुरक्षित रहते हुए वृक्ष के रूप में परिवर्तित हो तभी हम लक्ष्य को पा सकेगें। सदर विधायक श्री चौबे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण व वन संरक्षण को लेकर संवेदनशील है। सरकार द्वारा वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत 35 करोड़ पौधरोपण का वृहद अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र मे भी पौधरोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता बलराम सोनी रजनीश रघुवंशी पंकज पांडे रिशु केसरी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा की प्रगति

### हताश विपक्ष

**वरिष्ठ** भाजपा नेता अमित शाह ने दावा किया है कि अगले 30-40 साल भगवा पार्टी का युग होगा। इसे विपक्ष द्वारा खारिज करना या बड़बोला बयान बताना उचित नहीं होगा। विपक्ष को इसे लापरवाही के साथ भी नहीं लेना चाहिए। भाजपा की प्रगति को देखत हुए विपक्ष को भी केवल बयान देने से आगे निकलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभवत: भाजपा का रथ थमने वाला नहीं है, बल्कि इसकी गति बढ़ रही है। यह विपक्ष तथा बुद्धिजीवी वर्ग के बड़े हिस्से के लिए चिन्ता का विषय है क्योंकि उनका एक भय सच साबित हुआ है। हालांकि, भाजपा की यात्रा में असंख्य सफलताओं के साथ ही पिछले साल पश्चिम बंगाल जैसी विफलतायें भी सामने आई हैं, पर इसकी बढ़त लगभग सभी जगह है और उसे किसी खांचे में बंद नहीं किया जा सकता है। कुछ राजनीतिक व वैचारिक नेता शाह के बयान में एक लापरवाही भी देख सकते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वे ऐसे लोगों में नहीं हैं जो केवल अपनी प्रशंसा से खुश हो जाएं। उनके लिए प्रशंसा कभी काफी नहीं होती है तथा वे हमेशा और अधिक की तलाश में रहते हैं। केवल किसी राज्य में विजय काफी नहीं है, भाजपा के विधायकों व सांसदों की संख्या बढ़नी चाहिए और हर वृद्धि के बाद मोदी-शाह जोड़ी एक और वृद्धि का प्रयास करते हैं। वे न केवल 543 लोकसभा सीटों, बल्कि हर राज्यसभा सीट, हर राज्य तथा यहां तक कि नगरपालिकाओं के लिए भी संघर्ष करते हैं। इस जोड़ी ने भाजपा की जीन्स से लापरवाही को समाप्त कर दिया है। यह नई भाजपा है, यह अटल बिहारी वाजपेयी या लालकृष्ण आडवाणी वाली भाजपा नहीं है। कहने का यह अर्थ नहीं कि वाजपेयी-



आडवाणी नीत भाजपा सुस्त या आरामतलब थी। इसके एकदम उलट वह हमेशा अत्यधिक सक्रिय, मुखर तथा जोश से भरी रहती थी।
यहां तक कि 1980 के दशकांत में जब भगवा पार्टी लोकसभा में केवल दो सीट तक सिमट गई थी, तब भी उसकी सक्रियता में कोई कमी नहीं आई थी और उसके नेता अपनी उपस्थिति प्रदर्शित करते रहते थे, जबकि लोकसभा में कांग्रेस की सदस्य संख्या 400 से भी अधिक थी। भाजपा के विरोधी और चाहे जो कहें, वे इसे सुस्त या लापरवाह नहीं कह सकते हैं। मोदी और शाह के नेतृत्व में भगवा पार्टी और अधिक गतिशील हो गई है। बहुत सी पार्टियां सत्ता से बाहर रहने पर इस प्रकार की ऊर्जा, उद्देश्य व गतिशीलता नहीं प्रदर्शित करती हैं जैसा कि भाजपा ने किया। अपनी अखिल भारतीय उपस्थिति का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से ऐसी नहीं है। वह 1980 में सत्ता में इसलिए वापस आई क्योंकि जनता पार्टी अपने ही विरोधाभासों के बोझ से ध्वस्त हो गई थी। यही स्थिति दूसरे प्रयोग की रही जिसे जनता दल ने एक दशक बाद दुहराया। 2004 में भी देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' सत्ता में इसलिए नहीं आई कि उसके नेताओं ने सड़कों पर भाजपा के खिलाफ विजय के लिए बहुत पसीना बहाया था। वास्तव में उसकी सीटें भाजपा से केवल 7 अधिक थीं। इसका कारण यह था कि भगवा पार्टी का संदेश अस्पष्ट था और इसे अभियान के दौरान आरएसएस का समर्थन नहीं मिला था। इस पृष्ठभूमि में देखने पर शाह का दावा असंभव नहीं लगता है। यदि देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' तथा अन्य विपक्षी पार्टियां भाजपा को सत्ता से हटाना चाहती हों तो उनको भड़काऊ भाषण देने व वाइरल ट्वीट करने से अधिक काम करना होगा। उनको कोई ऐसी चीज पेश करनी होगी जा राजनीतिक रूप से उचित तथा चुनावी रूप से संभव हो। उनको अपनी लापरवाही से मुक्ति पानी होगी।

# विधि-निर्माताओं के पालाबदल की समस्या

## कुछ पार्टी नेताओं का जनता की इच्छा कुचलने तथा सांसदों व विधायकों को सदनों से हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।



**रवि शंकर कपूर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



महाराष्ट्र में हुए हालिया राजनीतिक नाटक ने एक बार फिर दलबदल-विरोधी कानून पर ध्यान आकर्षित किया है। कुछ विश्लेषक चाहते हैं कि इसे अधिक प्रभावी या मजबूत बनाया जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि यह अब तक बने विधायनों में सर्वाधिक रूढ़िवादी कानून है और इसने लोकतंत्र को भारी नुकसान पहुंचाया है। दलबदल-विरोधी कानून के समर्थक कहते हैं कि 'आया राम-गया राम' राजनीति के अपमानजनक युग का अंत होना चाहिए। आखिरकार कोई संसद सदस्य-एमपी या विधानसभा सदस्य-एमएलए उस पार्टी के खिलाफ कैसे वोट दे सकता है जिसके टिकट पर वह चुनाव जीता हो या जीती हो? क्या यह उस पार्टी से धोखा नहीं है जिसने उस नेता पर विश्वास किया है? निश्चित रूप से यह धोखा है और पार्टी को विद्रोही विधिनिर्माता से निपटने का पूरा अधिकार है। वह ऐसे नेता को निकाल सकती है। लेकिन उसे इस नेता को लोकसभा या विधानसभा से निकाल कर ले जाने का अधिकार नहीं है क्योंकि उनको वहां पार्टी के बजाय जनता ने भेजा था। जनता के जनादेश को पार्टी के मालिकों की सनक और पसंद से निरर्थक नहीं बनाया जा सकता है, भले ही वे चाहे जितने शक्तिशाली और उच्च श्रेणी के ही क्यों न हों। विधि निर्माता विधायिका में इसलिए प्रवेश करते हैं क्योंकि उनको पार्टी के सर्वोच्च नेताओं के बजाय जनता वहां भेजती है। ऐसे में मुट्ठी भर पार्टी नेताओं और प्रबंधकों को यह अनुमति नहीं दी जा सकती है कि वे जनता की इच्छाओं के साथ मजाक करें। दलबदल-विरोधी कानून के समर्थक कहेंगे कि पालाबदल या विधि निर्माताओं की खरीद-बिक्री निन्दनीय है और इसे रोका जाना चाहिए।

लेकिन इससे ज्यादा बड़ी व ज्यादा निन्दनीय बात थोक में पालाबदल है। दलबदल कानून लागू होने के बाद यही परिघटना दिखाई देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो दलबदल, थोक दलबदल की तुलना में काफी कम बुरी है। यदि आपका सांसद या विधायक विधायिका में आपका समुचित प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो उस पर सवाल उठाया जा सकता है। लेकिन यदि वे महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्टी व्हिप का पालन करते हैं तो उन पर सवाल नहीं उठ सकता है। आप केवल यह कह सकते हैं कि वे अपनी स्वतंत्र इच्छा से काम नहीं करते हैं, जिसे पार्टी के सर्वोच्च नेताओं ने उनसे छीन लिया है।

दलबदल कानून इसलिए खराब है क्योंकि यह सांसदों और विधायकों को शक्तिहीन कर संसदीय लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व के विचार की ही हत्या कर देता है। इसका एक उदाहरण देना काफी होगा। अत्यधिक जल प्रदूषण जैसा कोई बड़ा मुद्दा आपके क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। आपके क्षेत्र की जनता इसके लिए सुधारात्मक उपायों हेतु आंदोलन करती है, वे विधायक से समस्या बताते हैं जो सहायता करने का वादा करते हैं। विधानसभा में यह मुद्दा आता है, लेकिन विधायक को जबरन 'व्हिप' के माध्यम से सुधारात्मक उपाय के खिलाफ वोट करने को कहा जाता है। ऐसे में विधायक से संपर्क करने पर वे कहते हैं कि वे व्हिप का पालन करने को मजबूर हैं और वे इस मामले में पार्टी अनुशासन तोड़ने के भय से वोट नहीं कर सकते हैं। यह कैसा प्रतिनिधित्व है, यदि आपका निर्वाचित प्रतिनिधि आपकी समस्या सरकार के सामने नहीं रख सकता है? इस प्रकार की समस्या अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के सामने भी आ सकती है। तकनीकी रूप से संसदीय लोकतंत्र में कार्यपालिका विधायिका के प्रति जवाबदेह होती है, पर व्यवहार में इसका उल्टा होता है। सांसदों और विधायकों को अपने संबंधित पार्टी नेतृत्व की बात माननी होती है और उनके आदेशों का पालन करना पड़ता है। इस प्रकार लोकतंत्र अपने सिर के बल खड़ा हो जाता है। जहां जनता से सीधे चुने गए विधि-निर्माता सिद्धान्त रूप से जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं, पर व्यवहार में वे पार्टी प्रबंधकों के प्रति जवाबदेह और वास्तव में उनके चाकर बन जाते हैं। गुलामों व भेड़ों की तरह नौकरों को भी उसी प्रकार सुविधाजनक रूप से सत्तारूढ़ लोगों की इच्छानुसार हांका जा सकता है, जैसा चरवाहा भेड़ों के साथ करता है। यह स्थिति दशकों से जारी है। अंग्रेजी भाषा इस तथ्य से ध्यान नहीं हटा सकती है कि लोकतंत्र का स्तर गिरा है। राजनीतिक शब्दावली में ऐसी अभिव्यक्तियां आम हैं कि 'मुख्यमंत्री अपने समर्थकों को एकजुट रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि विपक्ष उनका शिकार न कर सके', 'विधायकों को एक रिजार्ट में भेजा गया है' तथा 'पार्टी ने विधायकों को व्हिप जारी कर दिया है।' दुनिया के किसी अन्य लोकतंत्र में भारत की तरह व्हिप इतना खतरनाक नहीं होता है और दुनिया में कहीं भी विधायक व्हिप का उल्लंघन करने के कारण सदन की सदस्यता नहीं खोते हैं। भीड़, झुंड, शिकार, हांकना, शिकार तथा व्हिप जैसे शब्दों का प्रयोग राजनीतिक टिप्पणीकारों के बजाय जानवरों के प्रशिक्षकों की शब्दावली है। इसके बावजूद चोटी के पत्रकार तथा जनता की राय बनाने वाले अन्य लोग अक्सर इन शब्दों का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार वे अचेतन रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा लोकतंत्र का क्षरण स्वीकार कर लेते हैं।

हम यहां तक कैसे पहुंचे हैं? इस संबंध में मूल दोष 1985 में सेविधान का 52वां संशोधन है जिसे आम शब्दावली में दलबदल-विरोधी कानून कहा जाता है। इसने सांसदों और विधायकों को पार्टी मालिकों का गुलाम बना दिया है। 1985 के 52वें संविधान संशोधन की उद्देशिका और कारणों में कहा गया है, 'राजनीतिक पालाबदल की बुराई राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बन गई है। यदि इसका मुकाबला नहीं किया जाता है तो इससे हमारे लोकतंत्र तथा उसे बनाए रखने वाले सिद्धान्तों की नीव ही खोखली हो सकती है।' संभवत: नया कानून 'विधायी अराजकता' समाप्त करने के लिए लाया गया था। इसमें प्राविधान था कि यदि कोई विधि-निर्माता उस पार्टी से इस्तीफा देता है जिसके टिकट पर वह चुना गया था, अथवा यदि वह मतदान, मतदान से अलग रहने अथवा सदन में उस राजनीतिक पार्टी के 'किसी निर्देश के विपरीत' काम करता है जिसके टिकट पर उसे चुना गया था या उसे ऐसी राजनीतिक पार्टी से निकाल दिया जाता है तो वह अपनी विधायिका की सदस्यता खो देगा। यह ऐसी पार्टी के 'संविधान द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार' होगा। यह कानून बनाने वाले तत्कालीन विधि मंत्री अशोक सेन ने दावा किया था कि इससे 'देश की राजनीति से वह गंदगी दूर होगी जो सालों से एकत्र होती जा रही है।' उनका कहना था कि इस कानून से राजनीति में भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा। यह समझने के लिए किसी को राजनीतिक विश्लेषक होने की आवश्यकता नहीं है कि यह कानून लागू होने के बाद अनुशासनहीनता तथा अविश्वसनीयता बढ़ गई है। इस प्रकार इलाज निश्चित रूप से उस बीमारी से अधिक खतरनाक सिद्ध हुआ है जिसके ठीक होने का दावा किया जा रहा था। वास्तव में इसने एक अन्य बीमारी को जन्म दिया है जिसे निर्वाचित प्रतिनिधियों को गुलाम बनाना कहा जा सकता है। यह देखना दिलचस्प है कि उस समय विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया था। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी ने दु:ख प्रकट किया था कि इससे 'कांग्रेस-आई जैसी पार्टी में विरोध को कुचल दिया जाएगा।' यह बात अलग है कि जब उनकी पार्टी 2003 में सत्ता में आई औ वे उप-प्रधानमंत्री बने तब भाजपा-नीत सरकार ने कानून को और कठोर बनाने का फैसला किया। 1985 के कानून में यदि विधायक दल के एक तिहाई सदस्य अलग होते या अलग पार्टी बनाने या किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में शामिल होने का निर्णय करते तो उसे 'विभाजन' माना जाता। भाजपा नीत सरकार ने 2003 में 91वें संशोधन के माध्यम से विभाजन या विलय को ज्यादा कठोर बना दिया। इसके बाद से किसी विधायक दल के दो तिहाई सदस्यों का अलग होना जरूरी हो गया। स्पष्ट रूप से उस समय आडवाणी व उनके साथियों ने 'विरोध कुचलने' वाली बात भुला दी थी।

लेकिन केवल भाजपा को ही बड़बोलेपन का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। 5 फरवरी, 2017 को केरल के कोजीकोड में साहित्य समारोह में बोलते हुए कांग्रेस सांसद व तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा था कि दलबदल-विरोधी कानून ने लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाला है क्योंकि इसने जन-प्रतिनिधियों की वोटिंग शक्ति को प्रभावित किया है। पीटीआई के अनुसार उन्होंने कहा था, 'दलबदल-विरोधी कानून का लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जन-प्रतिनिधि अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट नहीं दे सकता है। उसे पार्टी की इच्छानुसार वोट देना होता है।' हाल ही में कांग्रेस छोड़ने वाले वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल भी दलबदल-विरोधी कानून समाप्त करना चाहते थे। लेकिन दु:ख की बात है कि उनको यह बात विधि मंत्री रहते हुए नहीं समझ में आई। इससे स्पष्ट है कि सत्ता में रहते हुए कोई दल कठोर कानूनों का समर्थन करता है, पर विपक्ष में आने पर उनकी निन्दा करता है। इस बीच दुनिया के अन्य देशों की तरह यहां भी उदारवाद संकट में है। टैगोर की इच्छा थी कि यह देश 'स्वतंत्रता के स्वर्ग' में जाग्रत होना चाहिए। लेकिन भारत के विधि-निर्माताओं को जंजीरों में बांधने वाला यह देश निश्चित रूप से वैसा नहीं है।

# प्लास्टिक प्रतिबंध के विकल्प जरूरी

**कोटा श्रीराज**
(लेखक, पर्यावरण पत्रकार हैं)



सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध लागू हो गया है, लेकिन उपयुक्त विकल्पों की कमी से पता चलता है कि पिछले सबक नहीं सीखे गए हैं। भारत में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन लागू हो गया है। वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, सरकार ने पहचान की गई 19 सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने की अपनी अधिसूचना को लागू किया है। प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत दंड और जेल की सजा आमंत्रित करने की संभावना है। सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम वे हैं जो एक बार उपयोग किए जाते हैं और त्याग दिए जाते हैं। उनमें उच्च कचरागत क्षमता और उच्च स्तर की गैर-सड़नशीलता होती है। सरकार ने सभी राज्यों को प्रतिबंधित तैयार माल की आपूर्ति पर अंकुश लगाने और पेट्रोकेमिकल उद्योगों को एसयूपी के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले पॉलीस्टाइनिन जैसे कच्चे माल की आपूर्ति करने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं। 19 एसयूपी वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध एक स्वागतयोग्य कदम है जो पर्यावरण और वन्य जीवन को राहत देने का वादा करता है। स्टायरोफोम कप, प्लेट और प्लास्टिक के चम्मच और कांटे लंबे समय से हमारे शहरों, पार्कों, समुद्र तटों, रेलवे पटरियों और यहां तक कि वन्यजीव अभ्यारण्यों के चारों ओर आंखों के सामने रहे हैं। वास्तव में, भारत भर में लैंडफिल एसयूपी से भरे हुए हैं जो अगले 400 वर्षों में भी बायोडिग्रेड नहीं होंगे। भारत में प्रति वर्ष 35 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 3 किलो प्लास्टिक कचरा है। 2020-21 के दौरान, भारत ने 41,26,997 टन प्लास्टिक कचरा पैदा किया। इन चौंका देने वाले आंकड़ों को देखते हुए, सरकार के लिए पहल शुरू करना उपयुक्त है। लेकिन क्या भारत तैयार है, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या इस बार प्रतिबंध कारगर होगा?

भारत में एसयूपी पर प्रतिबंध का प्रयास बहुत पहले 1999 से किया जाता रहा है जब पॉलिथीन बैग की बिक्री प्रतिबंधित हुई। तब से लेकर अब तक कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कानूनों को अधिनियमित और कार्यान्वित किया गया है। हालांकि, पिछले 22



साल इस बात का प्रमाण हैं कि हमारे पास अभी भी प्लास्टिक कटलरी और कई अन्य एसयूपी आइटम बाजार में खुलेआम उपलब्ध हैं। अब तक, केंद्र ने राज्यों को एसयूपी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया था, लेकिन राज्यों के प्रयास काफी हद तक अप्रभावी थे और एसयूपी हमेशा की तरह फले-फूले। पूर्व के एसयूपी निरर्थक प्रतिबंध का कारण हमेशा ढीले क्रियान्वयन को जिम्मेदार ठहराया जाता है जो ठीकठाक आरंभ होता था। वर्तमान प्रतिबंध इस खामी को दूर करने का प्रयास करता है और काफी हद तक अप्रभावी क्रियान्वयन मसले को हल कर सकता है। लेकिन अतीत में एसयूपी प्रतिबंध की विफलता का असली कारण सिर्फ ढिलाई से लागू किया जाना नहीं रहा है। एसयूपी के स्थायी विकल्पों की कमी प्रतिबंध के अप्रभावी रहने का प्रमुख कारण रहे हैं और बहुत पहले कोई दैनिक जीवन में एसयूपी वस्तुओं का पुनरुत्थान देख सकता था। सरकार एसयूपी प्रतिबंध अधिसूचना और उसके नियमों को लागू करने पर अपना जोर बनाए रखती नजर आती है और उद्योग व लोगों के लिए प्रभाव और उपयुक्त विकल्पों पर कम ध्यान दिया गया है। नतीजतन, उस एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रतिस्थापन के तरीकों व साधनों पर, कुछ स्थानों पर कुछ दिनों की छूट को छोड़कर, गंभीर खामी नजर आती है, जो देश के एक बड़े हिस्से में प्रतिबंधित है।

इन एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों को समाप्त करने के लिए दी गई अवास्तविक समय सीमा का अर्थ है कि देश के औद्योगिक घराने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के लिए व्यावहारिक और किफायती समाधानों पर शोध और विकास करने में असमर्थ रहे हैं। नतीजतन, सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों की निर्माण क्षमता में कमी है और उनके कच्चे माल के लिए कोई सेट सप्लाई चेन भी उपलब्ध नहीं है।

सरकार इसके बजाय प्रतिबंध को टालने का विकल्प चुन सकती थी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की समानांतर रेखा विकसित करने में समय का उपयोग कर सकती थी जो सहजतापूर्वक एसयूपी स्लॉट्स जगह ले लेता। यह न केवल प्रतिबंध को और अधिक सफल बना देता बल्कि एसयूपी के उत्पादन में लगे लोगों के प्रयासों और उत्पादन मशीनरी में निवेश किए गए उद्योगों की पूंजी को भी बचा लेता। भारत को पूर्ण प्लास्टिक-मुक्त भविष्य की ओर बढ़ने की जरूरत है और यह कम समय में संभव नहीं हो सकता। सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्लास्टिक उद्योग का समर्थन नहीं कर सकती है और न ही करना चाहिए,हालांकि यह एसयूपी पर प्रतिबंध लगाती है क्योंकि यह दो कदम आगे और एक कदम पीछे ले जाने के समान होगा। भारतीय प्लास्टिक उद्योग को एक तरफ धीरे-धीरे वैकल्पिक सामग्री अपनाने की ओर मोड़ना चाहिए और दूसरी तरफ प्लास्टिक की वस्तुओं के उत्पादन और उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए, हर तिमाही में प्लास्टिक की वस्तुओं पर क्रमिक रूप से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इस संतुलित तरीके से सरकार वास्तव में दैनिक जीवन से प्लास्टिक को समाप्त कर सकती है।

कुछ अपवादात्मक उपयोगों की अनुमति दी जा सकती है जैसे कि चिकित्सा और रक्षा उद्देश्यों के लिए। बेहतर माहौल के लिए लोगों को उम्मीद है कि एसयूपी पर नवीनतम प्रतिबंध सफल होगा। लेकिन पिछली विफलताओं से कुछ सबक हैं, जिन्हें दोहराया नहीं जाना चाहिए। सरकार को दुकानदारों और उपभोक्ताओं को किफायती विकल्प उपलब्ध कराते हुए प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए।

## आप की बात

### धार्मिक कट्टरता

**नोयडा** में एक कार्यक्रम में शामिल हुए जेएनयू के स्कूल ऑफ सोशल साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रणव कुमार ने वर्तमान में धार्मिक कट्टरता के कारण घट रही निर्मम घटनाओं पर देश को चेताते हुए कहा है कि अगर देश में धार्मिक कट्टरता पर लगाम नहीं लगी तो, राजस्थान के उदयपुर व महाराष्ट्र के अमरावती में हुई दिल दहला देने वाली घटनाएं निरंतर बढ़ती जाएंगी, जिससे आगामी कुछ वर्षों में पूरा देश भयग्रस्त हो जाएगा। वैसे इन घटनाओं से देश का बहुसंख्यक वर्ग अभी भी भय में है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक कट्टरता शुरू में जम्मू कश्मीर में ही ज्यादा थी, लेकिन धीरे धीरे यह केरल, पंजाब, राजस्थान बंगाल के बाद यूपी सहित अन्य प्रदेशों में भी पनपने लगी है। भारत सरकार को कट्टरता के कारण निरंतर बढ़ती घटनाओं जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिये ताकि भविष्य में आने वाले खतरे को वर्तमान में समाप्त किया जा सके। अगर इन घटनाओं की प्रतिक्रिया समाज से आने लगी तो देश की स्थिति भयानक हो जाएगी जिसपर काबू पाना भी आसान नहीं होगा। सभी समुदायों के बीच भाईचारा विकसित करना भी जरूरी हो गया है।

-**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### आराध्यों का अपमान

**लीना** मणिमेकलाई द्वारा अपनी डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म के ट्रेलर रिलीज़ के बाद लगता है कि देश में एक वर्ग जानबूझ कर हिन्दुओं की भावनाओं के साथ खेलता है। उन्हें लगता है कि हिन्दू तो सहिष्णु है इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ज्ञानवापी विवाद के समय भगवान शिव के ऊपर तरह तरह की टिप्पणी की गई और अब मां काली को जिस रूप में फिल्म में दर्शाया गया है इससे देश के सबसे बड़े वर्ग की भावनाएं आहत हुई हैं पर ऐसा करने वालों के ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ता। नूपुर शर्मा द्वारा दिये गए बयान को आधार बना कर देश में कई निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। क्या उच्च न्यायालय द्वारा ऐसी ही टिप्पणी लीना मणिमेकलाई के लिए की जाएगी। नूपुर शर्मा तो माफी भी मांग चुकी हैं, जबकि लीना मणिमेकलाई ने माफी मांगने से साफ मना कर दिया। मेरा सरकार और माननीय न्यायालय से अनुरोध है कि इस मामले को दबाया न जाये बल्कि लीना मणिमेकलाई के ऊपर कड़ी कार्यवाही करके एक उदाहरण स्थापित करे जिससे आगे चलकर कोई ऐसा करने की हिम्मत न करे। क्योंकि हिंदू समाज ऐसे ही अपने आराध्यों का अपमान कब तक सहता रहेगा?

-**नागेन्द्र,** मेरठ

### बंदूक की संस्कृति

**दुनिया** के विकाशील देशों में शामिल भारत की युवापीढ़ी पाश्चात्य देशों की तरफ ललचायी नज़रों से देखती है। हमारे युवाओं में से कई वहां हमेशा-हमेशा के लिए बसना चाहते हैं। पश्चिमी चकाचौंध भरी लाइफ स्टाइल, वहां का खुलापन, वहां का खान पान, वहां का अय्याशी भरा जीवन, हमारी युवा पीढ़ी को खूब लुभाता है। मगर उसी के साथ खतरनाक बन्दुक की संस्कृति भी सामने आई है। 3 जुलाई को डेनमार्क के शॉपिंग सेंटर में एक 22 वर्षीय युवक ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 3 लोगों को मार दिया। दर्जनों घायल हुए। उसके बाद 4 जुलाई को शिकागो स्थित हाईलैंड पार्क में जब स्वतंत्रता दिवस परेड चल रहा थी तो एक व्यक्ति ने वहां गोलीबारी करके छह लोगों को मौत के घाट सुला दिया। क्या ऐसे खतरनाक देशों को हमें अब भी सपनों का देश समझना चाहिए ? अकेले अमेरिका में हर वर्ष 40 हज़ार लोग, बिना आतंकवादियों के, अपनों की गोलीबारी से जान गवां बैठते हैं। यह भी अमेरिका की एक सच्चाई है।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया





**भाजपा** सत्ता में गरीबों का सशक्तीकरण करती है, जबकि विपक्ष केवल परिवारों का सशक्तीकरण करता है।

– **जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष

**ये** हमले गलती के बजाय सचेतन रूप से जानबूझ कर लगाए निशाने हैं।

– **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति





**मोदी** घमंडी हो गए हैं। वे अपना विरोध करने वाली सरकारें गिरा रहे हैं।

– **के. चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

# ग्राम्य विकास संस्थान की भूमि पर पंचवटी वाटिका में रोपे गए लगभग छह हजार पौधे

● धरा को हरा करने के लिए चला अभियान

**संवाददाता।** अयोध्या



**पौधारोपण** जन आंदोलन कार्यक्रम का आज पूरे उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशो पर प्रदेश के समस्त जनपदों में शुभारम्भ किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य 5 जुलाई से 15 अगस्त 2022 तक पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधारोपण का रिकार्ड बनाना है। इसी क्रम में आज जनपद अयोध्या में पौधारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक रूदौली रामचन्दर यादव, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मुकेश कुमार मेश्राम, जिलाधिकारी नितीश कुमार, प्रधान मुख्य संरक्षक वन्य जीव केपी दूबे की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास संस्थान डाभासेमर में आयोजित किया गया। पौधारोपण महा अभियान में जनप्रतिनिधियों व अधिकारीगणों द्वारा ग्राम्य विकास संस्थान की भूमि पर पंचवटी वाटिका की स्थापना करते हुये लगभग 6 हजार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी मंचासीन जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी गणों को बोनजाई वृक्ष, बुकें व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

पौधारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक रूदौली रामचन्दर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज प्रदेश भर में यह पौधारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो 15 अगस्त 2022 तक चलेगा जिसमें पूरे प्रदेश में एक मिशन के तहत 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य को हासिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में केवल आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर जोर नही दिया जा रहा है परन्तु चहुमुखी विकास कराया जा रहा है जिसमें पर्यावरण का विकास भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान सभी लोगों को आक्सीजन का महत्व पूर्ण रूप से ज्ञात हो गया है। कैसे कोरोना पीड़ित व्यक्तियों को आक्सीजन के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा था और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आक्सीजन प्लांट की स्थापना कराकर आक्सीजन की समस्या को दूर करने का काम किया गया था। भविष्य में ऐसी प्राण वायु की कोई समस्या न आये इसके लिए हम सभी को संकल्प करना होगा कि अपने जीवन काल में पौधो को केवल लगाये ही नही बल्कि उनका संचयन कर एक वृक्ष में भी परिवर्तित करें।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मुकेश कुमार मेश्राम ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृक्षारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम के तहत 35 करोड़ पौधे 15 अगस्त तक विभिन्न चरणों में रोपित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृक्षों का महत्व बताने के साथ साथ उनका हमारे जीवन में क्या महत्व है इसकी भी जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि बिना प्राण वायु के मानव जीवन का कोई अस्तित्व नही हैं। वर्तमान समय में हम सभी देख रहे है कि कैसे प्राकृतिक संसाधनों के दुरूप्रयोग से जलए वायुए खाद्य पदार्थ आदि सभी आवश्यक चीजें दूषित हो चुकी है इसको अगर समय से ठीक नही किया गया तो आने वाले भविष्य को जीवन यापन के लिए सेंथेटिक फूढ़, पैक वाटर के साथ साथ आक्सीजन बाक्स भी लेकर साथ चलना होगा।

डीएम नितीश कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि जनपद को प्राप्त 4099757 पौधारोपण लक्ष्य के तहत आज दिनांक 5 जुलाई 2022 को 2928757 पौधे को विभिन्न स्थानों पर रोपित किये जा रहे है जिसके क्रम में आज यहां ग्राम्य विकास संस्थान में लगभग 6 हजार पौधो का रोपण किया जा रहा है। जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में 75 वृक्षों का एक अमृत वन भी स्थापित किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि वृक्षारोपण महा अभियान को जिला प्रशासन द्वारा केवल कागजो पर ही नही पूर्ण किया जायेगा बल्कि इसकी वास्तविक स्थिति धरातल पर भी दिखेगी जिसके क्रम में उन्होंने सभी विभागध्यक्षों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि 5 जुलाई से 15 अगस्त 2022 तक चलने वाले इस वृक्षारोपण जन आंदोलन में केवल पौधो को रोपित ही नही किया जाना है बल्कि कम से कम 40 दिनों तक पूरी सर्तकता के साथ उनका संरक्षण एवं देखभाल करते हुये सींचना भी है।

जिस भी ग्रामसभा, ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान, विकासखण्ड, तहसील, विभाग, अधिकारियों, आशा, आंगनबाड़ी, व्यक्ति विशेष आदि द्वारा इन 40 दिनों में स्वयं व समूहों द्वारा रोपित पौधों का अच्छे से देखभाल करते हुये जीवित रखा जायेगा, उन्हें आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित भी किया जायेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ब्लाक प्रमुख मसौधा अभिषेक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय, वन संरक्षक सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण मौके पर उपस्थित रहे और अपन अपने नाम से पौधा रोपित किया।

## ईंट निर्माता समिति नौ से बंद करेगी भट्‌ठे

**अम्बेडकरनगर।** कोयला के बढ़ते दाम एवं ईट पर ज्यादा जीएसटी लगाने से नराज भट्ठा व्यवसाइयों ने 2022 –23में पूर्ण रूप से भट्ठे को बन्द रखने का निर्णय लिया है वही बंद को सफल बनाने के लिए भट्ठा व्यवसाइयों ने 9 जुलाई से प्रत्येक ब्लाक में कार्यक्रम चलाकर बन्द को सफल बनाने का आह्वान करेगे। जनपद ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष श्री राम वर्मा ने कहा कि आल इंडिया ईट एवं टाइल्स निर्माता नई दिल्ली एवं फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईट निर्माता समिति के आह्वान पर 2022 और 23 में पूर्ण रूप से भठ्ठे बन्द करने का निर्णय लिया है, सरकार पहले ईट भट्ठे पर जीएसटी 1 फीसदी लगाती थी जिसे बढाकर 6 फीसदी किया और अब बढाकर12 फीसदी कर दिया, वही कोयले का रेट पहले 8 हजार टन होता था जो अब 24 हजार रुपया टन हो गया है इसलिए इस महंगाई में भट्ठा चलाना मुश्किल हो गया है, लेकिंन सरकार भट्ठा व्यवसाइयों की कोई मांग मान नही रही है।

# नैनी में सगे भाइयों को मारी गोली, एक की मौत, दूसरा गम्भीर

● दो पड़ोसी युवकों ने लाइसेंसी असलहे से की ताबड़तोड़ फायरिंग, नामजद एफआईआर

●नाराज परिजनों ने शव उठाने का किया विरोध, लाइसेंस निरस्तीकरण और कार्रवाई के आश्वासन पर हुए शांत


मौके पर पड़ा शव, विलाप करते परिजन।

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल इलाके में मंगलवार दोपहर यजमानी के विवाद में दबंग किस्म के लोगों ने दो सगे भाईयों को दौड़ाकर गोली मार दी। जिसमें गोली लगने से छोटे भाई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बड़ा भाई अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। दिनदहाड़े हुई हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित सीओ करछना फील्ड यूनिट की टीम समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया।

नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल प्रयागवाली टोला निवासी दयाशंकर तिवारी उर्फ पुन्नी के बेटों का पड़ोस में रहने वाले हनुमान तिवारी व शिव तिवारी पुत्र स्व संतोष से यजमानी को लेकर हुए विवाद हो गया। जिसकी शिकायत दयाशंकर के बेटे ने सोमवार को पुलिस चौकी पर की थी। कोई कार्रवाई नही होने से मनबढ़ दबंगों ने अपने जीजा राजा मिश्रा के साथ मिलकर मंगलवार दोपहर घर से सौ मीटर दूर तपस्वी आश्रम के पास स्थित बगिया पर खड़े आशीष तिवारी उर्फ बऊवा 19 को दौड़ा लिया। उसके घर के सामने पहुँचते पहुँचते ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उसे गोली मारने के बाद हमलावर आशीष के घर पर चढ़ गए और उसके बड़े भाई लवकुश 24 को भी गोली मार दी। गोली आशीष के सिर पर लगी। जिससे उसके सिर के चीथड़े उड़ गए। उसके बड़े भाई लवकुश के सीने के पास गोली लगी है। उसे आनन फानन में एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित सीओ करछना राजेश यादव इंस्पेक्टर नैनी व औद्योगिक क्षेत्र एसओ फोर्स संग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव उठाने का प्रयास किया तो लोगों ने हंगामा शुरु कर दिया। एसपी यमुनापार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई एवं दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोग शव को पोस्टमार्टम भेजने के लिए तैयार हुए। मृतक आशीष पांच भाइयों रामसखा उर्फगब्बर अरूण तिवारी रमाशंकर लवकुश से सबसे छोटा था। अरूण आशीष का ममेरा भाई है जो बचपन से ही उनके साथ रहता है। रामसखा की तहरीर पर हनुमान शिव व राजा के खिलाफ हत्या हत्या का प्रयास समेंत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की ली है।

**क्या कहते हैं एसपी**

गनशॉट की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। जिसमें यजमानी के विवाद मे गोली चलाई गई थी। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। उनके लाइसेंस निरस्त किए जाऐंगे। साथ ही लापरवाही बरतने वाले चौकी प्रभारी के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

*सौरभ दीक्षित, एसपी यमुनापार*

# 43 केंद्रों पर आज होगी बीएड प्रवेश परीक्षा, तैयारियां पूरी

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जिले में** आयोजत होने वाले बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः नौ बजे से 12 बजे एवं द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से सांय पांच बजे तक कुल 43 केंद्रों (27 विद्यालयों) पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी सैमुएल पॉल एन के द्वारा मजिस्ट्रेट, अन्य अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। वही दूसरी तरफ पुलिस विभाग की तरफ से नकल विहीन सुचितापूर्ण परीक्षा कराने हेतु समकक्षीय पुलिस अधिकारी व परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया किया गया कि उपरोक्त परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता के साथ नकल विहीन, सूचिता पूर्ण बिना किसी व्यवधान के निर्विघ्न रुप से सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु ड्यूटी में नामित कर्मचारी अपनी–अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहकर उनके द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया जाए।

## इस बार 17 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे

**अम्बेडकरनगर।** बीएड की दोनों पाली में होने वाली प्रवेश परीक्षा में कुल 17 हजार 200 परीक्षार्थी बैठेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि इसके लिए कुल 43 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 42 सीसीटीवी निगरानी पर्यवेक्षक, 86 पर्यवेक्षक, 23 केंद्रीय प्रतिनिधि और सचल दल 12 की तैनाती की गई है। परीक्षा के समय कोई भी प्रतिबंधित सामान ले जाने पर रोक लगाई गई है। सघन तलाशी के के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।

## टैलेंट को तराशने के लिए आयोजित हो रहे कार्यक्रम

**प्रयागराज।** डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीजन ने कुछ ऐसी बेमिसाल मांओं को सामने लाया। जिनकी डांसिंग स्किल्स ने यंग डांसर्स को भी मात दे दी थी और जिन्हें मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद ज़ी टीवी ने अपने पॉपुलर नॉन फिक्शन शो डीआईडी सुपर मॉम्स का तीसरा संस्करण लांच किया है। दो जुलाई से हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे प्रसारित किए जाने वाले इस नए सीज़न में रेमो डिसूज़ा भाग्यश्री दस्सानी और उर्मिला मातोंडकर जैसे जजों का एक शानदार पैनल है। टैलेंटेड मांओं की पहचान करने और उन्हें उनके सपनों का मंच देने के इसी मंत्र के साथ इस चैनल और डीआईडी की टीम की ओर से सेलिब्रिटी सुपर मॉम्स अनिता हस्सनंदानी उर्वशी ढोलकिया और जूही परमार को कुछ स्पेशल सरप्राइसेस भेजे गए और बदले में इन सेलिब्रिटी सुपर मॉम्स ने सोशल मीडिया पर कुछ दिल छू लेने वाले वीडियो संदेश पोस्ट किए।

## क्विक न्यूज

### अवध विवि की स्नातक पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग 15 जुलाई से

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की काउंसिलिंग 15 जुलाई से होगी। इसके अलावा बीफार्मा, डीफार्मा, एमएड, एलएलएम, एलएलबी की प्रवेश परीक्षा 15 से 20 जुलाई के मध्य सम्पन्न होगी। विवि के कुलपति प्रो अखिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर प्रवेश समिति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत बीए, बीएससी व बीकॉम, बीबीए, बीवोक, मास कम्यूनिकेशन एण्ड जर्नलिज्म तथा बीटेक के सभी ब्राचों की काउंसिलिंग की तिथि घोषित की। अविवि प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो एसएस मिश्र ने बताया कि बीए, बीएससी बायो व मैथ तथा बीसीए, बीवोक मास कम्यूनिकेश एण्ड जर्नलिज्म तथा बीटेक के सभी ब्राचों की काउंसिलिंग 15 से 16 जुलाई निर्धारित की गई है। वहीं बीकॉम की प्रवेश काउंसिलिंग 18 व बीबीए की 20 जुलाई है। सभी पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग विभागों कराई जायेगी। प्रो मिश्र ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को काउंसिलिंग पत्र, हाईस्कूल व इण्टरमीडिएड की मार्कशीट तथा सर्टिफिकेट की मूल कापी व दो छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के समय दो पासपोर्ट साइज का फोटो व पाठ्यक्रम की फीस ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा करनी होगी। ऑनलाइन फीस के लिए एटीएम कार्ड का लाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त जाति प्रमाण.पत्र, आधार कार्ड के साथ जिन छात्रों ने एनसीसी, एनएसएस का अधिभार लिया है उसका प्रमाण.पत्र भी लाना होगा। इसके साथ ही सभी अभ्यर्थियों को स्थानान्तरण प्रमाण.पत्र व चरित्र प्रमाण भी लाना आवश्यक है।

### रिक्त 917 पदों के लिए शीघ्र लिया जाएगा आवेदन: दयानंद प्रसाद

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज के नवनियुक्त सचिव दयानंद प्रसाद ने कहा कि आयोग में रिक्त 917 पदों के लिए शीघ्र ऑनलाइन आवेदन लेने की तैयारी है। इसकी तैयारियां आयोग में व्यापक स्तर पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में जैसे ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए मंजूरी मिलेगी। वैसे ही विज्ञापन जारी कर के अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा। यह बातें उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज के नवनियुक्त सचिव दयानंद प्रसाद ने कार्यभार संभालने के बाद सोमवार को कहीं। बलिया निवासी उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के नवनियुक्त सचिव दयानंद प्रसाद की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हुई। वह 2008 बैच के सीनियर पीसीएस हैं।



उनकी पहली तैनाती इटावा में एसडीएम के पद पर हुई थी। इसके बाद एसडीएम फूलपुर एसडीएम अमेठी वर्ष 2013 14 कुंभ मेला प्रयागराज में उप जिलाधिकारी एसडीएम प्रतापगढ़ एसडीएम सदर और एसडीएम गाजियाबाद के पद पर तैनात रहे। 2018 19 के कुंभ मेले में एडीएम कुंभ पीडीए सचिव सहित अन्य पदों पर उन्होंने कुशलतापूर्वक कार्य किया। नवनियुक्त सचिव दयानंद प्रसाद ने कहा कि उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती कर चयनित अभ्यर्थियों को महाविद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कराना उनकी प्राथमिकता होगी। जिससे शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती का कार्य शीघ्र पूरा हो सके। अगर किसी भी अभ्यर्थी को कोई परेशानी हो तो वह उनसे संपर्क कर सकता है।

### खिलाड़ियों का ट्रायल सात को

**अयोध्या।** भारत सरकार एवं उप्र सरकार के संयुक्त समन्वय से आयोजित भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इण्डिया योजनान्तर्गत डा भीमराव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल डा भासेमर अयोध्या में एथलेटिक्स खेल का सेण्टर संचालित कराये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। उक्त सेण्टर में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उद्देश से बालक बालिका खिलाड़ियों का दिनांक 7 जुलाई 2022 को अपरान्ह 4 बजे चयन ट्रायल्स आयोजित किया जायेगा। इच्छुक बालक बालिका खिलाड़ी जिनकी आयु 15 वर्ष से कम है आयोजित चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग कर सकते है। उक्त जानकारी क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी ने दी है।

### सोशलिस्ट नेता हरि नारायण मिश्र का निधन अपूरणीय क्षति: देवेन्द्र

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोहिया विचारधारा के स्तम्भ रहे हरि नारायण मिश्र के आकस्मिक निधन की खबर मिलने से भाजपाइयों मे शोक की लहर दौड़ गयी। 27 अक्टूबर 1952 को जन्मे मिश्र को तीन दिन पहले दिल्ली के मेदांता में हृदय रोग से ग्रसित होने पर भर्ती किया गया। जहाँ मंगलवार सुबह चार बजे उन्होंने अन्तिम साँस ली। उनके देहान्त की सूचना पर उनके साथ राजनीतिक रुप से जुड़े सभी लोगों में शोक की लहर व्याप्त है। काशी क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ संयोजक रहे देवेन्द्र नाथ मिश्र ने अपनी दिली संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि लोहिया के विचारों को आगे बढ़ाते हुए हमेशा दबे कुचले और गरीबों की आवाज उठाने वाले छोटे लोहिया के नाम से प्रख्यात स्व जनेश्वर मिश्र के संरक्षण में राजनीति का ककहरा सीखने वाले मीसाबंदी नेता का सभी दलों एवं युवा वर्ग में भी बहुत सम्मान था।

## अकासा और आस्था गिल ने गीत गाकर किया मंत्रमुग्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**देश के** मशहूर सुपरमॉडल मिलिंद सोमन ने दो दशक बाद इस साल के सबसे बड़े पार्टी सांग श्रृंगार के साथ म्यूजिक वीडियो में वापसी की है। ट्रैक में लोकप्रिय रैपर गायक संगीतकार रफ़्तार के साथ नागिन की हिट तिकड़ी यानी वायु आस्था गिल और अकासा भी एक साथ नज़र आने वाले हैं। इसकी पूरी टीम सही मायने में टू हॉट टू हैंडल है। श्रृंगार को वायु ने लिखा और कम्पोज किया है। जिसमें रफ़्तार ने रैपिंग की है और इस गीत को अकासा एवं आस्था गिल ने गाया है। पुनीत जे पाठक द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ किए गए। इस वीडियो के सिग्नेचर मूव वायरल की सभी खूबियों को स्पष्ट रूप से दिखाते हैं। यही बात इस गाने को प्रमाणित रूप से एक डांस एंथम बनाती है। यह गाना अब सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। मिलिंद सोमन कहते हैं। 25 साल बाद किसी म्यूजिक वीडियो में काम करके में बहुत मज़ा आया।

## वन महोत्सव प्रकृति के उपकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर : रंजन कुमार

**अम्बेडकरनगर।** सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन/नोडल अधिकारी रंजन कुमार द्वारा जनपद के विकासखंड अकबरपुर के अंतर्गत ग्राम सोनगांव में वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 के वन महोत्सव का शुभारंभ हरिशंकरी वृक्ष (बरगद, पीपल तथा पाकड) लगाकर किया गया। साथ ही साथ डीएम सैमुअल पॉल एन एवं सीडीओ सुधीर कुमार द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान सचिव ने कहा कि वन महोत्सव प्रकृति के उपकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। हमारी समृद्ध संस्कृति व परम्परा में पेड़-पौधों को विशिष्ट स्थान प्राप्त है। भारतीय संस्कृति में वृक्षों को अत्यन्त पूजनीय माना जाता है। पीपल वनस्पति जगत में सर्वश्रेष्ठ है। नीम, आंवला, बरगद आदि वृक्ष औषधीय गुणों का भण्डार होने के साथ-साथ मानव सेहत को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने वहां पर उपस्थित किसानों,



ग्रामीणों तथा जनमानस से अपील किया कि प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग, प्रकृति प्रेमी जीवन शैली, नदियों को प्रदूषण मुक्त करने में अपना सक्रिय योगदान दें। इसके उपरांत परिसर में लगाए गए पौधे का अवलोकन किया गया। सोनगांव में पौधे लगाने का जो भी लक्ष्य प्राप्त था वहां पर शतप्रतिशत वृक्षारोपण किया गया। सचिव महोदय द्वारा खुशी जाहिर किया गया। अवगत कराना है कि आज जनपद अंबेडकर नगर में वन विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कुल 2748436 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए चलाएं जनजागरूकता अभियानः मंडलायुक्त

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने बताया कि शासन द्वारा आगामी 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस पर हर घर पर तिरंगा फहराने की तैयारी है। मण्डलायुक्त ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी घरों, कार्यालयों, शैक्षणिक, व्यवसायिक, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि में दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय झंडे को फहराये जाने के निर्देश शासन द्वारा जारी किये गये है। कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से प्रचार.प्रसार हेतु स्वास्थ्य केन्द्रोंए स्कूलों, बाजारों, उचित मूल्य की दुकानों, सोशल वेबसाइट आदि के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जाय। उन्होंने बताया कि



मण्डल के समस्त जनपदों के शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना के समय सभी विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के विषय में जागरूक करते हुये शपथ ग्रहण करायी जाय कि वे अपने अभिभावकों के माध्यम से मित्रों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों को प्रेरित कर राष्ट्रीय झंडे को उक्त अवधि में अपने अपने घरों में फहरायेंगे तथा विकासखण्ड स्तर पर एएनएम, आशा बहुओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक कराकर अपने अपने कार्य क्षेत्रों में समस्त घरों में झंडो को फहराने हेतु जन जागरूकता उत्पन्न करने का अभियान चलायें। उन्होंने बताया कि दिनांक 15 जुलाई से 5 अगस्त 2022 तक सभी जनपदों के समस्त घरो, दुकानों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानो, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी व गैर सरकारी परिसरों में झंडो की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय। सभी जिलाधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रशासन के सोशल मीडिया माध्यम यथा.ट्विट्रए फेसबुक, इंस्टाग्रामए कू एवं जिला प्रशासन की वेबसाइटों आदि पर हर घर तिरंगा् कार्यक्रम का व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित किया जाय।

# पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्णः डीएम

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**मंगलवार** को विकास खण्ड कटेहरी क्षेत्र के अंतर्गत बरामदपुर लोहरा गाँव मे किसान उदय कुमार सिंह के यहाँ डीएम सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में पौधरोपण हुआ। जिले में 38 लाख 46 हजार 36 सौ पौधरोपण का लछ्य है।जिसमें अबकी बार किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे, किसानों को भी सरकार की तरफ से पौधे लगाए जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में किसान उदय कुमार सिंह ने फलदार आम, जामुन, अमरूद, नींबू, आँवला, अनार, सागौन, नीम से लेकर छायादार 200 पौधरोपण कराकर मिशाल दी है। साथ गाँव मे और किसानों को भी पेड़ कृषि विभाग द्वारा वितरण किया गया जिससे गाँव मे कुल मिलाकर मंगलवार को हजारों पौध से ज्यादा पौधरोपण हुआ ।रोहित राम 20पेड़ ,छोटेलाल गौड़ 10 पेड़ , मिट्ठू निषाद 10 पेड़, निन्हु निषाद 10 पेड़ , रामशब्द निषाद 10 पेड़ आदि किसानों को भी पौध वितरण किया गया। डीएम ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पेड़ हमें उपजाऊ धरती ही नहीं हमारी संस्कृति को भी बचाए रखते हैं। ऐसे में हमें इन पेड़ों को कम से कम बचाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि वातावरण हरा भरा रख सकें। उन्होंने ने बताया कि पेड़ों से हमारा वातावरण हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त रहता है। इन पेड़ों के बहुत उपयोग हैं। यह पेड़ बारिश होने और सूखा, बाढ़ रोकने में भी मदद करते हैं। पेड़ों



के अभाव में आज बरसात कम होती जा रही है और वातावरण भी प्रदूषित होता जा रहा है। हमें धरती की हरीतिमा बनाए रखने तथा शुद्ध वातावरण के लिए पौधरोपण आवश्यक रूप से करना चाहिए। इसके लिए दूसरे को भी प्रेरित करना चाहिए। जिला कृषि अधिकारी व प्रभारी उपकृषि निदेशक पीयूष राय ने पेड़ भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रूवही मौजूद जिला कृषि अधिकारी व प्रभारी उपकृषि निदेशक पीयूष राय ने वहाँ उपस्थित किसानों को पौध लगाने के लिए प्रेरित किया।

## नवागत सीडीओ सुधीर कुमार ने पदभार ग्रहण किया

**अम्बेडकरनगर।** यूपी कैडर से वर्ष 2018 बैच के आइ ए एस अधिकारी सुधीर कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी की कमान संभाल ली है। यहां से पहले वह बांदा जिले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रहे। स्थानांतरित होने के बाद पहली बार सीडीओ बने हैं। उन्होंने जिले के 37वें सीडीओ के रूप में जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह से चार्ज लिया। इनका गृह राज्य हरियाणा है। नवागत सीडीओ का जिले में पहला दिन बेहद व्यस्त रहा। सुबह पहुंचे नगर विकास के सचिव का स्वागत कर अकबरपुर तहसील के गांव में भ्रमण करने जिलाधिकारी के नेतृत्व में निकल गए। सीडीओ ने पौधारोपण महाभियान से ठीक एक दिन पहले पदभार संभाला तो उन्हें अपने कार्यालय विकास भवन तक पहुंचने का अवसर नहीं मिला। अकबरपुर ब्लाक के दो गांवों को देख कर लौटने के बाद कलेक्ट्रेट में पौधारोपण महाभियान की तैयारी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। यहां से निकलते भीटी तहसील पहुंचे।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान

# इफको परिसर में लगेंगे विभिन्न प्रजातियों के चार हजार फलदार वृक्ष

● मुख्य अतिथि आराधना शंखधर श्रम प्रवर्तन अधिकारी फूलपुर ने किया पौधरोपण

**प्रयागराज।** वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान के तहत मंगलवार को इफ्को घियानगर फूलपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आराधना शंखधर श्रम प्रवर्तन अधिकारी फूलपुर और बंक बहादुर श्रम प्रवर्तन अधिकारी सोरांव उत्तर प्रदेश सरकार रहे। कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने बताया कि वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत इफ्को अपने परिसर में 4000 विभिन्न प्रजातियों के फलदार वृक्ष लगा रहा है। उप्र सरकार एवं इफ्को के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 5 जुलाई से 7 जुलाई तक तीन दिवसीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम होगा। संयुक्त महाप्रबंधक एम डी मिश्र संजय वैश्य पीके सिंह संजय भंडारी डा अनिता मिश्रा अरुण कुमार मौजूद रहे। उप महाप्रबंधक दानवीर सिंह इफ्को ऑफिसर्स एसो. के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र महामंत्री स्वंय प्रकाश इफ्को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय महामंत्री विनय यादव अन्य वरिष्ठ अधिकारी अरवेन्द्र कुमार उमेश कुमार शुक्ला शम्भू शेखर विश्वजीत कुमार श्रीवास्तव कर्नल दिनेश सिंह चीरंजीव मिश्र पद्माकर त्रिपाठी राजशेखर गुनालन वाई एन मौर्य आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करतीं महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी।

## महापौर, अपर नगर आयुक्त ने किया पौधरोपण

**प्रयागराज।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित प्रदेश स्तरीय वृक्षारोपण अभियान 2022 के अंतर्गत झूंसी प्रयागराज के गंगा पार्क में पौधरोपण किया गया। नगर निगम की टीम ने फल एवं औषधियुक्त पौधों का पौधरोपण किया। अपर नगर आयुक्त रत्न प्रिया जोनल अधिकारी मदन गोपाल और संजय ममगई अवर अभियंता राम सक्सेना आदि रहे।

## भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

**प्रयागराज।** डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23 जून से जन्म जयंती 6 जुलाई तक वृहद पौधारोपण हुआ। अनामिका चौधरी प्रदेश मंत्री भाजपा उप्र ने वेणीमाधव मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रयागराज के अंबेडकर पार्क में पौधारोपण किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि आम नीम अमरूद जामुन सागौन के दो दर्जन से अधिक पौधे का रोपण किया गया। मंडल अध्यक्ष भरत निषाद जिला उपाध्यक्ष भाजपा राघवेन्द्र सिंह जिला मंत्री राजू राय विधि प्रकोष्ठ महानगर संयोजक जय वर्धन त्रिपाठी नीलम शुक्ला अरुण शुक्ला अशोक तिवारी प्रभारी मंडल पौधारोपण सविता सिंह काशी नाथ सोनकर उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 6 जुलाई, 2022



सीतापुर में 37 नए आपराधिक गैंग पंजीकृत, पुलिस के सौ दिनों का रिपोर्ट कार्ड

# 163 अभियुक्तों पर लगाया गैंगेस्टर, 139 को भेजा जेल

- **गैंगेस्टरों की 58 प्रकरणों में 36 करोड़ 6 लाख 75 हजार 266 रुपये की संपति जब्त**
- **पिछले सौ दिनों में 12 नए अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर पुलिस** ने पिछले सौ दिनों की अवधि में जनपद में 37 नए गैंग पंजीकृत किए हैं। यह गैंग लूट, नकबजनी शराब तस्करी, गोवध और चोरी की वारदातें अंजाम देते हैं। इसके अलावा गैंगेस्टर एक्ट के तहत 40 अभियोग दर्ज करते हुए 163 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट तामील किया गया है। इनमें से 139 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। जेल भेजे गए 139 गैंगेस्टरों में गोकशी के 30, शराब करोबार से जुड़े 33 तथा 100 अन्य अपराधों से जुड़े अभियुक्त हैं। सीतापुर पुलिस ने पिछले सौ दिनों का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए यह जानकारी दी है। सीतापुर पुलिस की ओर से जारी सौ दिनों के लेखा जोखा में बताया गया है कि गैंगेस्टर एक्ट के अंर्तगत 58 प्रकरणों में 36 करोड़ 06 लाख 75 हजार दौ सौ 66 रुपये की संपति जब्त की गई है। जिसमें 06 करोड़ 66 लाख 30 हजार 951 रुपये की संपति शराब माफिया, 02 करोंड़ 54 लाख 28 हजार आठ सौ रुपये की संपति



गौकशों और चार भूमाफियों की 24 करोड़ 04 लाख 48 हजार 956 रुपये की संपति शामिल है। इसके अलावा आबकारी अधिनियम के तहत 1302 अभियोग पंजीकृत करते हुए 1290 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 22 हजार 607 लीटर कच्ची शराब और 3680 किलो लहन नष्ट किया गया। पिछले सौ दिनों में 12 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। अभियान चलाकर लंबित विवेचनाओं में से 4810 मामले निस्तारित की गई। गुंडा अधिनियम के अंर्तगत 464 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिसमें 22 अपराधियों को जिला बदर घोषित किया गया। चेंकिंग में नौ जिला बदर ऐसे मिले जो जनपद की सीमा में ही निवास कर रहे थे, उन्हें गिरफ्तार कर गुंडा अधिनियम में चालान किया गया है। जिला स्तरीय टॉप-10 अपराधियों में से अब कुल 262 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। पचपन इनामिया अपराधियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया है। थानों पर जब्तशुदा 2600 वाहनों का शत प्रतिशत निस्तारण किया गया। मिशन शक्ति के तहत 171 महिला बीट का आवंटन किया गया, जिसमें 342 कर्मी नियुक्त किए गए। महिलाओं से संबंधित विकास योजनाओं की 14 हजार ई बुकलेट का वितरण कराया गया, 20 हजार 680 सार्वजनिक जगहों पर चेकिंग के दौरान 7 हजार 20 शोहदों को हिदायत देकर छोड़ा गया जबकि 180 शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सौ दिनों की अवधि के दौरान छह वादों में उम्रकैद, 16 वादों में दस साल से अधिक, 27 वादों में दस साल से कम की सजा सुनाई गई, इन मामलों में पुलिस की पैरवी का अहम योगदान रहा। दो हजार 455 वाहनों का ई चालान, 85 वाहन सीज कर 6 हजार 18 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। 513 अतिक्रमण अभियान चलाए गए जिनमें 711 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इसी तरह बिना किसी प्रतिरोध के 1322 धार्मिक स्थानों से 3481 लाउड स्पीकर हटाते हुए 2883 लाउड स्पीकरों को 1425 संस्थानों व स्थलों पर लगाया गया।

# भाजपा विचारधारा आधरित दल है: रमेश भार्गव

- **बिसवां व खैराबाद देहात मंडल कार्यसमिति की बैठक ब्लाक परिसर में संपन्न हुई**



**सीतापुर।** बिसवा देहात मण्डल कार्यसमिति की बैठक रामाभारी में संपन्न हुई बैठक में क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ फाउंडेशन की प्रदेश संयोजक पूनम मिश्रा, जिला महामंत्री रमेश कुमार भार्गव दीपू, मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर कश्यप, नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री खुशीराम मौर्य, छोटे लाल भार्गव महामंत्री, राकेश वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख, मिथिलेश सिंह, मधुकांत मौर्य, सुमेरी सिंह चौहान, रिंकू ख़ान, रामनरेश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर खैराबाद देहात भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक स्थानीय ब्लाक परिसर में आज संपन्न हुई प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित दल है। अपनी नीतियों, सिद्धांतों व आदर्शों के चलते भाजपा ने देश के जनमानस के दिलों में अपनी जगह बना ली है। संजय मिश्रा कहा हमारे महापुरुषों के बलिदान के चलते भाजपा आज प्रत्येक गांव व नगर में आम जनमानस की पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक में प्रत्येक बूथ पर भाजपा मजबूती से खड़ी है। मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार शुक्ला ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को स्वच्छ भारत अभियान, पौधारोपण, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार, विदेशी सामानों का बहिष्कार,जल संचयन के विषय में संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम से पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात जिला पंचायत सदस्य संदीप मिश्रा के भाई सौरभ मिश्रा की पिछले दिनों आकस्मिक मृत्यु पर 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर अपूर्व अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य अनूप त्रिपाठी सहित मंडल कार्यसमिति, मोर्चा व शक्ति केंद्रों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीतापुर में वृहद स्तर पर किया गया पौधरोपण

- **सांसद, राज्यमंत्री, अपर प्रमुख सचिव सहित जिले के अधिकारियों ने लगाए पौधे**

संवाददाता। सीतापुर



**पर्यावरण संरक्षण** के लिए मंगलवार को जनपद में वृहद्ध स्तर पर पौधरोपण किया गया। जनपद मुख्यालय से लेकर नगरों, कस्बों और गांवों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों ओर समाजसेवी संस्थाओ के अलावा ग्रामीणों किसानों ने पौधा का रोपण कर धरा पर हरियाली फैलाने का संदेष दिया। फ्ल एवं छायादायी पौधों का रोपण करने के साथ औशधि पौधें भी रोपे गए। सागौन, चिलवल, कंजी, नीम, पीपल, जामुन, अर्जुन, बरगद, गूलर, पाकर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। वन विभाग के कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक लक्ष्य के सापेक्ष 72 प्रतिषत पौध रोपण का काम मंगलवार को पूरा कर लिया गया। बता दें कि सीतापुर में 71 लाख 11 हजार 685 पौधों का रोपण किया जाना है। इसी क्रम में मगलवार को सीतापुर में सोमवार को वृहद वृक्षारोपण की शुरुआत हो गई, जिसका शुभारंभ जीआईसी के परिसर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव जिले की नोडल अधिकारी आराधना शुक्ला ने किया। सीतापुर में 72 लाख के करीब पौधों का वृक्षारोपण किया जाना है, नोडल अधिकारी आराधना शुक्ला ने दो दिन पहले ही वृक्षारोपण को लेकर स्थलीय निरीक्षण करना शुरू कर दिया था। एसीएस आराधना शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन वृक्षों को उन्होंने स्वयं लगाया है। इस मौके पर राज्यमंत्री अजीत वर्मा, सांसद राजेश वर्मा, जिलाधिकारी अनुज सिंह, सीडीओ अक्षत वर्मा सहित तमाम अधिकारीगण मौजूद रहे। रेउसा संवाददाता के अनुसार पशु अस्साल परिसर, अकसोहा गौशाला, महेशपुर गौशाला में पशु चिकित्सक रेउसा डॉ जागेन्द्र वर्मा ने बृक्षारोपण किया। खंड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला, जेई रूबी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनधि अवधेश चौहान, एडीओ पंचायत विनोद यादव, सचिव सोमपाल, मनोज मौर्य, राहुल आनंद। रेउसा ब्लॉक परिसर, गौशाला, पंचायत भवन, स्कूल परिसर आदि में पौधे रौपे गए।

# नवागत अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन)ने किया पदभार ग्रहण



**बरेली।** श्री राजीव अग्रवाल ने इज्जतनगर मंडल पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप इज्जतनगर मंडल पर ही वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) के पद पर कार्यरत थे।श्री राजीव अग्रवाल ने रूड़की विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा आई.आई.टी., दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग में परास्नातक की उपाधी प्राप्त करने के उपरांत भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के माध्यम से रेल सेवा में पदार्पण किया। आप वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) के पद का कार्यभार बखूबी निभा चुके हैं। आपको बैडमिंटन खेलने एवं संगीत में अभिरुचि है। आप रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। आपको रेल प्रबंधन एवं रेल परिचालन का गहन अनुभव प्राप्त है।

# 100 दिवसीय कार्ययोजना में पुलिस ने की प्रभावी कार्यवाही

**बरेली।** शासन द्वारा निर्धारित 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत बरेली पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही की गयी । पुलिस ने जनपद के कुख्यात तस्कर माफियाओं एवं 69 गैंगस्टर अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 33,51,58,341 रुपए की सम्पत्ति जब्तीकरण करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी । अपराधियों को चिन्हित कर 139 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई। थाना स्तर से टॉप-10 अपराधी व वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाकर समस्त थानों द्वारा कुल 4387 गिरफ्तार किये गये है । 86 चिन्हित टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।बालिका एवं महिला सम्बन्धी अपराधों में सम्बन्धित थाना पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर न्यायालय से पोक्सो एक्ट के 58अभियुक्तों को अन्य कारावास एवं 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास से दण्डितकिया गया । समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा हेतु विशेष दल द्वारा स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान, सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओंध् हेल्पलाइन न0 1090, 1078,102, 108, 181,112,1076, 1930 की विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया।सभी थानों पर महिला बीट को प्रभावी बनाये जाने के लिए 18 नई को जनपद के समस्त थानों से 548 महिला बीट पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा बीट क्षेत्र के महिलाओं कोसरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया । समस्त थानों पर आगन्तुकों के लिए बैठने एवं पेयजल की उचित व्यवस्था तथा महिला आगुन्तकों केलिए शौचालयों की व्यवस्था की गयी।

# मण्डलायुक्त ने वट वृक्ष लगाकर किया वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

**संडीला (हरदोई)।** प्रदेश सरकार के महा वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ लखनऊ मण्डलायुक्त द्वारा वट वृक्ष का पौधा लगाकर किया गया। मण्डलायुक्त रोशन जयकब ने ग्राम नारायनपुर में मियाबाकी पद्धति से वृक्षारोपण का शुभारंभ स्वंय वट वृक्ष लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंनें वृक्षों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे इन वृक्षों की देखभाल भी करें। यहां 350 पौधे लगाए गए। यहां सीडीओ आकांक्षा राना, एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह, बीडीओ एपी सिंह, बीडीओ राजीव गुप्ता तथा पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह, एपीओ आलोक कुमार अस्थाना, एडीओ पंचायत मेवाराम, एडीओ पीपी तथा ग्राम प्रधान एवंत माम ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम समोधा में आयोजित वृक्षारोपण समारोह में क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। यहां बीडीओ बेंहदर तथा एसडीएम समेत नोडल अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने यहां गौशाला का भी उद्घाटन किया। पुलिसकर्मियों ने वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया जिसमें प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह समेत तमाम पुलिसकर्मियों ने वृक्ष लगाए। नगर पालिका परिषद द्वारा कान्हा गौशाला तथा सेंट



वृक्षारोपण करते मण्डलायुक्त तथा अन्य अधिकारी

थेरेसा बाईपास पर सड़क के किनारे वृक्षारोपण किया। यहां अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, एसआई सौरव शुक्ला, जलकल अभियंता सुनील यादव समेत कई सभासद मौजूद रहे। ग्राम पंचायत मलेहरा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख संघ संरक्षक कुंवर वीरेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है की वृक्षारोपण करके इस धरती को सुरक्षित बनाने का कार्य करें। यहां अमरजीत सिंह, बुद्धालाल, ग्राम पंचायत अधिकारी सलीम खां आदि मौजूद रहे।

# जिलेभर में समारोहपूर्वक रोपे गए पौधे, लोगों से की हरियाली बढ़ाने की अपील

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**आजादी के** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार अलसुबह खीरी में वृक्षारोपण जन आंदोलन-2022 का आगाज हुआ। वन एवं वन्यजीव विभाग तथा अन्य राजकीय कार्यदायी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ने तय लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का रोपण शुरू किया।

नपाप लखीमपुर के तत्वावधान में छाउछ में नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष निरुपमा बाजपेई, आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह, अर्बन बैंक चेयरमैन पुष्पा सिंह, सीडीओ अनिल सिंह ने विभिन्न प्रजातियों के पौधेरोपण किया। वहीं इसी परिसर में महिलाओं द्वारा शक्ति वन की आधारशिला रखी। नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने कहा कि जीवन बिना वन के संभव नहीं है। धरती बचाना है तो पौधरोपण करें। आने वाली पीढ़ी को खूबसूरत व हरा भरा बनाकर दें। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हरियाली लाने, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण करना जरूरी है। वृक्षों से पर्यावरण की सुरक्षा होती है। आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक पौध रोपित कर धरती का आभूषणयुक्त बनाना है। पौधरोपण न केवल वैज्ञानिक रूप से बल्कि आध्यामिक रूप से हम सबके लिए आवश्यक है। सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि वृक्ष बिना किसी अपेक्षा के हमें जीवनदायी आक्सीजन, फल, ईधन देते हैं और इसके साथ ही वह हमें बहुत बड़ी सीख भी देते है।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमओ आफिस प्रांगण में पौधरोपण किया गया। यह कार्यक्रम सांसे से हो रही कम आओ वृक्ष लगाएं हम की थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम डा. शैलेंद्र भटनागर की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। वहीं एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डा. बीसी पंत और डिप्टी सीएमओ डा. धनीराम भार्गव ने पौधे लगाकर वृहद कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी तरह 200 शैय्या







चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में भी अधीक्षक डा. एसी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। उपस्थित समस्त कर्मचारियों ने प्रांगण पौधारोपण किया। इस दौरान डा. पूनम, देवनंदन श्रीवास्तव, सचिन मिश्रा, श्रद्धा श्रीवास्तव, रत्ना सिन्हा, ईशा तिवारी, ममता नीलांजना, निशा मिश्रा, ईशा तिवारी, करुणा और शिवानी शुक्ला सहित अन्य स्टाफ भी पौधारोपण किया।

वन महोत्सव के अवसर पर एसपी संजीव सुमन ने वृक्षारोपण अभियान-2022 के अन्तर्गत पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि वृक्ष मानवता की रक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं। वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाने, चौकी व पुलिस कार्यालय परिसर में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा बड़ी संख्या में फलदार, छायादार आदि पौधों को लगाकर वृक्षारोपण अभियान में अपना योगदान किया गया।

वामा सारथी, उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु परिवार कल्याण केन्द्र परिसर में योग शिविर का शुभारंभ किया गया। पुलिस परिवार की महिलाओं व बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने तथा जीवनशैली में योग के माध्यम से सकारात्मकता लाने हेतु भारतीय योग संस्थान द्वारा परिवार कल्याण केन्द्र परिसर में योग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नरेश चंद्र वर्मा प्रांतीय प्रधान, सेवक सिंह अजमानी संरक्षक, रमेश कुमार वर्मा जिला पुरुष प्रधान, अर्चना श्रीवास्तव जिला महिला प्रधान, किरण अग्रवाल महिला जिला मंत्री, डा. सुशीला सिंह महिला जिला संगठन मंत्री, सुमन वर्मा क्षेत्रीय प्रधान, राम बहादुर जिला कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। उक्त शिविर के माध्यम से योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन महिलाओं एवं बालिकाओं को योगाभ्यास कराया जाएगा तथा योग के विभिन्न आसनों एवं आयामों के विषय में बताकर योग से होने वाले लाभ के विषय में जागरूक किया जाएगा।

**निघासन संवाददाता के अनुसार,** वृक्षारोपण जन आंदोलन-2022 के तहत ग्राम लुधौरी के पंचायत भवन में प्रधानपति मनोज जायसवाल की मौजूदगी में समूह की महिलाओं को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं समूह की महिलाओं को पौध वितरित किए गए। ग्राम्य विकास अधिकारी स्वाती लोधी व प्रधानपति मनोज जायसवाल ने पंचायत भवन में पौधरोपण भी किया। इस दौरान ग्राम रोजगार सेवक राजू गिरी, सौरभ जायसवाल, ग्राम पंचायत सदस्य पूरन कश्यप व पत्रकार संजीव श्रीवास्तव सहित तमाम समूह की महिलाएं मौजूद रही। इसी तरह ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग में गुड्डी देवी ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष भाजपा सौरभ शुक्ला की माता द्वारा भी वृक्ष लगाया गया। ग्राम पंचायत सचिव उपदेश वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक आशीष कनौजिया, प्राथमिक विद्यालय सरपतहा के समस्त स्टाफ़व समूह के महिलाएं व ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

**मैलानी संवाददाता के अनुसार,** थाना मैलानी पुलिस के प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल, उप निरीक्षक कौशल किशोर, अवनीश्वर तिवारी, मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश द्विवेदी, आरक्षी जितेन्द्र कुमार चौरसिया, आरक्षी रोबिन व आरक्षी जाबिर ने थाना परिसर में उपस्थिति होकर वृक्षारोपण किया।

**ढखेरवा संवाददाता के अनुसार,** मिशन शक्ति के तहत ग्राम पंचायत सेमरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंचनपुर में वृक्षारोपण का कार्य प्रधानपति ताज खान की देखरेख में खंड विकास अधिकारी रमियाबेहड़ अतिथि कार्यक्रम अधिकारी रमियाबेहड़, ग्राम विकास अधिकारी पंकज कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय कि प्रधानाध्यापक निशी यादव, तकनीकी सहायक राकेश कुमार अवस्थी, ग्राम रोजगार सेवक शिव शंकर, पंचायत सहायक मोहम्मद आदिल, आशा बहुएं, समूह की महिलाएं, समस्त अध्यापकगण व ग्राम वासियों के साथ मिशन शक्ति वृक्षारोपण के तहत वृक्षारोपण का कार्य संपन्न कराया गया।

# चोरों ने पार की लाखों की नकदी-सामान

- **दरवाजे की कुंडी काटकर घुसे थे चोर**
- **सूचना मिलने पर सीओ ने किया मौका मुआयना**
- **जल्द ही खुलासे का दिया आश्वासन**

संवाददाता। बेहजम-खीरी



**नीमगांव थाना** क्षेत्र के भूपतिपुर गांव में एक प्रतिष्ठित किसान के मकान के पिछले हिस्से में दरवाजे की कुंडी तोड़ कर अज्ञात चोरों ने घर में दाखिल होकर नकदी सहित लाखों रुपए के जेवरात और कपड़े लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर नीमगांव पुलिस के साथ सीओ मितौली ने घटना स्थल पर जाकर बारीकी से जांच पड़ताल कर रिपोर्ट दर्ज कर चोरी की घटना के खुलासे की बात बताई है। थाना नीमगांव के भूपतिपुर निवासी हरिश्चंद्र त्रिपाठी गांव में खेती किसानी का कार्य करते हैं। वन विभाग में मोहरेना वन डिपो पर मौजूदा समय में कर्मचारी हैं। बताते हैं कि सोमवार रात वह अपने परिवार के साथ गर्मी की वजह से मकान की छतों पर सोए हुए थे। सुबह जब पांच बजे जब छत से नीचे आये तो देखा की घर के एक कमरे के बाहर से रोशनी आ रही थी। कमरे में जाकर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। आलमारी का ताला टूटा पड़ा था। मकान के पिछले से दीवार में नकब लगी थी जहां से घुस कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घर में चोरी की ख़बर फैलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वहीं मामले की जानकारी पर पुलिस गांव पहुंची और जांच पड़ताल की पीड़ित ने लिखित तहरीर देकर बताया कि सोने की अंगूठी, गले का माला सोने का, कान के झाले, नाक की नथनी, मांग बेदा, करधनी, पायल दो जोड़ी, हाथ का हथफूल, बच्चों की जेवरात की कीमत लगभग तीन लाख सहित 80 हजार रुपये की नकदी व अन्य सामान चोरी हो गया। घटना की सूचना पर सीओ प्रशिक्षु आदित्य कुमार थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार गंगवार चौकी प्रभारी सिकंद्राबाद सुनील सिंह सहित सीओ मितौली अभय कुमार मल्ल ने मौके वारदात पर पहुंच कर चोरी की घटना स्थल पर बारीकी से जांच पड़ताल कर रिपोर्ट दर्ज की बात कही है और चोरी की घटना का पर्दाफाश भी करने का पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है। आखिर नीमगांव पुलिस इन चोरियों पर लगाम क्यों नहीं लगा पा रही हैं। वहीं ग्रामीण रोजाना रात जागकर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। वहीं लगातार हो रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोष देखने को मिलने लगा है।

# चोरी की 10 बाइक सहित दो गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज के नेतृत्व में थाना मैगलगंज पुलिस टीम द्वारा ग्राम शिवपुरी के पश्चिम तालाब के पास से दो नफर अभियुक्तों मोनू पाल पुत्र सुरेश पाल निवासी फत्तेपुर थाना मैगलंगज व फिरोज पुत्र इस्लामू निवासी ग्राम शिवपुरी थाना मैगलगंज खीरी के कब्जे से दो चोरी की बाइक व पूछताछ करने पर अभियुक्तगणों की निशादेही पर फिरोज के आंगन से आठ चोरी की मोटरसाइकिल सहित कुल 10 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना मैगलगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में थाना मैगलगंज उप निरीक्षक नवीन कुमार द्विवेदी, कांस्टेबल अभिषेक कुमार, कांस्टेबल अक्षय कुमार, कांस्टेबल अजीत कुमार, कांस्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल तरुण कुमार शामिल रहे।

# शादी का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण करता रहा युवक

- **गर्भवती होने पर मां-बेटे ने कराया गर्भपात**
- **शादी के बाद अनबन होने के चलते पति से अलग रह रही थी महिला**
- **महिला की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**मोहम्मदी** कस्बे से एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसने इंसानियत को शर्मशार कर दिया है। जी हां पूरा मामला कोतवाली कस्बा मोहम्मदी का जहां पर एक महिला जो कि मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा की रहने वाली है जिसने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि उसकी शादी 2016 में बुदागंज निवासी पंकज गुप्ता से हुई थी। पारिवारिक मतभेद के चलते वह 2017 से अपने मायके में रह रही थी। वहीं मोहल्ले के मोनू पांडेय पुत्र सत्यप्रकाश पांडे का उसके घर आना जाना हो गया।

उसने पीड़िता को प्रलोभन देकर कहा कि वह उसे मुकद्दमा जितवा देगा क्योंकि उसकी पुलिस व कोर्ट में अच्छी पकड़ है। पीड़िता उसके जाल में फंस गई। उसके बाद उसने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया। इसके साथ ही उसने कहा कि वहां तुम्हारी तलाक करवा खुद उससे शादी करने का झांसा दे डाला। अब क्या था। पीड़िता 2 माह के गर्भ से हो गई।

जब यह मोनू पांडे को पता चला तो उसने अपनी मां व बहन के साथ मिलकर उसका गर्भपात करा दिया लेकिन पीड़िता को लगातार शादी का प्रलोभन देकर चुप कराता रहा। उसके बाद जब अन्य लोगों से शारीरिक संबंध बनाने के लिए पीड़िता को विवश किया। तब उसने इसका विरोध किया जिसका परिणाम पीड़िता को 50 हजार रुपए व अपनी जान जोखिम में डालने की नौबत से गुजरना पड़ा लेकिन पीड़िता ने अन्ततः पुलिस को सूचित कर दिया। ज्ञात हो कि ये वहीं मोनू पांडे है जिनका कस्बा मोहम्मदी चौकी पर सुबह हो या शाम वहीं पुलिस कर्मियों के साथ नजर आएंगे। अब पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने मुकद्दमा तो पंजीकृत कर लिया है लेकिन आरोपी पुलिस की हिरासत से दूर नजर आता दिखाई दे रहा है। अब इन पर पुलिस महकमा मेहरबान है या सत्ता धारी पार्टी ये कहा नही जा सकता। बहरहाल पुलिस ने मोनू पांडेय, मां मधु व बहन नन्दनी पांडे के विरुद्ध आईपीसी की धारा 376, 313, 452, 420 तथा 323 के अधीन मुकद्दमा पंजीकृत कर लिया है।

# मुंबई में भारी बारिश के बीच जलभराव और यातायात संकट

**● मुख्यमंत्री शिंदे ने हालात का जायजा लिया**



**मुंबई।** मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को भारी बारिश के कारण अनेक स्थानों पर जलभराव देखने को मिला, जिससे ट्रेन और वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई। महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक सावधानी बरतने समेत यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई जान-माल का नुकसान न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ग्रस्त इलाके से साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। बरसात से महानगर में सामान्य जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और तत्काल राहत मिलती नजर नहीं आ रही। नगर निकाय के अधिकारियों ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों में मुंबई और इसके उपनगरों में मध्यम से भारी बारिश की भविष्यवाणी की है, अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि द्वीप शहर (दक्षिण मुंबई) में सुबह आठ बजे समाप्त 24 घंटों की अवधि में औसतन 95.81 मिमी बारिश हुई, जबकि इसी अवधि के दौरान पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमश: 115.09 मिमी और 116.73 मिमी बारिश दर्ज की गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों ने कहा कि सुबह आठ बजे से 11.30 बजे के बीच द्वीप शहर में औसतन 41 मिमी बारिश हुई, जबकि पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमश: 85 मिमी और 55 मिमी बारिश हुई।

रेलवे सूत्रों ने कहा कि मुंबई की जीवन रेखा मानी जाने वाली उपनगरीय ट्रेन सेवाएं कुर्ला के पास पटरियों पर जलजमाव के कारण मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य और हार्बर कॉरिडोर पर प्रभावित हुईं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने कहा कि मध्य रेलवे मार्ग के सायन, कुर्ला, तिलक नगर और वडाला क्षेत्रों में पटरियां पानी में डूब गईं। यात्रियों ने पड़ोसी नवी मुंबई में हार्बर लाइन पर पनवेल, खंडेश्वर और मानसरोवर स्टेशन में कुछ सबवे में गंभीर जल-जमाव की शिकायत की, जिससे उन्हें टखने तक पानी से गुजरना पड़ा। आईएमडी ने अगले चार दिनों में महाराष्ट्र के लिए भारी बारिश की चेतावनी की है, जिसके बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को सावधानी बरतने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई जान-माल का नुकसान न हो। आईएमडी ने दक्षिण कोंकण क्षेत्र और गोवा के लिए ऑरेंज अलर्ट और उत्तरी कोंकण, उत्तर मध्य और दक्षिण मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा क्षेत्रों के लिए एलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग चार रंग पर आधारित भविष्यवाणियां जारी करता है। हरे रंग का मतलब कोई चेतावनी नहीं, पीले रंग का मतलब निगरानी रखें, नारंगी रंग का मतलब सतर्क रहना है, जबकि लाल रंग का मतलब चेतावनी है और इस स्थिति में कार्वाई करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में कहा कि शिंदे ठाणे, रायगढ़, पालघर, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के कलेक्टरों के संपर्क में हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल को भी अलर्ट रहने को कहा गया है।

बयान में कहा गया है कि मुंबई की स्थिति पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुंबई के पास स्थित रायगढ़ जिले में कुंडलिका नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। अंबा, सावित्री, पातालगंगा, उल्हास और गाढ़ी नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब है। सीएमओ के बयान में कहा गया, बढ़ती बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने मुख्य सचिव मनु कुमार श्रीवास्तव के साथ चर्चा की है। संरक्षक सचिवों को अपने जिलों में पहुंचने और स्थिति की निगरानी करने के लिए कहा गया है।

# शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव मैंने भाजपा नेतृत्व को दिया था: फडणवीस

**भाषा।** नागपुर

**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि महा विकास आघाड़ी सरकार के गिरने के बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व को एकनाथ शिंदे को नया मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया था। फडणवीस ने यह भी स्वीकार किया कि वह उप मुख्यमंत्री का पद संभालने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चर्चा और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने अपना निर्णय बदल दिया।

फडणवीस ने कहा कि भाजपा नेतृत्व का मानना था कि उन्हें सरकार का हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि संविधानेतर प्राधिकार के माध्यम से सरकार चलाना सही नहीं होगा। संवाददाताओं से यहां बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि भाजपा-शिवसेना गठबंधन ने 2019 का चुनाव जीता था, लेकिन जनादेश चुरा लिया गया। उन्होंने कहा कि इसलिए उनकी पार्टी और शिंदे के नेतृत्व वाला शिवसेना का गुट सत्ता के लिए नहीं, बल्कि समान विचारधारा के लिए एक साथ आए हैं। फडणवीस ने कहा, हमारे नेता नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह और जेपी नड्डाजी और मेरी मंजूरी से (शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया गया)... यह कहना गलत नहीं होगा कि शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव (भाजपा नेतृत्व के पास) मैं लेकर गया था और उन्होंने (नेतृत्व ने) इसे स्वीकार कर लिया।

ज्ञात हो कि उद्धव ठाकरे के शक्ति परीक्षण से पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद, शिंदे ने 30 जून को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, जबकि फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने कहा, यह भी तय किया गया था कि मैं सरकार से बाहर रहूंगा। लेकिन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुझे फोन किया और कहा कि पार्टी ने (मुझे उपमुख्यमंत्री बनाने का) फैसला किया है। यहां तक कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी मुझसे बात की थी। फडणवीस ने कहा कि वह उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार करने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थे और उन्होंने मन बना लिया था कि वह बाहर से एकनाथ शिंदे सरकार की मदद करेंगे। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने अपने नेताओं के आदेश का पालन करते हुए अपना फैसला बदल दिया।

# द्रौपदी मुर्मू भारी बहुमत से जीतेंगी हमे पूरा भरोसा: नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के बारे में मंगलवार को कहा, हमलोगों को पूरा भरोसा है कि वह भारी बहुमत से जीतेंगी। मुर्मू के साथ राजग नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नीतीश ने उनके बारे में कहा, हमलोगों को पूरा भरोसा है कि भारी बहुमत से जीतेंगी। यह बहुत खुशी की बात है कि एक आदिवासी महिला देश के सर्वोच्च पद के लिए उम्मीदवार है। राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार और झारखंड की राज्यपाल रह चुकी मुर्मू ने संसद और बिहार विधानसभा सदस्यों से चुनावी समर्थन हासिल करने लेने के लिए मंगलवार को पटना का दौरा किया। मुर्मू, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ 11.13 बजे विशेष विमान से पटना पहुंची जहां उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और राज्य के अन्य मंत्रियों ने उनका स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी हवाई अड्डा पर मौजूद थे।

हवाई अड्डा परिसर को फूलों से सजाया गया था भाजपा कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए पार्टी के झंडे के साथ बाहर सड़कों पर खडे थे। सचिवालय भवन के पास दिग्गज आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने दौरे की शुरुआत की। सचिवालय भवन के पास बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मुर्मू ने नीतीश कुमार और सांसदों तथा विधायकों सहित राजग के सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और समर्थन की अपील की। बिहार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने बताया कि बैठक में जदयू सहित पूर्व मुख्यमंत्री मांझी के नेतृत्व वाली हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा. (सेक्युलर) और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली रालोजपा सहित राजग के सभी नेता मौजूद थे।

# हालिया घटनाक्रम से दुखी, पर शिवसेना को और मजबूत बनाऊंगा: उद्धव

**औरंगाबाद।** शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा है कि वह कुछ सदस्यों को लाभ मिलने के बावजूद पार्टी छोड़ता देख आहत हैं और जल्द मराठवाड़ा क्षेत्र के हिंगोली का दौरा करेंगे। शिवसेना नेताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उद्धव की यह प्रतिक्रिया हिंगोली जिले के एक शिवसेना विधायक संतोष बांगर के महाराष्ट्र विधानसभा में विश्वास मत पर मतदान से कुछ देर पहले एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले बागी गुट में शामिल होने के एक दिन बाद आई है। दिलचस्प बात यह है कि हिंगोली जिले के कलामनुरी से विधायक बांगर को हाल ही में विद्रोह के शुरुआती दिनों के वीडियो में रोते हुए बागियों से शिवसेना में लौटने की अपील करते हुए देखा गया था। बांगर के सोमवार को शिंदे गुट में शामिल होने और विश्वास मत के पक्ष में मतदान करने के बाद हिंगोली के सरकारी गेस्ट हाउस में मंगलवार को जिले के शिवसेना नेताओं की एक बैठक आयोजित की गई थी। शिवसेना नेता रमेश शिंदे ने बताया कि उद्धव ने बैठक में शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं से फोन पर बात की और कहा कि वह जल्द हिंगोली का दौरा करेंगे। शिंदे के मुताबिक, उद्धव ने शिव सैनिकों से कहा कि उन विधायकों और मंत्रियों को अपना साथ छोड़ते देखना बेहद तकलीफदेह है, जिन्होंने शिवसैनिकों की वजह से जीत दर्ज की और सब कुछ हासिल किया। बैठक से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें उद्धव कह रहे हैं, लेकिन, जिन लोगों को कुछ हासिल नहीं हुआ, वे मेरे साथ हैं। मैं आप लोगों से मिलने के लिए जल्द हिंगोली आऊंगा।

शिंदे ने कहा कि शिव सैनिक बांगर को आखिरी समय में बागी गुट से जुड़ता देख स्तब्ध थे। उन्होंने कहा, शिवसेना स्थिर है। जिन शिव सैनिकों को बैठक के बारे में सूचित किया गया था, वे इसमें शामिल हुए। इससे पहले, बांगर को एक वीडियो में रोते हुए और यह कहते हुए देखा गया था कि महाराष्ट्र में माहौल खराब हो गया है और शिंदे के साथ सभी असंतुष्टों को पार्टी में वापस आ जाना चाहिए, क्योंकि उद्धव ठाकरे उन्हें निश्चित रूप से माफ कर देंगे। बांगर ने छत्रपति शिवाजी महाराज और बाल ठाकरे के अनुयाई के रूप में शिवसेना की तारीफ भी की थी और कहा था कि हिंदुत्व के भगवा ध्वज को बिना किसी दाग के ऊंचा रखना सभी का कर्तव्य है। शिंदे ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र के अंतिम दिन महत्वपूर्ण शक्ति परीक्षण में जीत हासिल की थी। 288 सदस्ईय सदन में 164 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में, जबकि 99 ने इसके खिलाफ मतदान किया था। बांगर के आने से शिंदे गुट में शामिल होने वाले शिवसेना विधायकों की संख्या 40 पर पहुंच गई है।



सोलापुर में वरकारी आंदोलन में तुलसी का पौधा सर पर लेकर भाग लेती हुईं महिलाएं।

## राज्यसभा सदस्य पबित्र मार्गेरिटा असम के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव नियुक्त

**गुवाहाटी।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य पबित्र मार्गेरिटा को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का राजनीतिक सचिव नियुक्त किया गया है। मार्गेरिटा असम प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता भी हैं। वह नलबाड़ी के विधायक जयंत मल्ला बरुआ का स्थान लेंगे जिन्हें हाल में राज्य के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। मार्गेरिटा ने इस नियुक्ति के लिए सरमा का आभार जताया। उन्होंने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे देश के ऐसे सक्षम, ऊर्जा से भरे हुए, मेहनती और लोकप्रिय मुख्यमंत्री का राजनीतिक सचिव नियुक्त किया गया। प्रदेश भाजपा प्रमुख भाबेश कलिता और संगठन महासचिव पी एन शर्मा ने कहा कि मार्गेरिटा को पार्टी की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। 48 वर्षीय मार्गेरिटा 2014 में भाजपा में शामिल हुए थे तभी से वह पार्टी के प्रवक्ता हैं और पार्टी की सोशल मीडिया टीम के प्रभारी भी रह चुके हैं।

# दिव्यांगों को विमान में चढ़ने में मदद करने के लिए 20 हवाईअड्डों पर एंबुलिफ्ट की सुविधा

**नई दिल्ली।** केंद्र के सुगम्य भारत अभियान के तहत 20 हवाईअड्डों पर दिव्यांगों या चलने-फिरने में परेशान यात्रियों को विमान में चढ़ने में मदद करने के लिए जरूरी उपकरण एंबुलिफ्ट लगाया गया है। दिव्यांग मामलों के विभाग ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन हवाई अड्डों में विजयवाड़ा, कानपुर, पोर्ट ब्लेयर, जोधपुर, बेलगाम, सिलचर, झारसुगुडा, राजकोट और हुबली शामिल हैं। चलने-फिरने में परेशान यात्रियों, व्हीलचेयर पर चलने वाले दिव्यांग यात्रियों और अपनी हवाई यात्रा के दौरान स्ट्रेचर पर रहने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए यह पहल की गई है। विभाग ने यह भी कहा कि भारत के 35 अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों और 69 घरेलू हवाईअड्डों में से 55 अब दिव्यांगजन सुलभ सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इसके अलावा 41 हवाईअड्डे पूरी तरह से एअरोब्रिज से सुसज्जित हैं। 20 हवाईअड्डों को सुगम्य भारत अभियान के तहत एम्बुलिफ्ट से सुसज्जित किया गया है।

दिव्यांग यात्रियों, चलने-फिरने में परेशान यात्रियों या दिव्यांग हवाई-यात्रियों, या व्हीलचेयर का उपयोग करने वाले लोगों या बुजुर्गों के लिए एम्बुलिफ्ट का उपयोग बोर्डिंग वाहन के रूप में किया जाएगा। केंद्रीय दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जुलाई के अंत तक सार्वजनिक भवनों का आकलन करने को कहा है, जिन्हें सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगों के लिए कम से कम संभव समय में सुगम बनाया जाना है। सुगम्य भारत अभियान का उद्देश्य देश के दिव्यांग समुदाय की सेवा करना है। दिव्यांग व्यक्तिय अधिकार अधिनियम, 2016 में इस साल 14 जून तक सभी मौजूदा सार्वजनिक भवनों को सुगम बनाने के लिए पांच साल की समयसीमा प्रदान की गई थी। अब तक 585 राज्य भवनों और।,030 केंद्र सरकार के भवनों को दिव्यांगों के लिए बाधा मुक्त बनाया गया है।

## इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में इंदौर का व्यक्ति गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में इंस्टाग्राम पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के जरिए एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में 20 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राहुल कुमार ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने सोमवार को इंदौर के रहने वाले देवराज ठाकुर को सैयद रफीक की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। रफीक ने शिकायत में कहा कि ठाकुर की पोस्ट ने उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने कहा कि शिकायत की पुष्टि के बाद पुलिस ने ठाकुर के खिलाफ भादंवि की धारा 153-ए (धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के छह घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का साइबर दस्ता जिलों में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर नजर रख कर कार्रवाई कर रहा है।

# मोदी को गरीबों की नहीं, कसीनो की फिक्र है: कांग्रेस

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने कुछ जरूरी खाद्य वस्तुओं को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने के फैसले को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस सरकार को आम लोगों और गरीबों की नहीं, बल्कि कसीनो (जुआघर) की फिक्र है क्योंकि वह कसीनो पर कर लगाने से पहले वह पांच बार सोचती है, लेकिन आटे पर कर लगाने से पहले इसकी एक बार समीक्षा तक नहीं करती।

मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि अगर जीएसटी का एक स्लैब और एक दर हो तो गरीबों और मध्य वर्ग पर बोझ कम हो जाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी 18 प्रतिशत, अस्पताल में कक्ष पर जीएसटी 18 प्रतिशत। हीरे पर जीएसटी 1.5 प्रतिशत। गब्बर सिंह टैक्स इस बात का दुखद स्मरण कराता है कि प्रधानमंत्री किसका ख्याल रखते हैं। उन्होंने कहा, एक स्लैब और कम दर वाली जीएसटी से गरीबों और मध्य वर्ग पर बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने संवाददाताओं से कहा, आज गब्बर सिंह टैक्स हिंदुस्तान के मध्यम आय वर्ग के लोगों की थाली से रोटी लूटकर भागने का काम कर रहा है...हमारे देश की सरकार कसीनो पर कर लगाने से पहले पांच बार सोचती है, पर आटे पर कर लगाने से पहले एक बार भी समीक्षा की जरूरत नहीं समझती। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले 8 साल में एक हंसती, खेलती, बढ़ती अर्थव्यस्था को कैसे नष्ट किया गया है, इस पर केस स्टडी लिखा जाना चाहिए कि बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को कैसे नष्ट किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### रिम ऑफ द पैसेफिक युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रही भारतीय नौसेना

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे बड़ा नौसेना युद्धाभ्यास रिम ऑफ द पैसिफिक इस बार हवाई द्वीप में हो रहा है जिसमे भारतीय नौसेना के लड़ाकू पोत आईएनएस सतपुड़ा और पी-8आई विमान हिस्सा ले रहे हैं। आईएनएस सतपुड़ा 27 जून को हवाई द्वीप पहुंचा जबकि पी-8आई ने युद्धाभ्यास स्थल पर दो जुलाई को दस्तक दी। अमेरिका की मेजबानी में 28 देशों की नौसेना इस युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रही है। लंगर डालने के चरण मे कई संगोष्ठी, युद्धाभ्यास की योजना पर चर्चा और खेल प्रतियोगिता हुई। समुद्री चरण का युद्धाभ्यास 12 जुलाई को शुरू होगा और चार अगस्त को युद्धाभ्यास का समापन समारोह होगा। अधिकारी ने बताया कि 38 युद्धपोत, 31 ड्रोन, 170 विमान और करीब 25 हजार सैनिक इस बहु आयामी युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। पी-8आई बहुराष्ट्रीय समन्वय, बहु मंचीय उन्नत पनडुब्बी रोधी युद्धाभ्यास मे हिस्सा लेगा। अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित पी-8 विमान की भारतीय नौसेना पहली अंतरराष्ट्रीय ग्राहक थी।

### पीएम ने तेजस्वी से बात की, लालू के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजद के नेता व बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को फोन कर उनके पिता व पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के स्वास्थ्य की जानकारी ली। यह जानकारी सूत्रों ने दी। राजद प्रमुख लालू प्रसाद को सोमवार को पटना के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। वह पूर्व मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी पत्नी राबड़ी देवी को आवंटित सरकारी आवास मे रहते है। वह घर मे सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उनके दाहिने कंधे की हड्डी टूट गई थी। चौहत्तर वर्षीय लालू प्रसाद अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। चारा घोटाला मामलों में जमानत पर रिहा लालू ने पिछले महीने झारखंड उच्च न्यायालय से गुर्दा प्रतिरोपण के लिए विदेश, खासकर सिंगापुर जाने की इजाज़त ली थी।

### कन्हैयालाल हत्याकांड के एक और आरोपी को हिरासत में भेजा

**जयपुर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड में गिरफ्तार एक और आरोपी को मंगलवार को यहां विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे 12 जुलाई तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया। एनआईए की टीम ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी मोहम्मद मोहसिन को यहां विशेष अदालत में पेश किया। विशेष लोक अभियोजक टीपी शर्मा ने बताया कि मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने मोहम्मद मोहसिन को 12 जुलाई तक एनआईए की हिरासत मे भेज दिया। मो. मोहसिन को कन्हैया की दुकान की रेकी करने और साजिश रचने के आरोप मे सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड मे मुख्य आरोपी रियाज अख्तरी और गौस मो. को घटना के कुछ घंटे बाद ही पिछले मंगलवार को गिरफ्तार किया था। दो अन्य आरोपियों, मोहसिन और आसिफ, को कन्हैया की दुकान की रेकी करने और साजिश के आरोप मे पिछले बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार किया गया था। ये चारो 12 जुलाई तक के लिए एनआईए की हिरासत मे है।

### अल्पसंख्यक मोर्चा प्रमुख को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**जम्मू।** लश्कर-ए-तैयबा के गिरफ्तार आतंकवादी तालिब हुसैन शाह के साथ अपने कथित संबंधो को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही भाजपा ने मंगलवार को पार्टी के जम्मू में अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शेख बशीर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इससे पहले एक कथित पत्र सामने आया था जिसमें बशीर ने शाह को सोशल मीडिया के लिए पार्टी की एक इकाई मे पदाधिकारी के तौर नियुक्ति का आदेश दिया था। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी शाह कुछ समय के लिए एक राजनीतिक दल से जुड़ा था और उसने खुद को एक मीडियाकर्मी भी बताया था। यह जानकारी सामने आई थी कि शाह भाजपा का एक सक्रिय सदस्य था और पार्टी ने हाल में उसका चयन जम्मू क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चा के आईटी एवं सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के प्रभारी के तौर पर किया था। जम्मू कश्मीर भाजपा की अनुशासनात्मक समिति के प्रमुख सुनील सेठी ने सोशल मीडिया मे प्रसारित एक पत्र के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसमे संकेत दिया गया है कि आपने तालिब हुसैन को अल्पसंख्यक मोर्चा मे एक अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया था जो आतंकी गतिविधियो मे लिप्त पाया गया है।

### तेलंगाना सरकार काकतीय वंश के समृद्ध इतिहास को दर्शाने वाले कार्यक्रम आयोजित करेगी

**हैदराबाद।** काकतीय राजवंश के समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए तेलंगाना सरकार आगामी सात जुलाई से एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम आयोजित करेगी। तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री के टी रामाराव, राज्य के पर्यटन, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ और अन्य ने मंगलवार को इस कार्यक्रम से जुड़ी विवरणिका जारी की। गौड़ ने ट्वीट किया, काकतीय वैभव सप्तम नाम का यह कार्यक्रम सात से 13 जुलाई तक चलेगा। काकतीय राजवंश ने 12वी और 14वी शताब्दी के दौरान वर्तमान तेलंगाना और आंध्र प्रदेश क्षेत्र पर हुकूमत की थी।

## ओमिक्रोन के बीए.2.75 उपस्वरूप का भारत में सीमित प्रसार

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के सबसे अधिक संक्रमणशील स्ट्रेन ओमिक्रोन के बीए.2 के उपस्वरूप बीए.2.75 का अध्ययन करने पर पाया गया है कि भारत में इसका सीमित प्रसार है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी और यह भी कहा कि अब तक इस उपस्वरूप के चलते बीमारी की गंभीरता एवं प्रसार में वृद्धि नहीं पाई गई है।

उन्होंने बताया कि सार्स-कोव-2 का फिलहाल चिंताजनक स्वरूप ओमिक्रोन वीओसी है तथा ऐसा देखा गया है कि वैश्विक स्तर पर बीए.2 ओमिक्रोन ने बीए.1 की जगह ले ली है। भारत में अध्ययन में पाया गया कि बीए.2.75 का सीमित प्रसार है तथा अबतक इस उपस्वरूप के चलते बीमारी की गंभीरता एवं प्रसार में वृद्धि नहीं पाई गई है। चूंकि बीए.2 लगातार उभर रहा है , ऐसे में उसके उपस्वरूप भिन्न उत्परिवर्तनों के सेट के साथ अब विकसित हो रहे हैं।



सैफरान के सीईओ ओलिविर एंड्रीज ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की

# एसीबी ने कर्नाटक में कांग्रेस के नेता एवं विधायक अहमद खान के आवासों एवं कार्यालयों पर छापे मारे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एसीबी ने प्रवर्तन निदेशालय की एक रिपोर्ट के बाद मंगलवार को कांग्रेस के नेता एवं विधायक बी जेड जमीर अहमद खान से जुड़े पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि छावनी रेलवे स्टेशन के पास खान के आवास, सिल्वर ओक अपार्टमेंट में एक फ्लैट, सदाशिवनगर में एक अतिथि गृह, बनशंकरी में जी के एसोसिएट्स के कार्यालय और शहर के कलासिपाल्या में नेशनल ट्रैवल्स के कार्यालय में छापे मारे गए। एसीबी के एक अधिकारी ने कहा, एसीबी के कई दल आज सुबह से छापे मार रहे हैं। एसीबी के दल दस्तावेजों का सत्यापन कर रहे हैं और जांच जारी है। एसीबी के कई दल चार बार विधायक चुने गए खान से जुड़े पांच स्थानों पर पहुंचे। खान पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रहे थे।

प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल अगस्त में खान और एक अन्य पूर्व मंत्री आर रोशन बेग के आवासों पर 4,000 करोड़ रुपए की आईएमए पोंजी योजना से कथित संबंध को लेकर छापा मारा था। ऐसा बताया जाता है कि इस योजना के जरिए हजारों लोगों को ठगा गया था, जिनमें अधिकतर मुसलमान थे। चामराजपेट विधानसभा क्षेत्र से विधायक खान ईडी के सामने कई बार पेश हो चुके हैं। कांग्रेस ने इस छापेमारी को पुलिस उप-निरीक्षक भर्ती संबंधी उस घोटाले से जनता का ध्यान हटाने का प्रयास करार दिया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमृत पॉल को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह छापेमारी की गई, क्योंकि एसीबी मुख्यमंत्री के नियंत्रण में है।

## सेना का जवान गंगा नदी में बहा, शव बरामद

**देहरादून।** उत्तराखंड में ऋषिकेश के निकट लक्ष्मणझूला में मंगलवार को सेना का एक जवान गंगा नदी में नहाते समय बह गया। बाद में उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के अलवर जिले के गंडाला गांव के रहने वाले नितुल यादव (25) का शव बरामद कर लिया गया है। उनके अनुसार, छह लोगों का एक दल दोपहर को लक्ष्मणझूला क्षेत्र के फूलचट्टी में गंगा में नहाने गया था लेकिन अचानक जलस्तर बढने से यादव पानी में बहने लगा। उन्होंने बताया कि उसे गोल्फ रैपिड तक बहते हुए देखा गया लेकिन इसके बाद वह लहरों में गुम हो गया। सूचना प्राप्त होने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ के गोताखारों ने घटनास्थल से दो किलोमीटर आगे नदी से यादव को खोज निकाला और तुरन्त अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नाटो देशों ने प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए

● स्वीडन, फिनलैंड को सदस्य बनाने संबंधी अनुरोध विधाई मंजूरी के लिए राजधानियों में भेजा

भाषा। ब्रसेल्स




**नाटो के** 30 सहयोगियों ने मंगलवार को स्वीडन और फिनलैंड को सदस्य बनाने संबंधी प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए, जिससे दोनों देशों का सदस्यता संबंधी अनुरोध विधाई मंजूरी के लिए गठबंधन की राजधानियों को भेजा गया। तुर्की इसमें हालांकि अब भी अड़ंगा लगा सकता है। वह नाटो का सदस्य है और किसी नए देश को गठबंधन में शामिल करने के लिए सभी सदस्य देशों की मंजूरी आवश्यक होती है। फरवरी में पड़ोसी यूक्रेन पर आक्रमण और उसके बाद से सैन्य संघर्ष के मद्देनजर इस कदम ने रूस को रणनीतिक तौर पर अलग-थलग किए जाने के प्रयासों को और बढ़ाने का काम किया है। नाटो के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, यह फिनलैंड, स्वीडन और नाटो के लिए सचमुच एक ऐतिहासिक क्षण है। तीस राजदूतों और स्थाई प्रतिनिधियों ने औपचारिक रूप से पिछले सप्ताह के नाटो शिखर सम्मेलन के निर्णयों को तब मंजूरी दे दी जब गठबंधन ने रूस के पड़ोसी फिनलैंड और स्वीडन को सैन्य क्लब में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। गठबंधन में समझौते के बावजूद, सदस्य देश तुर्की नाटो में स्वीडन और फिनलैंड को अंतिम रूप से शामिल किए जाने को लेकर अभी भी समस्याएं पैदा कर सकता है। हालांकि वह मैड्रिड में हुए शिखर सम्मेलन में संबंधित दोनों देशों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर पहुंचा था। पिछले हफ्ते, तुर्की के नेता रजब तैयब एर्दोआन ने चेतावनी दी थी यदि दोनों देश अवैध कुर्द समूहों या 2016 में असफल तख्तापलट के आरोपी निर्वासित मौलवी के नेटवर्क से जुड़े संदिग्ध आतंकवादियों के प्रत्यर्पण की तुर्की की मांग को पूरी तरह से पूरा करने में विफल रहते हैं तो अंकारा अभी भी प्रक्रिया को अवरुद्ध कर सकता है। उन्होंने कहा था कि तुर्की की संसद समझौते का अनुमोदन करने से इनकार कर सकती है। स्वीडन और फिनलैंड के लिए यह एक बाधा हो सकती है क्योंकि नाटो में उन्हें शामिल करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए सभी 30 सदस्य देशों के औपचारिक अनुमोदन की आवश्यकता होगी। स्वीडन और फनिलैंड के विदेश मंत्रियों से एक संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया कि क्या समझौता ज्ञापन में उन लोगों के नाम हैं जो तुर्की को प्रत्यर्पित करने होंगे, इस पर दोनों मंत्रियों ने कहा कि ऐसी कोई सूची समझौते का हिस्सा नहीं है। स्वीडन की विदेश मंत्री एन लिंडे ने कहा, हम ज्ञापन का पूरा सम्मान करेंगे। बेशक, ज्ञापन में कोई सूची या ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन जब बात आतंकवादियों की आती है तो हमें जो करना चाहिए वह बेहतर सहयोग है। निलैंड के विदेश मंत्री पेक्का हाविस्टो ने भी ऐसे ही विचार व्यक्त किए।

# रूसी हमले से पहले यूक्रेनी शहर को खाली करने की चेतावनी

भाषा। क्रामातोर्स्क

**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन द्वारा अपने युद्धकालीन उद्देश्यों के लिए अहम पूर्वी यूक्रेन के एक प्रांत पर कब्जा जमाने में सफलता मिलने की घोषणा करने के एक दिन बाद रूसी बलों के रास्ते में पड़ने वाले स्लोवियांस्क शहर के मेयर ने मंगलवार को स्थानीय निवासियों को मॉस्को के संभावित हमलों से पहले शहर खाली करने की चेतावनी जारी की। स्लोवियांस्क के मेयर वादिम ल्याख की इस चेतावनी ने उस आशंका को रेखांकित किया है कि रूसी सेना यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में और आगे बढ़ने के लिए तैयार है। डोनबास रूसी भाषियों की बड़ी आबादी वाला औद्योगिक क्षेत्र है, जहां मॉस्को के सबसे अनुभवी सैनिक मौजूद हैं। ल्याख ने कहा कि स्लोवियांस्क रूसी सेना का अगला लक्ष्य प्रतीत हो रहा है। चार महीने पहले यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की शुरुआत से पहले इस शहर की आबादी 1,07,000 के आसपास थी। युद्ध के दौरान स्लोवियांस्क ने भीषण गोलाबारी और रॉकेट हमले झेले हैं। पड़ोसी लुहांस्क प्रांत के आखिरी प्रमुख शहर पर मॉस्को के कब्जे के बाद स्लोवियांस्क में रूसी बमबारी में इजाफा हुआ है। स्लोवियांस्क में सोमवार को रूसी गोलाबारी में कम से कम 40 घर तबाह हो गए। ज्यादा से ज्यादा लोगों को शहर से बाहर निकालना जरूरी है। यूक्रेन की सेना ने रविवार को अपने सैनिकों को घिरने से बचाने के लिए लिसीचांस्क शहर से वापस बुला लिया। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि शहर पर कब्जे से लुहांस्क प्रांत पूरी तरह से मॉस्को के नियंत्रण में आ गया है। लुहांस्क उन दो प्रांतों में शामिल है, जिनसे मिलकर डोनबास क्षेत्र तैयार हुआ है। हालांकि, यूक्रेनी राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि यूक्रेनी सेना अब भी लुहांस्क के एक छोटे हिस्से में लड़ाई लड़ रही है।

## रूस का तेल दीर्घकालिक गिरावट में, युद्ध ने समस्या को और बढ़ाया

**गिल्डफोर्ड (यूके)।** यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के तुरंत बाद, विश्व तेल की कीमतो मे उछाल आया 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर, 8 मार्च को ब्रेंट क्रूड का दाम 130 अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया। प्रचलित डर यह था कि पश्चिमी प्रतिबंधो के कारण या यूक्रेन के लिए पश्चिमी समर्थन के प्रतिशोध मे मास्को के स्वैच्छिक निर्णय के चलते विश्व बाजार मे भारी मात्रा मे रूसी ईंधन की आपूर्ति रूक जाएगी। यह विशेष रूप से चिंताजनक था जब दुनिया पहले से ही तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही थी क्योकि कोविड प्रतिबंध कम होने लगे थे।

## अमेरिका स्वतंत्रता दिवस परेड गोलीबारी: छह लोगों की मौत, पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ा

भाषा। हाईलैंड पार्क (अमेरिका)

**दिवस परेड के** दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने गोलीबारी में शामिल 22 वर्षीय संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। हालईलैंड पार्क पुलिस के प्रमुख लो. जोगमेन ने पहले बताया था कि संदिग्ध की पहचान ई. क्रिमो के तौर पर की गई है और ऐसा माना जा रहा है कि उसके पास हथियार थे और वह सभी की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। हालांकि, पुलिस ने संदिग्ध की हमलावर होने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने सोमवार शाम को उसे पकड़ा। पुलिस ने बताया कि अमेरिका में शिकागो शहर के हाईलैंड पार्क के निकट सोमवार को स्वतंत्रता दिवस परेड के दौरान हमलावर ने किसी इमारत की छत से गोलीबारी की थी। गोलीबारी में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 30 अन्य लोग घायल हो गए।

### यमन में सेना के हथियार भंडार में धमाका, तीन लोगों की मौत

**सना।** यमन के दक्षिण पूर्वी अबयान प्रांत में स्थित सेना के एक हथियार भंडार में मंगलवार को विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हो गए। चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लॉदार शहर के एक लोकप्रिय बाजार में स्थित भंडार में तड़के हुए विस्फोट के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। यमन शहर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के प्रति वफादार बलों का नियंत्रण है। कई घायलों को गंभीर चोटें आई हैं।

## भारतीय उच्चायोग ने कनाडाई अधिकारियों से आपत्तिजनक सामग्री हटाने की अपील की

भाषा। टोरंटो

● काली पोस्टर विवाद

**ओटावा** स्थित भारतीय उच्चायोग ने कनाडाई प्राधिकारियों से लघु फिल्म काली से जुड़ी सभी आपत्तिजनक सामग्री हटाने की अपील की है।
उच्चायोग ने कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के नेताओं से वहां प्रदर्शित लघु फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी के अपमानजनक चित्रण को लेकर शिकायतें मिलने के बाद यह कदम उठाया है। टोरंटो में रहने वाली फिल्मकार लीना मणिमेकलई ने शनिवार को ट्विटर पर अपनी लघु फिल्म काली का पोस्टर साझा किया था, जिसमें हिंदू देवी को धूम्रपान करते और हाथ में एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा थामे हुए दिखाया गया है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद मणिमेकलई पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप लगने लगे। यही नहीं, सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अरेस्ट लीना मणिमेकलई (लीना मणिमेकलई को गिरफ्तार करो) हैशटैग ट्रेंड करने लगा। वहीं, गौ महासभा नामक समूह के एक सदस्य ने बताया कि उसने दिल्ली पुलिस में मणिमेकलई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग की ओर से सोमवार को जारी बयान में कहा गया है कि उसे कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के नेताओं से उस लघु फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी के अपमानजनक चित्रण को लेकर शिकायतें मिली हैं, जिसका अंडर द टेंट प्रोजेक्ट के तहत टोरंटो के आगा खान संग्रहालय में प्रदर्शन किया गया था। बयान के मुताबिक, टोरंटो में हमारे महावाणिज्य दूतावास ने कार्यक्रम के आयोजकों को इन चिंताओं से अवगत कराया है। हमें यह भी जानकारी मिली है कि कई हिंदू संगठनों ने मामले में कार्वाई के लिए कनाडाई अधिकारियों से संपर्क किया है। इसमें कहा गया है, हम कनाडाई अधिकारियों और कार्यक्रम के आयोजकों से इस तरह की भड़काऊ सामग्री को वापस लेने का आग्रह करते हैं। तमिलनाडु के मदुरै में जन्मी मणिमेकलई ने सोमवार को कहा कि वह जब तक जिंदा हैं, तब तक बेखौफ होकर अपनी आवाज का इस्तेमाल करती रहेंगी। विवाद पर प्रकाशित एक लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए मणिमेकलई ने ट्वीट किया, मेरे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं जब तक जिंदा हूं।

## यूक्रेन की गणितज्ञ को प्रतिष्ठित फिल्ड्स मेडल से सम्मानित किया गया

भाषा। बर्लिन



यूक्रेन की गणितज्ञ मैरीना वियाज़ोवस्का को मंगलवार को प्रतिष्ठित फिल्ड्स मेडल से सम्मानित करने की घोषणा की गई। उनके साथ तीन और लोगों को भी यह सम्मान दिया जाएगा। फिल्ड्स मेडल को गणित का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ मैथमेटिशियन ने कहा कि लुसाने स्थित स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यरत वियाज़ोवस्का ने एक समान गोलों को अष्ट आयामी ढांचे में बहुत ही सघन अवस्था में रखने की दिशा में कार्य किया है। वियाज़ोवस्का ने कहा कि रूस ने फरवरी महीने में यूक्रेन पर हमला किया और इसने उनकी और सभी यूक्रेनवासियों की जिंदगी बदल दी है।

### बुर्किना फासो में जिहादी हमलों में 22 लोगों की मौत : अधिकारी

**औगाडौगू (बुर्किना फासो)।** पश्चिमोत्तर बुर्किना फासो में जिहादियों के हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाउकल डू मूहून क्षेत्र के गवर्नर बाबो पियरे पियरे बस्सिंगा ने एक बयान में कहा, ए कायरतापूर्ण और बर्बर हमला रविवार देर रात कोसी प्रांत के बौरासो के कम्यून में हुआ। हाल के वर्षों में पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़ी जिहादी हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। हिंसा में हजारों लोग मारे गए हैं और लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं।

### कंजर्वेटिव सांसद के कदाचार से दबाव का सामना कर रहे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को मंगलवार को उस समय नए दबाव का सामना करना पड़ा जब एक पूर्व नौकरशाह ने हाल मे निलंबित किए गए कंजर्वेटिव पार्टी के एक सांसद के कदाचार के आरोपो से डाउनिंग स्ट्रीट के निपटने के तौर तरीकों को लेकर बात की। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय में 2015 और 2020 के बीच स्थाई सचिव रहे लॉर्ड साइमन मैक्डॉनल्ड ने संसद के मानक आयुक्त को पत्र लिखकर कहा कि डाउनिंग स्ट्रीट ने क्रिस पिचर के बारे मे गलत दावे किए जिन्होने पिछले हफ्ते कंजर्वेटिव पार्टी के उप-मुख्य सचेतक के पद से इस्तीफा दे दिया था और नशे मे दुर्व्यवहार करने की बात स्वीकार की थी।

### ब्रिटेन की विदेश मंत्री ने हिंदुओं के उत्पीड़न का विषय उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने मंगलवार को यहां दो दिवसीय फ्रीडम ऑफ रिलीजन ऑर बिलीफ (एफओआरबी) वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर दुनिया के विभिन्न हिस्सो मे हिदुओ के उत्पीड़न के विषय को उठाया।

### पीटीसी इंडिया का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में दोगुना

*नई दिल्ली।* पीटीसी इंडिया का एकल आधार पर शुद्ध लाभ मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही मे दोगुना से अधिक होकर 155.89 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना मे कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही मे उसका शुद्ध लाभ 63.35 करोड़ रुपए था। पीटीसी इंडिया की कुल आय जून, 2022 को समाप्त तिमाही मे घटकर 2,833.34 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही मे 3,595.63 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 मे कंपनी का एकल आधार पर शुद्ध लाभ बढ़कर 424.81 करोड़ रुपए रहा जो 2020-21 मे 410.25 करोड़ रुपए था।

### वेंसर इलेक्ट्रिकल्स का कन्वेंशन आयोजित

**नोएडा।** वेंसर इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने बिजनेस कन्वेंशन 2022 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। लगभग 200 डीलरो, वितरकों और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वेंसर के निदेशक एवं संस्थापक मनोज कुमार चौधरी ने दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने सभा के सामने अपने अमूल्य विचारों का विस्तार किया। इसके बाद इस आयोजन में वेंसर टीम का परिचय हुआ और उनकी विद्युत उद्योग में परिवर्तन लाने के अथक प्रयासों पर बातचीत हुई। यह आयोजन राजधानी लखनऊ में हुआ।

### जून अंत तक यस बैंक का कर्ज 14 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** यस बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसका ऋण या अग्रिम जून, 2022 के अंत मे 14 प्रतिशत बढ़कर1,86,598 करोड़ रुपए हो गया, जो जून, 2021 के अंत तक1,63,654 करोड़ रुपए था।. यस बैंक ने एक नियामकीय सूचना मे कहा कि तिमाही के दौरान उसका सकल खुदरा ऋण वितरण 30 जून, 2021 तक के 5,006 करोड़ रुपए की तुलना मे दोगुना से अधिक होकर समीक्षाधीन तिमाही मे 11,431 करोड़ रुपए हो गया।

### अस्पताल कमरों पर जीएसटी लगाने से किफायती स्वास्थ्य सेवा पर असर नहीं: सचिव

**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव तरुण बजाज ने 5,000 रुपए से अधिक किराए वाले गैर-आईसीयू कमरों पर जीएसटी लगाए जाने का बचाव करते हुए मंगलवार को कहा कि इससे आबादी के बड़े हिस्से को किफायती दर पर स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराने पर कोई असर नही पड़ेगा। बजाज ने उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम मे कहा कि अस्पतालों के गैर-आईसीयू कमरों पर पांच प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने का असर बहुत कम होगा।

# निर्यात बढ़ाने के लिए किसानों को धान, गेहूं बुवाई बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें राज्य : गोयल

भाषा। नई दिल्ली




**केंद्रीय खाद्य** और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को राज्यों से कहा कि वे किसानों को धान और गेहूं के लिए बुवाई का रकबा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें, क्योंकि घरेलू उत्पादन बढ़ने से देश का निर्यात भी बढ़ेगा।

भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा पर राज्यों के खाद्य मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए गोयल ने राज्य सरकारों से कहा कि वे पुराने खातों के त्वरित निपटान के लिए 2019-20 तक के वित्त वर्षों के लिए अपने लंबित खाद्य सब्सिडी दावों को जल्द से जल्द जमा कराएं। गोयल ने राज्य सरकारों से कहा कि पुराने खाद्य सब्सिडी दावों को निपटाने के लिए केंद्र के पास धन की कोई कमी नहीं है, लेकिन देरी इसलिए हुई क्योंकि राज्य उचित दस्तावेजों के साथ अपने दावे दाखिल नहीं कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सभी राज्यों से 15 अगस्त तक सभी सहायक कागजात और ऑडिट रिपोर्ट के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक दावा दायर करने वाले राज्यों को 15 अक्टूबर तक उनका बकाया मिल जाएगा। हालांकि, अगर 30 सितंबर तक कागजात दाखिल किए जाते हैं, तो बिना किसी ब्याज के जनवरी, 2023 तक दावों का निपटारा किया जाएगा। गोयल ने कहा, अक्सर राज्य यह कहते हुए हमारे पास आते हैं कि हमारे पास पुराने लंबित सब्सिडी दावे हैं। बहुत बार सब्सिडी के दावे इसलिए नहीं लंबित रहते हैं क्योंकि धन उपलब्ध नहीं है, बल्कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उनके द्वारा जरूरी आंकड़े नहीं दिए जाते और वे जरूरी ऑडिट नहीं करा पाते हैं। उन्होंने कहा, हम वर्ष 2019-20 तक सभी का बकाया चुकाने के लिए तैयार हैं ... यदि आप आवश्यक दस्तावेजों को जमा कराने के साथ अपना दावे जमा नहीं कराते हैं, तो हम आपके दावों को शून्य मानेंगे और हम 2019-20 तक की ऐसी सभी फाइलों को बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र एक नई सब्सिडी दावा निपटान नीति लेकर आया है और राज्यों से इसपर सुझाव देने को कहा गया है। गोयल ने कहा कि 2020-21 के बाद के दावों को राज्य सरकारों द्वारा ऑनलाइन दायर किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने सभी राज्यों से चावल और गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़ाने का भी आग्रह किया।

### 2025 के अंत तक यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर होगा भारत : सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत को वर्ष 2025 के अंत तक यूरिया आयात करने की आवश्यकता नही होगी, क्योकि पारंपरिक यूरिया और नैनो तरल यूरिया का घरेलू उत्पादन देश की वार्षिक मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त रहने की उम्मीद है।

### सरकार ने खाद्य तेल कंपनियों के साथ कल बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय ने बुधवार को खाद्य तेल उद्योग निकायों और विनिर्माताओ की बैठक बुलाई है। बैठक मे वैश्विक स्तर पर कीमतो मे आई गिरावट के अनुरूप खाने के तेल की खुदरा कीमतो मे कमी लाने के उपायो पर चर्चा की जाएगी। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने कहा कि खाद्य तेल कंपनियो के साथ बैठक बुलाई गई है। इस बारे मे संपर्क करने पर एसईए के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा कि विभिन्न प्रकार के खाद्य तेलो के दाम पिछले एक माह मे 300 से 450 डॉलर प्रति टन तक घटे है।

### ईडी ने धन शोधन जांच में वीवो, संबंधित कंपनियों के खिलाफ छापा मारा

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय ने मंगलवार को चीनी स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो और संबंधित फर्मों के खिलाफ धन शोधन जांच में देशभर में 44 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि एजेंसी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मेघालय, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में वीवो और उससे संबंधित कंपनियों से जुड़े 44 स्थानों पर तलाशी ले रही है। वीवो अधिकारियों के साथ सहयोग कर रही है और उन्हें सभी जरूरी सूचनाएं मुहैया करा रही है। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में हम कानूनों के पूरी तरह अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं। जांच एजेंसी ने हाल ही में दिल्ली पुलिस द्वारा जम्मू- कश्मीर स्थित एजेंसी के एक वितरक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद धन शोधन का मामला दर्ज किया था। इस प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि उस कंपनी के कुछ चीनी शेयरधारकों ने फर्जी तरीके से अपने पहचान दस्तावेजों को बनाया।

## सरकार के कुछ सामग्री को ब्लॉक करने के आदेश को ट्विटर ने अदालत में चुनौती दी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर ने कर्नाटक उच्च न्यायालय मे याचिका दायर कर सरकार के नए आईटी नियमो के तहत सामग्री हटाने के आदेश को चुनौती दी है। उसने कहा कि यह अधिकारियो द्वारा अपने अधिकारो के दुरुपयोग का मामला है। ट्विटर ने जून, 2022 मे जारी एक सरकारी आदेश को चुनौती दी है। याचिका मे कहा गया है कि सामग्री ब्लॉक करने का आदेश काफी व्यापक और मनमाना है। ट्विटर रिट याचिका से जुड़े सूत्रो ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सरकार के कई अनुरोध कथित रूप से राजनीतिक सामग्री के खिलाफ कार्वाई के लिए है। ए सामग्री राजनीतिक दलो के आधिकारिक हैडल के जरिए पोस्ट की गई है। ऐसे मे इस तरह की जानकारी को ब्लॉक करना अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन होगा, जो कंपनी ने मंच का उपयोग करने वाले लोगो को दिया है।

### मणिपाल स्किल्स एकेडमी कौशल प्रतिभा को बढ़ावा देगी

**नई दिल्ली।** मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी शिक्षार्थियों को पहले दिन पहले घंटे की उत्पादकता के लिए सही तकनीकी प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनाते हुएए राष्ट्रीय स्तर पर स्नातकों के फ्रेशर्स की भर्ती और प्रशिक्षण को प्रबल बनाता है। यह भारत की प्रौद्योगिकी कौशल प्रतिभा पाइपलाइन के विकास को गतिशक्ति देगा। मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी भारत का प्रमुख प्लेसमेंट और नौकरी केंद्रित प्रशिक्षण उद्यम। के कौशल बढ़ाने के कार्यक्रम शैक्षणिक समुदाय और उद्योग कौशल के बीच अंतर पर ध्यान देते हैं और डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड टेक्नोलॉजीज डेवलपमेंट और संबद्ध क्षेत्रों में उद्योग-प्रासंगिक नौकरियों की पेशकश करते हैं। जहां शैक्षणिक समुदाय स्नातकों को समग्र स्तर पर प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों के ज्ञान और समझ के साथ प्रशिक्षित करते हैं विस्तार पर बोलते हुए रॉबिन भौमिक, मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज के मुख्य व्यवसाय अधिकारी कहते ह ष्मौजूदा कौशल अंतर बढ़ रहा हैए और मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी को इस भर्ती और प्रशिक्षण आवश्यकता को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया था।

### टाटा मोटर्स को इलेक्ट्रिक बस निविदा के अयोग्य ठहराना सही : न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) अंडरटेकिंग की इलेक्ट्रिक बस निविदा मे टाटा मोटर्स को अयोग्य ठहराने के फैसले को सही ठहराया है। न्यायमूर्ति एस वी गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति माधव जामदार की पीठ ने मंगलवार को अयोग्यता को चुनौती देने वाली टाटा मोटर्स की याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि बेस्ट का टाटा मोटर्स को निविदा के अयोग्य ठहराने का फैसला सही था। मुंबई मे बिजली आपूर्ति एवं बसो का परिचालन करने वाली कंपनी बेस्ट ने महानगर मे 1,400 इलेक्ट्रिक बसो के परिचालन के लिए निविदा जारी की थी। इसमे टाटा मोटर्स ने भी बोली लगाई थी लेकिन बेस्ट ने तकनीकी व्यवहार्यता मूल्यांकन के बाद उसे बोली के अयोग्य घोषित कर दिया।

### स्पिनी ने किया यूपी में विस्तार

**बेंगलूरु।** भारत में सैकण्ड हैंड कारों की खरीद-बिक्री के लिए जाने-माने प्लेटफॉर्म स्पिनी ने उत्तरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लखनऊ के बाज़ार में विस्तार की घोषणा की है। स्पिनी का यह नया कार हब गोमती नगर रोड विभुति खंड में स्थित है। स्पिनी अश्योर्ड कारों की अखिल भारतीय इन्वेंटरी के साथ ब्राण्ड अपने हर टचपॉइन्ट्स के माध्यम से शहर के उपभोक्ताओं को आधुनिक समाधान उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैए जहां वे सैकण्ड.हैण्ड कार की खरीद-बिक्री का सहज एवं उत्कृष्ट अनुभव पा सकते हैं। नीरज सिंह संस्थापक एवं सीईओए स्पिनी ने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में अपनी विस्तार योजनाओं तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों एवं नगरों के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण कारें उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ राजधानी लखनऊ में हमारी मौजूदगी शहरवासियों को कार की खरीद बिक्री का सहज अनुभव प्रदान करेगी।

### बिजली, ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाया जाए, कर स्लैब चार से तीन किए जाएं: सीआईआई

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष संजीव बजाज ने मंगलवार को जीएसटी ढांचे को सरल बनाने की वकालत करते हुए कहा कि बिजली के साथ ईंधन को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए। इसके साथ ही बजाज ने जीएसटी के कर स्लैब की संख्या को भी चार से घटाकर तीन करने का सुझाव दिया। बजाज ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को अधिक सरल बनाने के लिए कुछ असंगतियों को दूर करना होगा और बिजली, ईंधन जैसे उत्पादों को भी इस कर के दायरे में लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर हम ऐसा करते है, तो जीएसटी की संरचना अधिक सरल होगी, लागत में कमी आएगी और उद्योग जगत अधिक प्रतिस्पर्द्धी हो पाएगा।

### कैग ने डीएसआईआईडीसी की खिंचाई की

**नई दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बवाना और नरेला औद्योगिक क्षेत्रों में परिचालन में गंभीर खामियों को लेकर दिल्ली राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) की खिंचाई की है।

## बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 7.80 प्रतिशत पर : सीएमआईई

भाषा। मुंबई

**देश में बेरोजगारी** दर जून में बढ़कर 7.80 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले महीने विशेषकर कृषि क्षेत्र में 1.3 करोड़ लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा, जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ी है। आर्थिक शोध संस्थान सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार, जून महीने में रोजगार में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर बढ़कर 8.03 प्रतिशत पर पहुंच गई जो मई में 7.30 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में स्थिति कुछ बेहतर रही और बेरोजगारी दर 7.3 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि मई में यह 7.12 प्रतिशत थी। सीएमआईई के प्रबंध निदेशक महेश व्यास ने फोन पर पीटीआई-भाषा से कहा, बिना लॉकडाउन वाले महीने में रोजगार में इतनी कमी सबसे बड़ी गिरावट है।

### उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से जीडीपी में चार प्रतिशत की वृद्धि संभव: रिपोर्ट

**मुंबई।** उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से सालाना आधार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। पीएलआई योजना के तहत अगले पांच वर्षों में लगभग 2.4 लाख करोड़ रुपए के प्रोत्साहन की पेशकश करके प्रमुख क्षेत्रों में विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। एमके इनवेस्टमेंट मैनेजर्स के मुताबिक, अबतक इस योजना को इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन कलपुर्जे और दवा क्षेत्र से सबसे ज्यादा प्रतिक्रिया मिली है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि पीएलआई योजना में बढ़े हुए राजस्व के लिहाज से प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि करने की क्षमता है।

## शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया

● सेंसेक्स 100 अंक से अधिक नीचे आया

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और कारोबार समाप्त होने से पहले दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, बैंक और आईटी शेयरों में तेज बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 100 अंक से अधिक गिरावट के साथ बंद हुआ।
यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में नकारात्मक रुख का असर घरेलू बाजार पर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 100.42 अंक यानी 0.19 प्रतिशत टूटकर 53,134.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बैंक, धातु, ऊर्जा तथा दवा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से यह एक समय 631.16 अंक तक चढ़ गया था। लेकिन कारोबार समाप्त होने से पहले दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, कुछ बैंक और आईटी शेयरों में तेज बिकवाली से बाजार नुकसान में आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 24.50 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,810.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजार में मौजूदा प्रवृत्ति मंदी को लेकर अनिश्चितता का संकेत देती है। साथ ही मौद्रिक नीति को कड़ा किए जाने से भी निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है...। सेंसेक्स के शेयरों में आईटीसी सबसे अधिक 1.73 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा विप्रो 1.58 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.2 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो 1.12 प्रतिशत, मारुति 1.1 प्रतिशत और इंडसइंड बैंक 0.98 प्रतिशत नीचे आए। इन्फोसिस, टीसीएस, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचयूएल में तेजी ने सेंसेक्स में गिरावट पर अंकुश लगाया।

### रुपया 38 पैसे लुढ़ककर 79.33 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 79.33 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। विदेशो मे डॉलर के कमजोर होने तथा पूंजी बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशको की सतत निकासी से रुपए की धारणा प्रभावित हुई। व्यापार घाटा बढ़ने, डॉलर के मुकाबले वैश्विक मुद्राओ मे कमजोरी तथा आने वाले महीनो मे अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा आक्रामक रूप से ब्याज दरों मे बढ़ोतरी की आशंका का भी रुपए पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया 79.04 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 79.02 के उच्चतम स्तर और 79.38 रुपए के निम्नतम स्तर को छुआ। कारोबार के अंत मे रुपया अपने पिछले बंद भाव 78.95 रुपए प्रति डॉलर के मुकाबले 38 पैसो की भारी गिरावट के साथ 79.33 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# पौधरोपण और उसके संरक्षण में हो जन-जन की भागीदारी

**● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ कनिहार झूंसी में किया पौधरोपण**

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**प्रयागराज** में मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कनिहार झूंसी में आयोजित हुआ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जन प्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण किया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश इस बार एक इतिहास रचने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस बार कुल 35 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण के लिए जन जन की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के लिए जो भी लक्ष्य मिला है। उसको सभी लोग मिलकर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं कर्मचारी कम से कम एक वृक्ष को गोद के रूप में अवश्य ले तथा उस वृक्ष की संतान की भांति देखभाल करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण में उत्तर प्रदेश गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करा चुका है। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को संतुलित बनाये रखते है तथा पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में मदद करते है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिए खिलौने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रदान किए गए। सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने कहा कि यह बहुत ही सुखद क्षण है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री से कहा कि इस क्षेत्र को एक पार्क के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसमें वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि सभी लोग अपने सबसे प्रिय के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगाएं। कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने कनिहार वृक्षारोपण क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित किए जाने के लिए उप मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम में इस बार जनपद में वृक्षारोपण का कुल लक्ष्य लगभग 70,96,088 निर्धारित किया गया है। जिसमें आज लगभग 50,68,608 पौधों को रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम स्थल कनिहार में आज एक हजार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा लोगों को वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेई विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या भाजपा के गंगापार अध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए नामित नोडल अधिकारी प्रबंध निदेशक जल निगम सचिव नगर विकास अनिल कुमार आईजी डा राकेश सिंह जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान नगर आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चन्द्र आदि ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम का संचालन रंजना त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने जनपद में पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ



पौधरोपण करते प्रभारी मंत्री

**● शहर से लेकर गांवों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी मे किया गया पौधरोपण**

**● अभियान के प्रथम दिन 20 लाख 18 हजार पौधारोपण का था लक्ष्य**

संवाददाता। मऊ

**वन महोत्सव** 2022 के तहत मंगलवार को जनपद में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंहए नोडल अधिकारी विजय विश्वास पंत मंडलायुक्त आजमगढ़ए जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित जिला पंचायत गेस्ट हाउस परिसर में पौधारोपण कर किया गया। पौधरोपण अभियान के शुभारंभ के उपरांत प्रभारी मंत्री ने बताया की वृक्षारोपण अभियान मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधारोपण किया जाना है एवं जनपद मऊ में 28 लाख से ज्यादा का लक्ष्य निर्धारित है। इस अभियान की सफलता के लिए शासन एवं प्रशासन पूरी मेहनत कर रहा है।हमें उम्मीद है हम अपने लक्ष्य को अवश्य हासिल करेंगे।

पौधरोपण अभियान के तहत 5ए 6ए7 जुलाई एवं 15 अगस्त को कुल 28 लाख 25 हजार 130 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें से अभियान के प्रथम दिन 05 जुलाई को 20 लाख 18 हजार पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया हैए जो कुल निर्धारित लक्ष्य का लगभग 70 प्रतिशत है। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को भी पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर एक मास्टर प्लान तैयार कर वृक्षारोपण कार्य किया गया। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए पूरे जनपद को कई ज़ोन एवं सेक्टरों में विभाजित कर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गयी थी। इस दौरान वृक्षारोपण अभियान से जुड़े विभागों के नोडल अधिकारी इस अभियान की सफलता पर लगातार नजर रखे हुए थे। वृक्षारोपण के दौरान जियो टैगिंग का कार्य भी किया जाना हैए जिससे वृक्षारोपण की वास्तविकता पर नजर रखी जा सके। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नुपूर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीराम सिंह वर्मा, अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, डीएफओ जीसी प्रभु भाई, नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन, उप जिलाधिकारी सदर हेमंत चौधरी, तहसीलदार संजीव कुमार, क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा सहित भाजपा जिला इकाई के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शौचक्रिया को गयी महिला की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या

**● घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पहुंचे मौके पर, पुलिस बोली प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा**

संवाददाता। जालौन (उरई)



घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़ व मृतका धनवंती की फाइल फोटो

**सोमवार की** रात शौच क्रिया के लिए गई महिला की अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। एसपी ने भी मौके पर जाकर मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने नमूने लिए।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी धनवंती कुशवाहा (45) पत्नी रामगोपाल ने सोमवार की रात करीब 8 बजे पति को बताया कि वह शौचक्रिया के लिए जा रही है। गांव के बाहर तालाब किनारे एक बगीचे में धनवंती शौच के लिए चली गई। इसके बाद करीब साढ़े 9 बजे तक जब धनवंती घर वापस नहीं लौटी तो पति ने उसकी तलाश शुरू की। पति रामगोपाल अपने भतीजे शिवशंकर के साथ पत्नी धनवंती को तलाशते हुए जब बगीचे में पहुंचा में तो धनवंती मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी थी। गर्दन पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था जिससे मौके पर खून पड़ा हुआ था। पत्नी की हत्या हुई देखकर पति रामगोपाल प्रधान के घर पहुंचा ओर उन्हें घटना की जानकारी दी। प्रधान कौशलेंद्र शरण दुबे ने तत्काल इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ उमेश पांडेय, कोतवाल शैलेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। जिसके बाद एसपी रवि कुमार और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम ने माके से नमूने लिए जिन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया। एसपी को पति रामकुमार ने बताया कि वह घर पर था पत्नी शौच के लिए गई थी। इसी दौरान किसी ने पत्नी की हत्या कर दी। इस संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस धनवंती के हत्यारों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बता दे, धनवंती के चार पुत्रियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। एक 19 वर्षीय पुत्र विवेक है, जो गुजरात में रहकर पानी पूरी का काम करता है। सूचना मिलने पर वह भी घर आ रहा है। रामगोपाल के पास 4 बीघा जमीन है। जिस पर वह खेती बाड़ी का काम करता है। वहीं, ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि धनवंती की हत्या प्रेम प्रसंग को लेकर भी हो सकती है। इसको लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। उक्त संदर्भ में इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का ही प्रतीत हो रहा है। हत्या की हर पहलू को लेकर जांच की जा रही है। जांच में जो उचित होगा उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## वैन की टक्कर से कई लोग घायल, वाहन पलटा

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय बेरी तिराहा के पास सुबह दस बजे ठेला लगाकर समोसा पकौड़ा तल रहे मजदूर के ठेले पर वैन चालक ने टक्कर मार दिया।जिससे तीन लोग घायल हो गए, बाइक भी क्षतिग्रस्त होगयी है। कई लोग बाल बाल बच गए। तथा चालक गाड़ी भगाकर लेगया तथा चकोठी गांव के तालाब के पास पलटा दिया। कस्बे के निवासी बनवारी ठेले पर नाश्ता के लिए समोसा पकौड़ा बनाता है। सुबह जब वह अपना ठेला लगाकर समोसा बना रहा था। तभी हमीरपुर तरफसे बेरी गांव की तरफजा रही वैन के चालक अमित निषाद ने लापरवाही से मोड़ते समय ठेले में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका ठेला पलट गया। तथा उसके कड़ाही का गर्म तेल उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह झुलस गया। तथा ठेले में समोसा खा रहे दपसौरा गाँव के मजरा गज्जा का डेरा निवासी कन्हैया भी चपेट में आ गया। वह बेरी गांव से निमंत्रण करके वापस गांव जा रहा था।

## बस की चपेट में आने से साइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत

**बदायूं (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के बिसौली कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को बेटे को विद्यालय में दाखिला दिलाने के बाद साइकिल से घर लौट रहे पिता-पुत्र की एक बस की चेपट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पनौड़ी निवासी पप्पू सिंह (50) अपने पुत्र अविचल (14) को एमएल इंटर कालेज में कक्षा नौ में दाखिला दिलाने के बाद बेटे को साथ लेकर साइकिल से वापस गांव लौट रहा था। उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर गांव मदनजुड़ी के समीप तेज गति से आ रही बस ने दोनों को रौंद दिया। वर्मा ने बताया कि इस हादसे में पुत्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि पिता को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त गांव पनौड़ी की ही दो छात्राएं काजल और रितु भी नगर के एक निजी स्कूल से पढ़कर घर लौट रहीं थीं और इस बस ने उन दोनों छात्राओं को भी टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि छात्राओं को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि काजल कक्षा नौ व रितु कक्षा सात की छात्रा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद बस सड़क किनारे खाई में जा गिरी और बस के चालक व क्लीनर मौके से फरार हो गए।

## प्रधानों ने ब्लाक कार्यालय में ताला डाल किया प्रदर्शन

**सुमेरपुर।** मनरेगा के कार्यों का भुगतान न होने से खण्ड विकास अधिकारी से नाराज ग्राम प्रधान संघ ने मंगलवार की सुबह ब्लॉक कार्यालय में ताला लगाकर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया, किंतु बाद में ब्लाक प्रमुख की पहल पर दोपहर को धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। बाद में पहुंचें सदर विधायक ने प्रधानों से वार्ता करके उनकी शिकायत दूर करने का आश्वासन दिया। बीडीओ की कई मर्तवा धांधली की शिकायत हो चुकी है। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित कार्य ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना केतहत महत्वपूर्ण कार्य कराए जा रहे हैं, किंतु कार्यों का भुगतान न होने से नाराज प्रधान संघ ने मंगलवार की सुबह ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर वहां ताला लगाकर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया, जिससे मगंलवार को बृहद पौधारोपण का अभियान को करारा झटका लगा, जब पंचायत सचिव पौधारोपण का कार्य प्रधानों के सहयोग के बिना सही ढंग से संपादित कराने में सक्षम नहीं दिखे, धरना प्रदर्शन कर रहे प्रधान संघ का आरोप था कि खण्ड विकास अधिकारी द्वारा भुगतान न किए जाने से मनरेगा के लिए में आगे समस्या आ सकती है, इसलिए बीडीओ को हटाया जाना चाहिए, नारेबाजी के साथ धरने पर बैठे प्रधान संगठन के बीच पहुंचें ब्लॉक प्रमुख ने उनकी समस्याओं को सुनकर तीन दिन के अंदर उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया तो सुबह शुरु हुआ धरना प्रदर्शन दोपहर में समाप्त कर दिया गया, तब सभी ब्लॉक कर्मी अपने अपने कार्य पटल पर जाकर आवश्यक कार्य निपटाने शुरू किए। ग्राम प्रधानो द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने की खबर पाकर ब्लॉक पहुंचें सदर विधायक डाक्टर मनोज प्रजापति ने ग्राम प्रधानों से वार्ता करके उनकी समस्या का यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया, इस अवसर पर प्रधानों ने बीडीओ और सहायक लेखाधिकारी पर गम्भीर आरोप लगाए, तो विधायक ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## श्रेष्ठ संगठन से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का होता है निर्माण: शिवराम

**● आरएसएस के वन विहार कार्यक्रम में जुटे स्वयं सेवक**

**जालौन (उरई)।** व्यक्ति श्रेष्ठ नहीं होता है बल्कि संगठन श्रेष्ठ होता है और संगठन से राष्ट्र श्रेष्ठ होता है। इसीलिए भारत माता की जय बोला जाता है। यह बात आरएसएस के वन विहार कार्यक्रम में जिला सह संघ चालक शिवराम ने कही। आरएसएस का वन विहार कार्यक्रम स्थानीय स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित जिला सह संघ चालक शिवराम ने कहा कि आरएसएस व्यक्ति से श्रेष्ठ संगठन और संगठन से भी श्रेष्ठ राष्ट्र को मानता है। क्योंकि राष्ट्र से ही हम सबका अस्तित्व है। इसलिए राष्ट्र को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए भारत माता की जय का उद्बोधन दिया जाता है। जिला कार्यवाह गौतमजी ने कहा कि आज वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हमारे लिए एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए। तेजी कट रहे पेड़ों की भरपाई के लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। जिला प्रचारक शिवम ने कहा कि वन विहार कार्यक्रम के अंतर्गत नए व पुराने कार्यकर्ताओं में पूरे वर्ष कार्य करने की ऊर्जा का संचार किया जाता है। अंत में सहभोज के साथ वन विहार कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर जिला व्यवस्थ प्रमुख मोहित, समग्र ग्राम प्रांत प्रमुख महेश, नगर संघ चालक अशोक, नगर कार्यवाह सीताराम, सह नगर कार्यवाह रामेंद्र, नगर प्रचार प्रमुख अंशुल, नगर प्रचारक साहिबजी, कौशल, अभय प्रताप, सोनू चौहान, वाचस्पति मिश्रा, अनूप, दीपक, अन्नी आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के पॉलीथिन मुक्त अभियान को प्रभावी बनाने को की पहल

**● छोटे व्यापारियों को वितरित किये कपड़े व कागज के थैले**

संवाददाता। चित्रकूट



छोटे व्यापारियों को कपड़े व कागज के थैले देते शानू गुप्ता

**राष्ट्रीय जनउद्योग** व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की अगुवाई में पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान को प्रभावी बनाने को शहर में विभिन्न स्थानों पर कपडे व कागज के थैलों का नि:शुल्क वितरण किया।

मंगलवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता की अगुवाई में व्यापारियों ने जिला मुख्यालय के ट्राफिक चौराहा से प्रयागराज हाईवे मार्ग पर हाथ ठेले वाले मध्य वर्गीय व्यापारियों को कपडे व कागज के थैले नि:शुल्क बांटे। फल, सब्जी, किराना, दूध, गुमटी, होटल वालों को विशेष रुप से जागरूक कर कहा कि आम जनता को पॉलीथिन मुक्त करने को जागरूक करें। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि पॉलीथिन पूर्णतया प्रतिबंधित है। यह मानव के लिए सबसे हानिकारक है। जानवर भी इसे खाकर बीमार होते हैं। सभी को पॉलीथिन त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि कपडे व कागज के थैलों को अपनाना होगा, ताकि हमारी आने वाली पीढियां जागरूक रहें और उनकी सुरक्षा हो सके। इस मौके पर जिला स्वच्छता समन्वयक शिवा कुमार, व्यापारी नेता सुनील हड्डू, विनोद केशरवानी, शेषू जायसवाल, विनोद आर्या, विष्णू गुप्ता, सुनील जायसवाल, शकुन्तला गुप्ता, नन्दकिशोर गुप्ता, अमित गुप्ता, स्वतंत्र गुप्ता, राजेन्द्र मामा आदि मौजूद रहे।

## युवती को अगवा कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 21 वर्षीय युवती को कथित रूप से अगवा कर उसके साथ दो माहीने तक बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उभांव थाना के प्रभारी अविनाश सिंह ने मंगलवार को बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 21 वर्षीया युवती को दो माह पहले इसी थाना क्षेत्र के कुंडैल गांव के रहने वाले मोइन इराकी ने कथित रूप से अगवा कर लिया तथा उसे लखनऊले गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ कथित रूप से बलात्कार किया। युवती के पिता की तहरीर पर मोइन के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी मोइन को मंगलवार को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया है।

## खड़े ट्रक से रोडवेज बस की टक्कर में युवक की मौत

**मथुरा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जैत थाना क्षेत्र में दिल्ली से आगरा जा रही रोडवेज की बस सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई जिससे इस घटना में एक युवक की मौत हो गई और चालक समेत दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हादसा सोमवार की आधीरात करीब 12 बजे हुआ। उन्होंने कहा कि ईदगाह डिपो की एक बस दिल्ली से लौट रही थी और यह दुर्घटना जैंत थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित संजय कॉलेज के सामने हुई। उन्होंने बताया कि बस में सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, मृतकों की पहचान आगरा के थाना बाह के नरहोलीपुरा निवासी देवेंद्र (25) के रूप में हुई। इस हादसे में बस चालक कृष्णकांत और बस में बैठे रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# धरा को हरा-भरा करना हमारा नैतिक कर्तव्य: जेपीएस राठौर

**● मरौली झील पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता ने किया पौधरोपण**

संवाददाता। बांदा





**सरकार द्वारा** चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी पर्यावरण एवं हरीतिमा संरक्षण में वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत प्राण वायु उत्पन्न करने वाले पौधों का रोपण आज वन प्रभाग बांदा द्वारा ग्राम पंचायत मटौंध ग्रामीण परमपुरवा के पास विकास खण्ड बडोखर खुर्द की मरौली झील पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता जेपीएस राठौर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग रहे।मुख्य अतिथि जेपीएस राठौर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरी भरी ये धरा, हरी भरी वसुन्धरा, इस धरा को हरा भरा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जनपद में चलाये जा रहे अभियान में नदियों एवं तालाबों के जीर्णोद्धार में जनपद के अधिकारियों ने मिट्टी को निकालकर सिर पर रख ढोने का कार्य किया है यह बहुत प्रशंसनीय कार्य है। कभी कभी छोट छोटे कार्य बहुत बडा स्वरूप ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि मौसम के अनुकूल इस बार वृक्षारोपण कर इस अभियान को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह वृक्षारोपण अभियान आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेड लगाना महत्वपूर्ण नही बल्कि उन्हें संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो जमीन वनों के लिए हो उनमें जाली लगाकर पौधों का संरक्षण किया जाये। उन्होंने माताओ बहनों को इस अभियान में जुडने का आहवाहन किया

इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य है, जिसमें जनपद बांदा में 5288580 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसमें वन विभाग द्वारा 1339140 तथा अन्य विभागों द्वारा 3949440 है, जिसमें शासन के निर्देशानुसार आज जनपद में 3851966 पौधों का रोपण बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया है। 6 जुलाई 2022 को 378000 तथा 15 अगस्त 2022 को 756000 पौधों का रोपण कर धरती को हरे श्रृंगार के रूप में सजाया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा द्वारा जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक एक बाल वन युवा वन की स्थापना की जायेगी तथा जनपद बांदा की विधान सभा तिन्दवारी के ग्राम सिंहपुर में रमेश पटेल की निजी भूमि पर 200 पौधों का रोपण कर शक्ति वन की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही वहीं पर 300 पौधों का रोपण कर फलोद्यान वन की स्थापना की जायेगी तथा जनपद बांदा में पर्यावरण विभाग द्वारा 4 स्थलों पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोण कराया जायेगा।

इस अवसर पर राज्यमंत्री जेपीएस राठौर के द्वारा मरौली झील अमृत सरोवर के भीठों पर पारिजात का पौधा लगाकर हरियाली का सन्देश दिया। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग द्वारा भी पारिजात के वृक्ष का रोपण किया गया। विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी द्वारा कचनार के पौधे का रोपण किया गया तथा जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल द्वारा आम के पौधे का रोपण किया गया एवं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या द्वारा पीपल के पौधे का रोपण तथा जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह द्वारा चकेसिया के पौधे तथा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वन्दना गुप्ता द्वारा कचनार के पौधे का रोपण किया गया एवं नगर मजिस्ट्रेट केशव नाथ गुप्ता बांदा द्वारा जामुन के पौधे का रोपण किया गया तथा मटौंध के नत्थूराम प्रजापति के पुत्र अजीत कुमार प्रजापति जो वर्ष 2000 में पाकिस्तान से गोरिल्ला युद्ध करते अदम्य साहस एवं वीरता का सन्देश देते हुए राजौरी में शहीद हुए थे उनकी पत्नी रानी देवी द्वारा पीपल के पौधे का रोपण किया गया तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रिन्सी मौर्या द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा मंत्री द्वारा शॉल एवं नारियल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा हर सम्भव मदद का आश्वासन भी दिया गया।

# बेयरस्टॉ-रूट ने इंग्लैंड को दिलाई रिकॉर्ड जीत

● भारत को 7 विकेट से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर की

**भाषा** । बर्मिंघम



**कठिन लक्ष्य** को आसानी से हासिल करने के फन में माहिर हो चले जॉनी बेयरस्टॉ और जो रूट ने भारत के नामचीन गेंदबाजी आक्रमण को धता बताते हुए इंग्लैंड को टेस्ट क्रिकेट में उसके सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट से जीत दिलाई और पांच मैचों की श्रृंखला 2 –2 से बराबर की। इंग्लैंड ने इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 3–0 से जीती श्रृंखला में 278, 299, 296 रन के लक्ष्य को हासिल करके जीत दर्ज की थी। चौथे दिन भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लेकर इंग्लैंड पर दबाव बनाने की कोशिश की थी लेकिन आखिरी दिन मंगलवार को इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अंगद के पांव की तरह क्रीज पर डटे रहकर जीत दर्ज की। बुमराह को छोड़कर समूचा भारतीय आक्रमण इन दोनों के सामने बौना साबित हुआ। इंग्लैंड ने पांचवें दिन 119 रन का लक्ष्य 19 . 4 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तानी छोड़ने के बाद से शानदार बल्लेबाजी कर रहे रूट 142 रन बनाकर नाबाद रहे जो उनका 28वां शतक है। उन्होंने बेयरस्टॉ (नाबाद 114) के साथ 269 रन की अटूट साझेदारी की। पहली पारी में 106 रन बनाने वाले बेयरस्टॉ ने एक और यादगार पारी खेलकर कोच ब्रेंडन मैकुलम के आक्रामकता के फलसफे को नए मायने दिए। रूट पिछली आठ पारियों में 11, नाबाद 115, 176, 3,5, नाबाद 86, 5 और नाबाद 142 रन बना चुके हैं। वहीं बेयरस्टॉ ने ।,16,8,136,162, नाबाद 71 , 106 और नाबाद 114 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका से दो मैच हारने के बाद भारत की यह लगातार तीसरी हार है। पहली पारी में 132 रन की बढ़त बनाने के बाद भारत को यह हार बहुत खलेगी। इससे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष दो में रहने की भारत की उम्मीदों को भी झटका लगेगा। इस हार के बावजूद बतौर कप्तान अपने कैरियर के पहले मैच में बुमराह ने प्रभावित किया। जीत के लिए 378 रन का लक्ष्य देने के बाद फील्ड का जमावड़ा बेहतर होना चाहिए थे। राहुल द्रविड़ के कोच बनने के बाद से भारत ने विदेश में चार में से तीन टेस्ट गंवाए हैं और परंपरावादी बल्लेबाज रहे द्रविड़ के लिए यह अच्छी शुरूआत कतई नहीं है। बल्लेबाज इक्के दुक्के रन आसानी से लेते रहे और दबाव हटने पर खुलकर खेले। क्षेत्ररक्षकों के बीच जगह तलाशना उनके लिए चुनौतीपूर्ण नहीं रहा। भारत के तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर प्रभावित नहीं कर सके और रविंद्र जडेजा को भी विकेट नहीं मिले। यह सवाल उठना लाजमी है कि रविचंद्रन अश्विन पर ठाकुर को तरजीह क्यो दी गई। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने कुल 50 बाउंड्री लगाई जिसमें 48 चौके और दो छक्के शामिल थे। विराट कोहली की आक्रामकता काबिले तारीफ है लेकिन अब सवाल उठने लगे हैं कि कई बार इसका उलटा असर भी होता है। बेयरस्टॉ को उनके उकसाने का नतीजा सामने है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल से पारी की शुरूआत कराने की बजाय उन्हें मध्यक्रम में उतारना ही सही होगा। हनुमा विहारी और श्रेयस अय्यर इस मौके को भुना नहीं सके। कोहली का बतौर बल्लेबाज खराब फॉर्म जारी रहा।

### इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में भारत पर धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना

**दुबई।** भारत पर इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें क्रिकेट टेस्ट मे धीमी ओवरगति के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के दो अंक भी काट लिए गए। इंग्लैंड ने यह मैच सात विकेट से जीतकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। आईसीसी मैच रैफरी डेविड बून ने यह जुर्माना लगाया जब भारतीय टीम निर्धारित समय मे दो ओवर पीछे रह गई थी। आईसीसी ने एक बयान मे कहा , खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार हर एक ओवर कम रहने पर खिलाड़ियों पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसके साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खेलने की शर्तो की धारा 16 . 11 . 2 के अनुसार ऐसे हर ओवर पर एक अंक काटा जाता है लिहाजा भारत के दो अंक काटे गए। भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली लिहाजा औपचारिक सुनवाई की जरूरत नही पड़ी।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : 416 रन, इंग्लैड पहली पारी : 245 रन, भारत दूसरी पारी : 284 रन, इंग्लैड दूसरी पारी : लीस रन आउट 56,क्रॉली बो बुमराह 46,पोप का पंत बो बुमराह 0, रूट नाबाद 142,बेयरस्टॉ नाबाद 114, **अतिरिक्त** : 20 रन, कुल योग : 76 . 4 ओवर में तीन विकेट पर 378 रन, **विकेट पतन** : 1-107, 2-107, 3 -109, **गेंदबाजी** : बुमराह 17-1-74-2, शमी 15-2-64 -0, जडेजा 18.4-3-62-0, सिराज 15-0-98-0, ठाकुर 11-0 -65- 0

## पहले तीन दिन दबाव बनाने के बाद हमने मैच पर से पकड़ छोड़ दी : बुमराह



**भाषा** । बर्मिंघम

**भारत के कार्यवाहक** कप्तान जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के हाथों पांचवें टेस्ट में मिली हार के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजों की नाकामी पर ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि पहले तीन दिन दबाव बनाने के बाद उन्होंने मैच पर से पकड़ छोड़ दी। बुमराह ने मैच के बाद कहा , टेस्ट क्रिकेट की यही खूबी है कि तीन दिन अच्छा खेलने के बावजूद यह संभव है। हम कल अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सके और वहीं से मैच हमारी जद से निकल गया। यह अगर मगर तो हमेशा रहेगा। पहले मैच में बारिश नहीं हुई होती तो हम श्रृंखला जीत जाते। लेकिन इंग्लैंड ने बहुत अच्छा खेला। बुमराह ने पहली पारी में शतक बनाने वाले ऋषभ पंत और रविंद्र जडेजा की तारीफ की। पंत और जडेजा ने जवाबी हमले से हमें मैच में लौटाया। हमने मैच पर दबाव बना लिया था। उन्होंने कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी का उन्होंने पूरा मजा लिया। उन्होंने कहा , यह मैने तय नहीं किया था। मुझे जिम्मेदारियां पसंद है। यह अच्छी चुनौती थी और टीम की कप्तानी करना गर्व की बात है और शानदार अनुभव भी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट को खेलने का तरीका बदल रही है। इस तरह से खिलाड़ियों के खेलने पर मेरा काम आसान हो जाता है।

### त्रिपुरा क्रिकेट टीम से जुड़ेंगे साहा

**अगरतला।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा खिलाड़ी सह मार्गदर्शक के रूप मे त्रिपुरा क्रिकेट टीम से जुड़ेंगे। त्रिपुरा क्रिकेट संघ (टीसीए) के संयुक्त सचिव किशोर दास ने यह जानकारी दी। भारत के लिए 40 टेस्ट खेलने वाले अनुभवी साहा को पहले ही बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है। दास ने पीटीआई से कहा, हमारी साहा से बात हुई है और वह राज्य की ओर से खेलने के लिए राजी हो गया है। खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए वह सीनियर टीम के मार्गदर्शन की भूमिका भी निभाएगा। दास ने कहा कि टीसीए को उम्मीद है कि साहा 15 जुलाई तक करार पर हस्ताक्षर कर लेंगे। उन्होंने कहा कि साहा के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट मे अनुभव को देखते हुए अगर वे टीम के साथ जुड़ते है तो इससे खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा।

### विश्वनाथन आनंद की किताब का नया संस्करण 15 से बाजार में आएगा

**नई दिल्ली।** हैचेट इंडिया ने 44वें फिडे शतरंज ओलंपियाड से पहले मंगलवार को पांच बार के पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की लोकप्रिय किताब माइंड मास्टर: विनिंग लैसंस फ्रॉम ए चैंपियन्स लाइफ के विस्तार के साथ पेपरबैक संस्करण को बाजार मे उतारने की घोषणा की। महामारी को देखते हुए इस किताब मे एक अतिरिक्त अध्याय शामिल किया गया है जिसका नाम हाउ टू नैवीगेट अनसर्टेनिटी एंड रेपिडली चेंजिंग रीयलिटीज है। आनंद ने लेखक-पत्रकार सुसान निनान के साथ मिलकर इस किताब को लिखा है और यह 15 जुलाई को बाजार मे आएगी। शतरंज ग्रैंडमास्टर आनंद ने बयान मे कहा, नया संस्करण पेपरबैक मे होगा और यह महामारी को देखते हुए महत्वपूर्ण समय मे आ रहा है। मैने नए सबक को ध्यान मे रखते हुए इसमे नई सामग्री शामिल की है- परिवार का महत्व, कृतज्ञता और अपने सपने को साकार करने का प्रयास करना।

### लीजेंड क्रिकेट लीग के दूसरे सत्र में चार टीम, 110 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली।** वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान और यूसुफ पठान जैसे भारत के पूर्व क्रिकेटर सितंबर मे लीजेंड्स क्रिकेट लीग (एसएलसी) के दूसरे सत्र मे हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि चार टीम और 110 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दूसरे सत्र मे शिरकत करेंगे। पिछले सत्र मे हिस्सा नही लेने वाले सहवाग ने कहा, मुझे क्रिकेट के मैदान पर उतरना पसंद है। मै एलएलसी के पहले सत्र मे नही खेल पाया था लेकिन एलएलसी के दूसरे सत्र के साथ क्रिकेट के मैदान पर वापसी करना शानदार होगा। सहवाग के अलावा पठान बंधुओं ने भी टूर्नामेंट मे हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है।

### मोर्गन के दो गोल से अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने हैती को हराया

**मोंटेरी।** एलेक्स मोर्गन के दो गोल की मदद से अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने कोनकाकाफ महिला चैंपियनशिप के पहले मैच मे हैती को 3-0 से हराया। इस टूर्नामेंट से आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सहमेजबानी मे होने वाले 2023 महिला विश्व कप के लिए क्षेत्र से सीधे क्वालीफाई करने वाली चार टीम का फैसला होगा। दो बार के गत विश्व कप विजेता अमेरिका की ओर से मोर्गन के अलावा मिज प्युर्स ने भी एक गोल दागा।

## विश्व कप : महिला हॉकी टीम ने लगातार दूसरा ड्रॉ खेला



**भाषा** । एम्सटेलवीन

**मौकों** को भुनाने में नाकाम रही भारतीय महिला हॉकी टीम ने विश्व कप के पूल बी में लगातार दूसरा ड्रॉ खेला और चीन के खिलाफ मंगलवार को मुकाबला 1–1 से बराबर रहा। इससे पहले भारत ने इंग्लैंड से भी 2–2 से ड्रा खेला था। अब आखिरी मैच में भारत को बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड से खेलना है। तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के खिलाफ चीन की झेंग जियाली ने 26वें मिनट में गोल दागा। भारत के लिए बराबरी का गोल 45वें मिनट में वंदना कटारिया ने किया जब पेनल्टी कॉर्नर पर गुरजीत कौर के पास से गेंद उनकी स्टिक से टकराई। पहले दो क्वार्टर में गेंद पर नियंत्रण में भारत का पलड़ा भारी रहा और उसने कई मौके भी बनाए लेकिन गोल में नहीं बदल सके। दूसरी ओर चीनी खिलाड़ियों ने जवाबी हमले बोलकर भारतीय डिफेंस में सेंध लगाई। नौवें मिनट में नवनीत कौर ने गोल पर पहला हमला बोला जिसे चीनी गोलकीपर लियू पिंग ने बचा लिया। भारत 23वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन गेंद गोलपोस्ट से टकरा गई। रिबाउंड पर ज्योतिका ने गोल किया लेकिन रेफरल के बाद उसे अमान्य करार दिया गया। भारत को इसके तुरंत बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया।

### वनडे रैंकिंग: मंधाना आठवें स्थान पर पहुंची, शेफाली भी आगे बढ़ी

**भाषा** । दुबई

**भारतीय उप** कप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की मंगलवार को यहां जारी नवीनतम महिला वनडे रैंकिंग की बल्लेबाजी सूची में एक स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गई। मंधाना ने दूसरे वनडे में भारत की 10 विकेट की जीत के दौरान 83 गेंद में नाबाद 94 रन की पारी खेली। वह बल्लेबाजी सूची में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली शीर्ष पर चल रही हैं जबकि इंग्लैंड की नताली स्किवर दूसरे स्थान पर हैं। आलराउंडर दीप्ति और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। इन दोनों ने पालेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की आईसीसी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला में भारत को 2–0 की बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीप्ति ने 25 रन पर तीन विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 22 रन बनाए जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से 29वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों की सूची में भी तीन स्थान के फायदे से 16वें पायदान पर पहुंच गई हैं।

## तीसरी पारी में बल्लेबाजों के विफल होने की समीक्षा : द्रविड़

**भाषा** । बर्मिंघम



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि टेस्ट मैच की तीसरी पारी में उनके बल्लेबाजों की बार–बार असफलता चिंता का विषय है और वे इस मुद्दे को हल करने के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। द्रविड़ की देखरेख में भारतीय टीम विदेश में अपने पिछले तीन टेस्ट मैच हार चुकी है। इसमें टीम दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैच के बाद टीम बर्मिंघम में 378 रन के बड़े लक्ष्य का बचाव करने में विफल रही। भारत ने जोहान्सबर्ग में अपनी दूसरी पारी में 266, केपटाउन में 198 और बर्मिंघम में 245 रन बनाए। इन तीनों मौकों पर भारत की दूसरी पारी टेस्ट मैच की तीसरी पारी थी। इन तीनों मैचों में भारतीय टीम 240, 212 और अब 378 रन के बड़े लक्ष्यों का बचाव करने में विफल रही। जब द्रविड से पूछा गया कि वह बर्मिंघम में भारत की हार का विश्लेषण कैसे करेंगे तो उन्होंने दो दिन के अंदर शुरू होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का जिक्र करते हुए हलके अंदाज में कहा, क्रिकेट इतना अधिक है कि हमारे पास सोचने का समय नहीं है। हम दो दिन के बाद ही आपसे शायद पूरी तरह से कुछ अलग बात करें। उन्होंने इसके बाद गंभीर लहजे में कहा, हम हालांकि निश्चित रूप से इस प्रदर्शन पर विचार करने की कोशिश करेंगे। हर मैच हमारे लिए सबक है और आप कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। हमें सोचना होगा कि हम टेस्ट मैच की तीसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी क्यों नहीं कर पा रहे हैं और चौथी पारी में हम 10 विकेट क्यों नहीं ले पा रहे हैं। भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा चक्र में छह और मैच खेलने है और ए सभी मैच उपमहाद्वीप (चार भारत में और दो बांग्लादेश में) में है। द्रविड़ कमियों का विश्लेषण करने के लिए चेतन शर्मा (चयन समिति के अध्यक्ष जो अभी इंग्लैंड में है) के साथ बैठने की योजना बनाई है। अब अगले छह टेस्ट मैच उपमहाद्वीप में हैं और हमारा ध्यान उन बचे हुए मैचों पर होगा। कोच और चयनकर्ता बैठकर इस हार का विश्लेषण करेंगे। यह समीक्षा हर खेल के बाद होती है और इसलिए जब हम अगली बार एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया) देशों की यात्रा करेंगे तो हम इससे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे।

### भारत चौथे दिन रक्षात्मक और डरा हुआ था : शास्त्री

**बर्मिंघम।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि पांचवे टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी मे बल्लेबाजी में भारत के डर और रक्षात्मक रवैए के कारण इंग्लैंड को वापसी करने का मौका मिला। पहली पारी मे 132 रन की बढ़त बनाने वाला भारत दूसरी पारी में सिर्फ 245 रन पर सिमट गया। इंग्लैंड की टीम अब लक्ष्य से सिर्फ 119 रन दूर है जबकि उसके सात विकेट शेष है। एजबस्टन में स्काई स्पोर्ट्स की कमेंट्री टीम का हिस्सा शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि यह निराशाजनक था क्योंकि वे अपनी बल्लेबाजी से इंग्लैंड को मुकाबले से बाहर कर सकते थे। उन्हें दो सत्र बल्लेबाजी करने की जरूरत थी और मुझे लगता है कि वे रक्षात्मक थे, वे आज डरे हुए थे, विशेषकर लंच के बाद। विकेट गंवाने के बावजूद वे जोखिम उठा सकते थे। खेल में उस समय रन काफी महत्वपूर्ण थे और मुझे लगता है कि वे काफी रक्षात्मक हो गए, विकेट काफी जल्दी जल्दी गंवाए और इंग्लैड को आज बल्लेबाजी का पर्याप्त समय दे दिया।

### शॉर्ट गेंद से निपटने में नाकाम , साधारण बल्लेबाजी की : राठौड़

**बर्मिंघम।** बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा है कि पांचवे टेस्ट के चौथे दिन भारतीय बल्लेबाज शॉर्ट गेंदो से निपटने में नाकाम रहे और उन्होंने साधारण बल्लेबाजी की जिससे इंग्लैंड को वापसी करके मैच मे अपनी स्थिति बेहद मजबूत करने का मौका मिल गया। पहली पारी में 132 रन की बढ़त बनाने वाला भारत चौथे दिन दूसरी पारी में 245 रन पर सिमट गया जिससे इंग्लैंड को 378 रन का लक्ष्य मिला। मेजबान टीम ने इसके बाद शानदार बल्लेबाजी की और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास मे अपने सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने से सिर्फ 119 रन दूर है। जो रूट (नाबाद 76) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 72) क्रीज पर डटे हुए है। राठौड़ ने चौथे दिन के खेल के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, मै सहमत हूं कि जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है तो हमारे लिए यह साधारण दिन रहा। हम आगे थे, हम ऐसी स्थिति मे थे कि अपनी बल्लेबाजी से उन्हें मुकाबले से बाहर कर सकते थे। दुर्भाग्य से ऐसा नही हुआ। कई बल्लेबाजो ने शुरुआत की लेकिन इसे बड़ी पारी में नही बदल पाए। हमें उम्मीद थी कि उनमें से एक बड़ी पारी खेलेगा और बड़ी साझेदारी होगी।

### भारतीय प्रशंसकों के नस्लवाद के आरोपों की जांच करेगा वारविकशर

**बर्मिंघम।** ईसीबी और वारविकशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने कहा है कि भारत और इंग्लैंड के बीच एजबस्टन में पांचवें टेस्ट के चौथे दिन के खेल के दौरान भारतीय प्रशंसकों से नस्ली दुर्व्यवहार के आरोपों की जांच शुरू की गई है। कई भारतीय प्रशंसकों ने चौथे दिन के खेल के दौरान अन्य प्रशंसकों के नस्ली बर्ताव की जानकारी सोमवार रात ट्विटर पर साझा की। ब्रिटेन के कुछ प्रशंसकों ने उनके प्रति नस्ली टिप्पणी की। यॉर्कशर के पूर्व क्रिकेटर अजीम रफीक ने नस्ली बर्ताव की जानकारी देने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को रीट्वीट किया।

## प्रणय ने रैंकिंग में शीर्ष 20 में वापसी की



**भाषा** । नई दिल्ली

**भारत के** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मौजूदा सत्र में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को फिर से दुनिया के शीर्ष 20 रैंकिंग वाले खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया। केरल के 29 साल के खिलाड़ी ने मई में थॉमस कप में भारत की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह विश्व बैडमिंटन महासंघ बीडब्ल्यूएफ से जारी नवीनतम पुरुष एकल रैंकिंग में दो स्थान सुधार कर 19वें पायदान पर पहुंच गए। प्रणय 2018 में करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंचे थे। उन्होंने इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और कई टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल तक पहुंचे। वह भारतीय खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन (10वें) और किदांबी श्रीकांत (11वें) के बाद तीसरे नंबर के भारतीय पुरुष शटलर हैं।

### राष्ट्रमंडल खेलों का टिकट पक्का करने वाली त्रिसा और गायत्री की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स से बाहर

**कुआलालंपुर।** राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रही त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीम को मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से मंगलवार को यहां पर्ल टैन और थिनाह मुरलीधरन की स्थानीय जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा।मलेशिया की जोड़ी ने त्रिसा और गायत्री की जोड़ी को 21-14, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। टूर्नामेंट के मुख्य मुकाबलों के शुरुआती दिन किसी भी भारतीय ने अपना मैच नही जीता। महिला युगल की दो अन्य जोड़ियो को भी पहले दौर मे हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी भट एवं शिखा गौतम की जोड़ी को जापान की युकी फुकुशिमा एवं सयाका हिरोटा से 7-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि पूजा दांडू एवं आरती सारा की जोड़ी बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा की जोड़ी से 17-21, 17-21 से हार गईं। महिला एकल मे मालविका बंसोड़ भी शुरुआती दौर मे ही इस सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गई। उन्हें स्थानीय खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ 33 मिनट तक चले मुकाबले मे 10-21 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और साइना नेहवाल बुधवार को महिला एकल तो वही पारुपल्ली कश्यप, एचएस प्रणय और बी साई प्रणीत पुरुष एकल मे अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## जोकोविच-मारिया विंबलडन के सेमीफाइनल में



● विम्बलडन में लगातार 26वीं जीत

**भाषा** । विम्बलडन

**तीन बार के** गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां यानिक सिनर को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने सिनर को 5–7, 2–6, 6–3, 6–2, 6–2 से हराकर अपने सातवें विम्बलडन खिताब की ओर कदम बढ़ाया। इस टूर्नामेंट में यह उनकी लगातार 26वीं जीत है। बीस ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके जोकोविच ने इस तरह ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार 26वीं जीत दर्ज की। इस स्थल पर पांच सेट के अपने 11 मुकाबलों में उन्होंने 10 में जीत दर्ज की है, जिसमें सर्बिया के खिलाड़ी ने पिछली हार का सामना 2006 में किया था। विम्बलडन में यह उनकी 84वीं जीत है, जिससे उन्होंने जिमी कोनर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस मामले में सिर्फ दिग्गज रोजर फेडरर उनसे आगे है। मनी की 34 साल की खिलाड़ी तात्याना मारिया ने महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में हमवतन ज्यूल नीमियर को 4–6, 6–2, 7–5 से हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। विश्व रैंकिंग में 103वें स्थान पर काबिज मारिया पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची है।फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें तीसरी वरीय ओन्स जेब्युर या गैर वरीय मेरी बोजकोवा के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना होगा। मारिया इस उम्र में विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली ओपन युग की केवल छठी महिला हैं। अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खेल रही बाईस साल की नीमियर इस हार के बाद काफी निराश दिखी। इससे पहले वह फ्रेंच ओपन के शुरूआती दौर में बाहर हो गई थी।

### सानिया-पाविच की जोड़ी मिश्रित युगल सेमीफाइनल में

**विंबलडन।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार मेट पाविच ने कड़े मुकाबले मे गैब्रिएला दाब्रोवस्की और जॉन पीयर्स को हराकर विंबलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। सानिया और पाविच की छठी वरीय जोड़ी ने सोमवार रात क्वार्टर फाइनल मे कनाडा और आस्ट्रेलिया की जोड़ी को एक घंटे और 41 मिनट मे 6-4 3-6 7-5 से हराया। भारत और क्रोएशिया की जोड़ी सेमीफाइनल मे रॉबर्ट फराह और एलेना ओस्टापेंको की सातवी वरीय जोड़ी और नील स्कुप्सी और डिजायर क्रॉविक की दूसरी वरीय जोड़ी के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल की विजेता से भिड़ेगी। आल इंग्लैंड क्लब पर मिश्रित युगल मे यह सानिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इससे पहले 2011, 2013 और 2015 मे क्वार्टर फाइनल मे पहुंची थी। मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम मे सानिया सिर्फ विंबलडन खिताब ही नही जीत पाई है। छह बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सानिया पहले ही सत्र के अंत मे संन्यास की घोषणा कर चुकी है।

### बैडमिंटन एशिया तकनीकी समिति ने मानवीय गलती के लिए सिंधू से मांगी माफी

**भाषा** । नई दिल्ली

बैडमिंटन एशिया (बीएसी) तकनीकी समिति के अध्यक्ष चिह शेन चेन ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू से अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल सेमीफाइनल मैच के दौरान रेफरी द्वारा की गई मानवीय गलती के लिए माफी मांगी है। जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के बीच में अंपायरों के अनुचित फैसले के बाद सिंधू की आंखों में आंसू आ गए थे। इस फैसले के बाद सिंधू की लय गड़बड़ा गई और उन्हें हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अधिकारी ने सिंधू को लिखे पत्र में कहा, दुर्भाग्य से, अब इस (तत्कालीन फैसले) में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। हमने हालांकि, इस मानवीय त्रुटि की पुनरावृत्ति से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।


## स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस में दिव्यांश व सुहाना ने मारी बाजी



**लखनऊ।** सुभाष चंद्र श्रीवास्तव स्मारक स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में दिव्यांश व सुहाना ने मारी बाजी। लखनऊ की दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थक सेठ को 12–10, 11–8, 11–3 से हराकर पुरुष एकल का खिताब जीता और महिला वर्ग में मुरादाबाद की सुहाना नरजिनरी ने गाजियाबाद की सुहानी महाजन को 11–8, 13–11, 11–8 से हराया।


यूथ बॉयज़ अंडर–19 फाइनल में दिव्यांश श्रीवास्तव ने अक्षत त्यागी को 1–5,11–6,10–12 से हराया। यूथ गर्ल्स अंडर –19 के फाइनल मे सुहानी महाजन ने अवनी त्रिपाठी को 11–5, 11–7, 13–15, 11–9 से हराया । यूपीटीटीए के सचिव अरुण कुमार बनर्जी ने पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर नेत्र सर्जन डॉ.रवि त्रिपाठी भी उपस्थित थे।

### भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम सम्मानित



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम ने स्लोवानिया में गत 22 जून से 3 जुलाई तक हुई 23वीं आईएचएफ अंडर–20 महिला जूनियर हैंडबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम का वापसी के बाद मंगलवार 5 जुलाई 2022 को नई दिल्ली स्थित भारतीय ओलंपिक संघ भवनद्ध में स्वागत व सम्मान किया गया। भारतीय टीम में उत्तर प्रदेश की मोनी चौधरी, शीतल कुमारी व आफरीन अफजल भी शामिल थी।सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता के साथ भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष व हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पाण्डेय ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### खेल विभाग ने किया पौधारोपण



**लखनऊ।** स्वतन्त्रता के 75वें वर्ष को आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण केडीसिंह ''बाबू'' स्टेडियम लखनऊ में किया गया। मुख्य अतिथि आरपीसिंह, निदेशक, खेल निदेशायल ने पौधारोपण किय। एसएसमिश्रा, उपनिदेशक खेल, अजय कुमारसेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, विभागीय एवं अंशकालिक प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने 75 पौधारोपण किया। अन्त में अजय कुमारसेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ ने मुख्य अतिथि एवं सभीका धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मंत्री ने ईको पार्क माती में किया पौधरोपण

**संवाददाता।** कानपुर देहात

● **जनपद में करीब 60 लाख पौधे लगाये जा रहे हैं लेकिन जरूरी है कि हम लगाये गये पौधों का संरक्षण करें: राज्यमंत्री**

● **वृक्षारोपण के इस महाअभियान से जन-जन को जोड़ना होगा: जिलाधिकारी**

**वृक्षारोपण** महाअभियान 2022 के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री संजय सिंह गंगवार ने इस महाअभियान में अपनी सिरकत करते हुए ईको पार्क माती में जामुन के पौधे का पौधरापण कर अपना योगदान दिया साथ ही उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज जनपद में करीब 60 लाख पौधे लगाये जा रहे है लेकिन जरूरी है कि हम लगाये गये पौधों का संरक्षण करेंए इन वृक्षों को अपने बच्चों की तरह पालनाए पोषना पडेगा तभी ये फ्लवित और पुष्पित हो सकते हैंए इस महाअभियान से जन.जन को जोड़ना होगा किसानाए मजदूर सभी को इस महाअभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस जनपद में नारी शक्ति की जो प्रशासनिक क्षेत्र में जो भूमिका सुनिश्चित हुई है निश्चित रूप से वह अन्य जनपदों के लिए अनुकरणीय हैए मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं को आप सब मिलकर धरातल में उतारने का काम करेंगे ऐसी मैं उम्मीद और कामना करता हूं। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने कहा कि वन महोत्सव का यह कार्यक्रम केवल प्रशासनिक अमले का काम नहीं है अपितु इसमें हर व्यक्ति की भागीदारी होनी चाहिए तभी इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाया जा सकता हैए इसके लिए उन्होने जन.जन का आवाहन किया हैए पेड़ धर्मए मजहब देखकर छाया नहीं देते हैं अपितु निस्वार्थ और लोगों के सेवा हेतु संकल्पि होकर छाया प्रदान करते हैं इसीलिए हम सब की यह जिम्मेदारी है कि केवल वृक्ष लगायें बल्कि इनको संरक्षित भी करें। इस अवसर पर बोलते हुए पुलिस अधीक्षक सुनीति ने कहा कि इस महाअभियान में हम सब योगदान करेंगेए इस अवसर पर बोलते डीएफ्ओ एके द्विवेदी ने कहा कि वृक्ष की महिमा का वर्णन वेद शास्त्रों में किया गया है कि एक वृक्ष दस पुत्रों के बराबर है ऐसी स्थिति में जरूरी है कि हम अधिक से अधिक वृक्ष लगायें और उनकों संरक्षित करें। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालयए सिठमरा के बच्चों ने कठपुतली नृत्य द्वारा पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा प्रसाद गुप्ता आदि जनप्रतिनिधिगणए अधिकारीगण एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



राज्यमंत्री संजय सिंह गॅंगवार ईको पार्क में पौधरोपण के बाद पौधे में पानी देते हुये, साथ में मौजूद हैं डीएम नेहा जैन सहित अन्य अधिकारीगण

# अमृत वन महोत्सव के अर्न्तगत पालिका ने कराया पौधारोपण

**संवाददाता।** घाटमपुर

**अमृत वन** महोत्सव के अंर्तगत नगर पालिका पारिषद ने पालिका कार्यालय के अलावा कुष्मॉण्डा देवी मंदिर व अम्बेडकर पार्क सहित कई जगहों पर पौधा रोपड़ कराया। शासन स्तर से निर्देश के बाद अमृत वन महोत्सव को सफ्ल बनाने के लिये अधिशाषी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के नेत्रत्व में पालिका कर्मचारी तथा कई सभासद आज सवेरे सबसे पहले माँ कुष्मॉण्डा देवी मंदिर में पंहुच कर पौधारोपड किया, इसके बाद मंण्डी समिति, अम्बेडकर पार्क, रबिदास मन्दिर पार्क, स्टेट बैंक के सामने पालिका द्वारा खाली करायी गयी भूमि और एडीएम आवास परिसर में पौधा रोपड किया। अधिशाषी अधिकारी उमेश ने बताया कि सभी जगह करीब 15 सौ पौधा लगाये गये हैं उन्होने पर्यावरण संन्तुलन हेतू ज्यादा से ज्याद पेंड़ लगाने की अपील नागरिकों से की है। पौधा रोपड़ कार्याक्रम में अधिशाषी अधिकारी के अलवा पालिका क लेखाकार शान्ति प्रकाश निगम, कम्प्यूटर आपरेटर दीपक गुप्ता, सुधीर सचान, रामकिशोर,राज कुमार, अमित कुमार, प्रदीप बाजपेयी, अमर सिंह और बदरुद्दीन आदि कर्मचारी मौजूद रहे, वहीं सभासदों में ज्ञानसिंह, बिक्रम गोस्वामी, राजेश कुमार, तौफीक और बिबेक शुक्ला प्रमुख थे।


पौधारोपण करते अधिशाषी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा — पायनियर

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगा की आत्महत्या

● **साढ़ थाना क्षेत्र के अकबरपुर बरुई गांव की घटना**

**संवाददाता।** घाटमपुर

**साढ़** थाना क्षेत्र के अकबरपुर बरुई कर्ज से परेशान होकर वृद्ध किसान ने आत्महत्या कर ली। मंगलवार को उसका पेड़ में अंगौछे के फंदे पर झूलता मिला। पत्नी के अनुसार बीमारी के चलते किसान केसीसी से लिया कर्ज नहीं भर पा रहा था।जिससे वह तनाव में रहता था। अकबरपुर बरुई गांव निवासी कैलाश साहू 60 का बेटा नंदन परिवार के साथ बिहार में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। वह गांव में पत्नी नंदनी के साथ रहते थे। इन दिनों कैलाश खेत में लगे ट्यूबवेल में रहकर फसल की रखवाली करते थे। शनिवार को ग्रामीणों को उनका शव खेत में लगे जामुन के पेड़ पर अंगौछे के फंदे पर झूलता मिला। ग्रामीणों ने परिजनों के साथ पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में ले लिया। किसान की पत्नी नंदनी ने बताया कि पति कैलास ने केसीसी से 2 लाख का लोन लिया था। इधरए कुछ माह से वह बीमार भी रहने लगे थे। एसओ साढ़ ने बताया कि प्राथमिक जांच में तनाव में आकर आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने का इंतजार है।


कैलाश साहू की फाइल फोटो

# पुलिस ने तस्करों से बरामद की 80 लाख कीमत की चरस

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात

**सोमवार** की रात भोगनीपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय की अगुवाई में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। तालाशी के दौरान उनके पास चार किलोग्राम अवैध चरस और एक मोटरसाईकिल बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को मादक पदार्थ उन्मूलन अधिनियम के तहत अवैध रूप मादक पदार्थों की बिक्री कराने में आरोप में तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। भोगनीपुर कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय की अगुवाई में भोगनीपुर थाना क्षेत्र के झांसी-कानपुर हाईवे पर दौलतपुर गांव के निकट वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी तीन लोग एक ही मोटर साइकिल पर सवार होकर कालपी की ओर जा रहे थे। पुलिस को देखकर मोटरसाईकिल की रफ्तार बढ़ा दी। जिससे पुलिस को शक हुआ और बाइक का पीछा करके तीनों संदिग्ध लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के लेने पर अभियुक्त राम बालक निवासी नौकाटोला, रखसौल, जिला चम्पारन, बिहार के पास दो किलोग्राम अवैध चरस मिली। वहीं दूसरे अभियुक्त राजकुमार यादव निवासी पन्नाजाखा, थाना कोतवाली अकबरपुर, कानपुरदेहात से एक किलोग्राम अवैध चरस और तीसरे अभियुक्त प्यारेलाल कोरी निवासी सूतन पुरवा, थाना रूरा, कानपुर देहात के पास एक किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई है। तीनों अभियुक्तों से कुल चार किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई है। जिसका अंतर्राष्ट्रीय मूल्य करीब 80 लाख रूपए बतायी जा रही है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को मादक पदार्थ उन्मूलन अधिनियम के तहत अवैध रूप मादक पदार्थों की बिक्री कराने में आरोप में तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय, कोतवाल राजेश कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, उपनिरीक्षक राकेश बहादुर सिंह, दयानंद झा, हेडकांस्टेबिल देवेंद्र सिंह राजावत, राहुल कुमार, अनूप कुमार, सोनू यादव, दुर्वेश कुमार ध्यानेंद्र सिंह अजीत सिह, मुकेश कुमार, प्रशांत पांडेय, नवीन मिश्रा आदि चेकिंग अभियान में मौजूद रहे।



# क्विक न्यूज

## जमीन में अवैध कब्जे के विरोध करने पर दो पक्षों के बीच हुयी मारपीट

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के धनीरामपुर गॉव में खेत की सहन की भूमि पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर दोनों पक्ष आमने सामने हो गये, दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुये थाने में शिकायत की है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। धनीरामपुर गॉव की स्नेहलता ने थाने पर दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि वह विधवा महिला है, बालाजी मॅंदिर के पास उसके खेतों की सहन की जमीन पर सूरज मिश्रा ने जबरन अपनी लकडी की पेटी रख कर कब्जा कर लिया है। मामले की शिकायत करने पर सूरज व उसके परिजन रॅंजिश मानने लगे है रॅंजिशन मॅंगलवार की सुबह 9 बजे सक्षम, अन्नू, लल्ला, रवि व सूरज ने गाली गलौज के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मेरा पुत्र बीच बचाव करने आया तो उपरोक्त सभी ने मेरे पुत्र के साथ भी मारपीट कर जान से मार देने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष की अन्नू मिश्रा ने बताया कि मॅंगलवार की दोपहर 11 बजे अपने दरवाजे पर खडी थी उसी समय स्नेहलता व उसके पुत्र ॲंकुर ने गाली गलौज के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया, पडोसी सॅंजय के मौके पर आने पर उपरोक्त दबॅंग जान से मार देने की धमकी देते हुये चले गये। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर जॉच पडताल के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

## दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद ।** मोहम्मदाबाद कस्बा निवासी युवक ने गांव खटा निवासी अभिनय यादव व अभिराज के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कहा कि दो जुलाई को उनकी नाबालिग पुत्री बाजार गई थी। वह शाम तक घर नहीं लौटी। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। खोजबीन करने पर पता चला कि दोनों आरोपित पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए हैं।

## ईएमटी ने एंबुलेंस में कराया प्रसव

**नवाबगंज फर्रुखाबाद ।** गांव कडिउली निवासी सौरभ कुमार की पत्नी कविता देवी को सोमवार रात प्रसव पीड़ा हुई। आशाबहू मुन्नी देवी की सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के पायलट राहुल कुमार शर्मा व ईएमटी सुरजीत यादव कविता को सीएचसी ला रहे थे। रामताल मंदिर के निकट कविता प्रसव पीड़ा बढ़ने पर ईएमटी ने एंबुलेंस को सड़क के किनारे रूकवाकर ननद पूजा व आशा बहू की मदद से एंबुलेंस में ही कविता का सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## वृद्धा से मारपीट

**कंपिल फर्रुखाबाद ।** गांव कटिया निवासी वृद्ध महिला सत्यवती ने बताया कि गांव निवासी एक दबंग मंगलवार सुबह घर के सामने खाली पड़ी जमीन की तरफगेट लगा रहा था। विरोध करने पर गाली गलौज व मारपीट कर भगा दिया। सत्यवती ने थाने पहुंच तहरीर दी।

## लाठी मारकर महिला का सिर फोड़ा

**कंपिल फर्रुखाबाद ।** गांव हरकरनपुर निवासी अमित ने बताया कि गांव किनारे स्थित खेत में फसल खड़ी है। मंगलवार सुबह गांव के दबंगों ने फसल में मवेशी छोड़ दिए। जिससे काफी फसल क्षतिग्रस्त हो गई। अमित उलाहना देने उनके घर गया तो सभी ने मिलकर मारपीट कर दी। शोर शराबे की आवाज सुन बीच बचाव करने आयी मां को के सिर में लाठी मारकर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नहाते हुए महिला की खींची फोटो, आरोपी पर मुकदमा

**फतेहपुर।** घर के आंगन मे नहा रही महिला की पड़ोसी युवक ने मोबाइल से फोटो खींच ली। फोटो वायरल करने की धमकी देकर महिला को ब्लैकमेल किया। मामले की शिकायत पीड़िता ने सीओ थरियांव से की। सीओ के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है। हथगांव थाना क्षेत्र के एक गॉंव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति सऊदी अरब में नौकरी करते है। एक दिन वह आंगन में स्नान कर रही थी तभी पड़ोसी मो. वसीम ने छत में चढ़ कर उसकी नहाते हुए फोटो खींच ली। पति को तलाक देकर अपने साथ रहने का दबाव बना रहा है। मना करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देता है। थाना अध्यक्ष अश्वनी सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने घेराबंदी करके शातिर अपराधी को दो देसी बम के साथ पकड़ा

**बिंदकी (फतेहपुर)।** पुलिस ने शातिर अपराधी को मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ लिया। अपने को पुलिस के घेराबंदी में देखकर बदमाश ने बम दिखाकर पुलिस को जान से मारने की धमकी दी लेकिन पुलिस ने आरोपी बदमाश को पकड़ लिया जबकि उसके 2 साथी भाग निकले। पुलिस ने आरोपी बदमाश के खिलाफकानूनी कार्रवाई की और न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया युवा साथी अपराधी है और कई चोरी के मामले में शामिल रहा है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर सोमवार की रात को इंस्पेक्टर बिंदकी रविंद्र कुमार श्रीवास्तव तथा जोनिहा चौकी इंचार्ज महेश कुमार सिंह हमराही सिपाहियों के साथ जोनीहा चौकी क्षेत्र के धानेमऊ गांव के पास स्थित भगत ताल के पास पहुंचे और एक शातिर अपराधी सूरज कंजर पुत्र रामकुमार कंजर उर्फबाबा निवासी छोटेलाल पुर कोतवाली बिंदकी को घेरकर पकड़ने की कोशिश करने लगे तभी शातिर बदमाश सूरज कंजर ने हाथ में लिए देसी बमों को दिखा कर पुलिस को जान से मारने की धमकी देने लगा लेकिन पुलिस बल ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी सूरज कंजर को दबोच लिया, जिसके पास से दो देशी बम बरामद हुए मंगलवार की सुबह आरोपी शातिर अपराधी के खिलाफकानूनी कार्रवाई की गई और न्यायालय भेज दिया गया पुलिस के अनुसार पकड़ा गया बदमाश सूरज कंजर शातिर अपराधी है और कई चोरी की वारदातों में लिप्त रहा इसके अलावा मोबाइल छीनना चोरी करना का भी काम करता है जिस समय शातिर अपराधी को पकड़ा गया।

## अल्पसंख्यक आयोग का कार्यक्रम आज

**फतेहपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने बताया कि रूमाना सिद्दीकी सदस्या उ0प्र0 अल्पसंख्यक आयोग का भ्रमण कार्यक्रम 06 जुलाई को निश्चित है जिसमें सदस्या उ0प्र0 अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के स्थानीय लोगों के साथ समय 11:45 बजे (अपरान्ह) संवाद कार्यक्रम निरीक्षण भवन में प्रस्तावित है।

## बैठक में शामिल होंगी सलाहकार समिति की सदस्य

**फतेहपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने बताया कि सदस्य राज्य स्तरीय सलाहकार समिति प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ तुषार दीप मकवाना फ्तेहपुर जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत 05 जुलाई को 7:30 बजे फ्तेहपुर निरीक्षण भवन में आगमन होगा। 06 जुलाई को निरीक्षण भवन में 9:30 बजे प्रातः प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक, 11:00 बजे प्रातः सभी जिले के नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियो के साथ बैठक व 11:30 बजे प्रातः 50 प्रतिशत से ज्यादा दलित आबादी वाले चिह्नित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना से सम्बंधित गांव का निरीक्षण व जन समस्याओं को सुनेंगे।

# राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में पौधरोपण किया

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**राज्यमंत्री** (स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा विभाग) गुलाब देवी की अध्यक्षता में आज दिनांक 5 जुलाई 2022 को प्रातः 10.- 30 बजे बालिका इंटर कॉलेज फ्तेहगढ़ में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही मंत्री जी के द्वारा बालिका कॉलेज की छात्राओं एवं अध्यापिकाओं से वार्ता कर विद्यालय में चल रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। मंत्री के साथ विधायक अमृतपुर, आयुक्त कानपुर मण्डल, कानपुर, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके उपरांत मंत्री के द्वारा ग्राम पंचायत सिरौली विकासखंड मोहम्मदाबाद में वन विभाग द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विधायक अमृतपुर, आयुक्त एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में कराए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में ग्रामवासियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। आयुक्त द्वारा ग्रामवासियों को बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी बहुत आवश्यक हैए सरकार बृक्षारोपण कर रही है लेकिन वृक्षों का संरक्षण तभी होगा जब हम सभी मिलकर काम करेंगे। मंत्री जी द्वारा बताया गया कि वृक्ष किस प्रकार हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद उपस्थित रहे। इसके उपरांत आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत निसाई, मोहम्मदाबाद में वृक्षारोपण कराया गया वृक्षारोपण स्थल पर लगभग 1.9 हेक्टेयर भूमि पर 800 पौधे लगाए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा सायं 4- 30 बजे गंगा किनारे ग्राम सोता बहादुरपुर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के समय खण्ड विकास अधिकारी, बढ़पुर सहायक विकास अधिकारी.पंचायतए ग्राम सचिव व प्रधान उपस्थित रहे।




# सुजाता शर्मा ने नारियल फोड़कर वन महोत्सव का किया शुभारम्भ

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जनपद** में मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण जन आंदोलन वन महोत्सव जनपद के मेरा आंगन मेरा पेड़ थीम पर रामगंज पक्का तालाब अमृत उद्यान में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, एमडी पिकप, सुजाता शर्मा ने नारियल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अशोक का पौधा रोपित किया एवं जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने आम का पौधा रोपित किया और एनसीसी कैडेटस को पौध वितरित किया और कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौध रोपित कर लोगो को पौध रोपण हेतु जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि पौध रोपित करना आवश्यक है, के साथ-साथ संरक्षण भी करे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर नन्द प्रकाश मौर्य, क्षेत्राधिकारी नगर डीसी मिश्रा, ईओ नगर पालिका परिषद सदर मीरा सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। वही दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला में पौध रोपण किया गया। इस दौरान कुलदीप भदौरिया जिला मंत्री, अपर्णा सिंह गौतम जिला उपाध्यक्ष, राम प्रताप सिंह गौतम, भूपेन्द्र सिंह, ब्रजेश दिवेदी, सुधीर सिंह, पिंटू सिंह चंदेल, रवी श्रीवास्तव, अतुल, उमेश गुप्ता मौजूद रहे।



# सांसद ने कई गांवों में बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की


अकबरपुर सांसद देवेन्द्र सिंह भोले बूथ अध्यक्षों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**संगठनात्मक** बूथ सशक्तीकरण एवं बृक्षारोपड़ कार्यक्रम के तहत लोकसभा क्षेत्र अकबरपुर के सांसद माण्देवेन्द्र सिंह भोले जी ने बलेथा, चैलाहा, रोशनमऊ, इकघरा, हसनापुर ग्रामों में बूथ अध्यक्षों के साथ बैठकर बूथ में विकासकार्यों की समीक्षा जहां पर बृद्ध जनों निराश्रित विधवा एवं दिव्यांग जनों की पेंशन जन धन खातों के माध्यम से बिना भ्रष्टाचार के लाभार्थी के खातों में सीधे भेजे जाने की समीक्षाएकिसान सम्मान निधिए कृषि तथा दुर्घटना बीमा के साथ ग्राम विकास में आवास सौचालय रसोई गैस कनेक्शन के साथ खड़ज़ा सड़कए बम्बा सिंचाई तथा रेलों के ठहराव के सम्बन्ध में चर्चा करके शेष कार्यों के सीघ्र निस्तारित कराने का संकल्प व्यक्त किया। प्रत्येक गाँव में पर्यावण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए आज बृक्षारोपड़ कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में बृक्षारोपड़ करके एक बृक्ष सौ पुत्र समान का संदेश देकर बृक्ष लगाने तथा उसके रखरखाव का ध्यान रखने का भी संकल्प कराया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ब्रजेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती अर्चना मिश्रा रजोल शुक्ला विद्यासागर त्रिपाठी, केपीसिंह महेश गुप्ता, महेश तिवारी, लकी सिंह, ज्ञान सिंह पाल सीपी, भारत सिंह, रवी अग्निहोत्री, रामू गुप्ता, विकास गुप्ता, विनीत बाजपेई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण में हिस्सा लेने 50 कृषक रवाना, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**सबमिशन** आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत कृषि विभाग के तत्वाधान में प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति के माध्यम से वाराणसी स्थित गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान एवं अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में जनपद के 50 किसानों के दल को चार दिवसीय प्रशिक्षण व भ्रमण हेतु जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने कहा कि वाराणसी में गौ आधारित प्राकृतिक खेती प्रक्षेत्र भ्रमण एवं सब्जी व धान की खेती की तकनीकी जानकारी सम्बन्धित अनुसंधान संस्थानों में किसानों को इस भ्रमण में मिलेगी। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाना है क्यों कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से मृदा में कार्बनिक तत्वों की कमी के साथ ही बहुत से लाभकारी सूक्ष्म जीवों में कमी आयी है, जिससे उत्पादन में कमी के साथ ही उत्पादित खाद्यान्न एवं सब्जी व फ्लों की गुणवत्ता में भी कमी आयी है, जिसका सीधा असर हम सभी के स्वास्थ्य में पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि फसल अवशेष प्रबन्धन एवं कम्पोस्ट तथा जीवामृत, घनजीवामृत तथा वर्मीकम्पोस्ट के साथ ही हरी खाद का प्रयोग करें, जिससे मृदा स्वास्थ्य में सुधार हो एवं हम सभी को स्वस्थ अनाज व सब्जी फ्ल मिल सकें। इसी क्रम में उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सब्जियों का अच्छा उत्पादन होता है। इस भ्रमण में किसान भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी में सब्जियों के उन्नतिशील बीजों एवं खरपतवार प्रबन्धन हेतु मल्चिंग तथा प्राकृतिक कीटनाशी प्रबन्धन की जानकारी मिलेगी तथा किसान वहां से उन्नतिशील सब्जियों के बीज भी ले सकते हैं इसके साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित की गयी धान की प्रजाति एवं तकनीक की भी जानकारी किसान प्राप्त करेंगे। किसानों के भ्रमण का संचालन कर रहे संस्था सचिव उमेश चन्द्र शुक्ल एवं जनपद के विभिन्न प्रगतिशील किसान बजरंग सिंह, प्रतापभान सिंह, रामेश्वर सिंह, रणवीर सिंह, शिवप्रसाद द्विवेदी, राजेन्द्र उत्तम, कुलदीप शर्मा, अनिरूद्ध दुबे, सुरेश चन्द्र, रमेश त्रिवेदी, जयनारायण वर्मा, भैयालाल, बीरेन्द्र सिंह, भानुप्रताप सिंह, रमाकान्त त्रिपाठी, ब्रजेन्द्र कुशवाहा, राकेश कुमार, वंशलाल वर्मा, मान सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, दलजीत सिंह व बीरेन्द्र यादव सहभागिता कर रहे हैं।



पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 6 जुलाई, 2022



वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर नोडल अधिकारी/सचिव महिला एवं बाल विकास ने किया पौधरोपण

# पेड़ लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी जरूरीः नोडल अधिकारी



वृक्षारोपण करती हुई नोडल अधिकारी

संवाददाता। अमेठी

**आज वृहद** वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा नामित जनपद नोडल अधिकारीध्सचिव महिला एवं बाल विकास अनामिका सिंह ने जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रए पुलिस अधीक्षक इलामारन व मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठर के साथ आज इन्हौना स्थित ग्राम पंचायत चिलौली ;राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारेद्ध एवं मुसाफिरखाना के बड़गांव में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर हो रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम का निरीक्षण भी किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पूरे प्रदेश में आज 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगेए जिसके क्रम में आज जनपद अमेठी में शासन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी नामित करते हुए भेजा गया हैए उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा जो पौधे लगाए जा रहे हैं उनकी गुणवत्ता अच्छी है तथा विभिन्न प्रजातियों के फलदारए फूलदार व छायादार पौधे लगाए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों में शहजन का पेड़ जरूर लगाएं इसके साथ ही औषधीय पौधों को भी लगाएं। नोडल अधिकारी ने कहा कि पेड़ लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी जरूरी है। इस दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई फाल्गुनी सिंह, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव, प्रभागीय वनाधिकारी एमएन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का जिपं अध्यक्ष, डीएम, एसपी ने किया शुभारंभ

**अमेठी।** आज जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक इलामारन, मुख्य विकास अधिकारी डा अंकुर लाठर ने निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर वृहद वृक्षारोपण अभियान.2022 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मा मुख्यमंत्री के आवाह्न पर आज पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपित किए जाएंगे, जिसके क्रम में जनपद अमेठी में आज विभिन्न विभागों एवं जन सहयोग के माध्यम से 3645600 पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारी धरोहर हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह वृक्षारोपण कर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाए। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं वृक्षों से हमें छाया, फल, ऑक्सीजन जो हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है वह सब वृक्षों से ही हमें प्राप्त होती है इसलिए हमें अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर पर्यावरण को जीवंत बनाए रखने एवं जीवन को संजीवनी प्रदान करने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है वृक्षारोपण से वन संपदा में वृद्धि होती है वृक्ष ऑक्सीजन के उत्सर्जन के साथ ही वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड को नियंत्रित करते हैंए मानव व जीव.जंतुओं के जीवन को सुखीए समृद्ध एवं वायुमंडल को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षों का विशेष महत्व है। इस दौरान उन्होंने आमजन से फलदारए फूलदारए छायादार व औषधीय पौधों को अधिक से अधिक लगाने की अपील किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम.2022 हेतु जनपद अमेठी को 5103600 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया था, जिसके क्रम में विभिन्न विभागों द्वारा आज जनपद अमेठी में एक ही दिन में 3645600 पौधे रोपित किए गए। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर जनपद में पूर्व में ही सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित करते हुए कार्य योजना तैयार की गई थी जिसके क्रम में आज वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण

# सरकारी सेवकों व उनके आश्रित को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का मिलेगा लाभ

संवाददाता। अमेठी

**आयुष्मान भारत** प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना की तरह अब सरकारी सेवकोंए सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों तथा उनके आश्रित परिजनों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा।

उक्त जानकारी जिला स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी शालू गुप्ता ने सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यशाला में व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक चिकित्सा परिचर्या नियमावली, यथासंशोधित 2021ए में निहित नियमों के अधीन संचालित होगी। सरकारी सेवक की परिभाषा के अंतर्गत उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जारी शासनादेश 07 जनवरीए 2022 में उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों तथा उनके आश्रित परिजनों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का प्राविधान किया गया है। यह सुविधा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आबद्ध समस्त निजी चिकित्सालयों तथा सरकारी चिकित्सालयों में उपलब्ध होगी। निजी चिकित्सालयों में प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रतिवर्ष रूपये.पॉच लाख तक की कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध होगी। जबकि सरकारी चिकित्सा संस्थानोंए चिकित्सालयों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध होगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रत्येक पात्र लाभार्थी के पास स्टेट हेल्थ कार्ड उपलब्ध होना अनिवार्य हैए जिसकी सहायता से आबद्ध चिकित्सालयों में लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित करने के उपरान्त कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी। इस मौके पर जिला समन्वयक डा अनूप तिवारी, विजय सरोजएप्रदीप श्रीवास्तव मौजूद रहे।



जानकारी देती हुई सीएमओ

## वृक्ष धरा का भूषण हैं, करते दूर प्रदूषण हैंः मुन्ना सिंह

**तिलोई, अमेठी।** वृक्ष धरा का भूषण हैं, करते दूर प्रदूषण हैं यह बात पांच जुलाई को वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक तिलोई के ब्लॉक परिषर वृक्षारोपण करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना सिंह ने व्यक्त किये।ब्लॉक परिषर में वृक्षारोपण के अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेंड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखरेख भी करनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला में खंड विकास अधिकारी रत्नाकर त्रिपाठी, ग्राम प्रधान पति मो अशरफ, प्रधानाध्यापक एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ . अमेठी ,धीरेन्द्र प्रताप सिंह, नरेन्द्र सिंह जन सेवा समिति की अध्यक्ष रंजू सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष शिव देवी एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता जायसवाल, रजिया बानो, शशि कुमारी सिंह, प्राची श्रीवास्तव, सरिता सिंह, पल्लवी श्रीवास्तव, सुचित्रा सती व बच्चों ने वृक्षारोपण किया। रत्नाकर त्रिपाठी ने कहा आप सभी मिलकर विद्यालय में एक-एक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाए वृक्षारोपण से आने वाली पीढ़ी का जीवन सुरक्षित हो सकेगा। मो. अशरफने कहा वृक्षारोपण से प्रदूषण को बचाने व विद्यालय की सुंदरता में वृद्धि होती है। रंजू सिंह ने कहा मेरे ससुर स्वर्गीय नरेन्द्र बहादुर सिंह जी कर्मठ एवं सुयोग्य शिक्षक रहें हैं, उन्होंने अपना समस्त जीवन बच्चों के शिक्षा-दीक्षा में समर्पित किया थाए मै उनकी स्मृति में ब्लॉक तिलोई के समस्त विद्यालयों में 1 वृक्ष अवश्य लगाने का प्रयास करूंगी, जिसकी सुंदर छाया प्यारे बच्चों को मिल सके।

## आरआरएसजीआई के महाविद्यालयों में वन महोत्सव पर हुआ पौधरोपण

**अमेठी।** मंगलवार को आरआरएसजीआई के आरआरपीजीकालेज, आसलदेव पीजी कालेज और रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में युवा वन की स्थापना एवं वृक्षारोपण का कार्य किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज यादव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत किया। महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूनम सिंह और आसलदेव पीजी कालेज की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह ने भी अपने महाविद्यालयों में पौधरोपण किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. कुमार पांडेय, कार्यक्रमाधिकारी डॉण् मनीषा सिंह, डॉण्सीमा सिंह डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. अनूप सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने वृक्षारोपण कर पौधों को सिंचित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. लाजो पांडेय, डॉ. राधेश्याम तिवारी, डॉ. एमपी त्रिपाठी, डॉ.अरविन्द सिंह, डॉ.कयूम खान, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ सिद्धार्थ सिंह, रवि सहगल सहित अनेक प्राध्यापकों एवं शिक्षणोत्तर कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया।

# आरेडिका में मनाया गया वन महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। रायबरेली

**आधुनिक रेल** डिब्बा कारखाना, रायबरेली में मंगलवार को ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा हरविंदर कलसी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। ज्ञात हो कि हर वर्ष जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें वृक्षारोपण कर लोगों को वृक्षों के प्रति जागरूक किया जाता है। राष्ट्रीय वन नीति 1988 के अनुसार देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत क्षेत्र पर वन होने चाहिए लेकिन भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार देश में लगभग 22 प्रतिशत क्षेत्र पर ही वन हैं जो राष्ट्रीय मानक से काफी कम है। इस कमी को पूरा करना ही इसका उद्देश्य है। वन महोत्सव मनाने के लिए जुलाई माह को इसलिए चुना गया क्योंकि यह महीना वातावरण में पर्याप्त नमी होने के कारण पेड़.पौधों के पनपने के लिए उपयुक्त होता है।,उल्लेखनीय है कि आरेडिका को हरा.भरा और सुन्दर बनाने के लिए हर वर्ष हजारों की संख्या में पेड़.पौधे लगाए जाते हैं। इस अवसर पर आरेडिका के महिला कल्याण संगठन की सदस्या ऊषारानी, सुषमा पाण्डेय,विजया श्रीवास्तव, अनुपमा कपूर, ज्ञानदा बाल मंदिर की प्रधानाचार्या एवं अध्यापिकाऐं और कर्मचारी वृक्षारोपण कर सहभागी बने।





# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया पौधरोपण



संवाददाता। रायबरेली

**वृक्षारोपण जन** आन्दोलन-2022 के अंतर्गत प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य निर्धारित किये गये है। इसीके अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत नगर पालिका विभिन्न प्रकार के पौधो का रोपण करके अभियान में अपनी भूमिका को अग्रेसित कर रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को इन्दिरा नगर स्थित मलिक मोहम्मद जायसी पार्क में वृक्षोरापण किया गया। इस मौके पर सागौन, आम, अमरूद आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण किया। श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव ने कहा कि सभी को वृक्षारोपण के लिए आगे आना चाहिए ताकि अपना जनपद उत्तर प्रदेश में वृक्षारोपण के मामले अपनी एक अलग पहचान बना सके। अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ साथ सभी नगर पालिका क्षेत्र के निवासियों का दायित्व यह भी कि उस पौधे का संरक्षण करे। इस अवसर पर एई सुरेन्द्र कुमार, प्रतीक श्रीवास्तव, सीताराम, श्री चौबे आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में वृक्षारोपण अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**बछरावां रायबरेली।** शासन की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत आज देवपुरी ग्राम सभा स्थित नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा व नगर पंचायत कर्मियो ने वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा नगर पंचायत बछरावां में कुल एक हजार पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया जिसके तहत आज वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत कान्हा गौशाला से की गई जिसमें 500 आम, आंवला, कंजी, पीपल, नीम शीशम, गोल्ड मोहर किस्म के पौधे कान्हा गौशाला में वहीं सिर्फ500 का गीत अंत्येष्टि स्थल व कूड़ा डंपिंग ग्राउंड पर लगाए जाएंगे। प्रदेश में एक जुलाई से एक मेगा श्वृक्षारोपणश् अभियान चलाया जा रहा है। जहां 15 अगस्त तक संपूर्ण प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वहीं 15 अगस्त को श्आजादी का अमृत वर्षश् के अवसर पर राज्य के प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में कुल 58,000 से अधिक गांव हैं। सरकार की योजना 15 अगस्त को एक दिन में 43.5 लाख से अधिक पौधे लगाने की है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा राज्य में हरित आवरण को बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## उद्यान विभाग ने किया 1000 पौध रोपण का कार्य



**रायबरेली।** ग्राम सिद्धौर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम उद्यान विभाग द्वारा किया गया जिसमे लगभग 1000 पौध रोपण का कार्य किया जा रहा जिसमे अमरूद नीबू आंवला आदि फलदार पौधा रोपित किया जा रहा इस अवसर पर उद्यान विभाग से प्रभारी संदीप सिंह मौजद रहे और वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवेंद्र बहादुर सिंह व जितेंद्र यादव के साथ साथ ग्राम वासियों द्वारा रोपण किया गया।

## देश में वनों का क्षेत्रफल 33 प्रतिशत होना चाहिये

**लालगंज रायबरेली।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाये जा रहे वन सप्ताह के अन्तर्गत क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह व तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने शेखवापुर स्थित सिंचाई विभाग की जमीन में वृक्षारोपण कर लोगो से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। इस दौरान विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय वन नीति 1988 के तहत देश में वनो का क्षेत्रफल 33 प्रतिशत होना चाहियें लेकिन वर्तमान वह केवल 22 प्रतिशत है। जिससे मनुष्य समेंत सभी जीवो के लिये भविष्य में जीवन का संकट उप्पन्न हो सकता है। ग्लोबल वार्मिग व अन्य पारिस्थितिकीय समस्याओं से निपटने का एक ही उपाय है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाये। तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने कहा कि जहां सरकार के निर्देश पर प्रतिवर्ष करोडो की संख्या में पेड लगाये जा रहे है वही आमजनमानस की भी जिम्मेदारी है कि उनकी सुरक्षा में सहयोग प्रदान करे जिससे निरन्तर घटता वनो का क्षेत्रफल सुधारा जा सके। इसके अतिरिक्त वन महोत्सव के तहत कोतवाली परिसर में वृहद रूप से पौधो का रोपण किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में लगभग 300 पौधे लगाये गये। वही मार्डन कोच फैक्ट्री के आवासीय परिसर स्थित ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा हरविंदर नागी के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण किया गया।

## क्विक न्यूज

### आज होगी महिला उत्पीड़न को लेकर जन सुनवाई

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में 06 जुलाई को जनपद के स्थानीय गेस्ट हाऊस में प्रातः 11:00 बजे महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। मा0 सदस्य द्वारा महिला उत्पीड़न की साथ-साथ महिलाओं द्वारा नवीन प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में जन सुनवाई भी करेंगी। ह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा द्वारा दी गई है।

### आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड में अपर मुख्य सचिव ने निरीक्षण कर किया पौधरोपण

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विकासखंड की कुंदनगंज ग्राम सभा में बिरला कारपोरेशन की यूनिट आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड में आज अपर मुख्य सचिव डिंपल वर्मा ने यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यूनिट की बारीकियों से अवगत होकर वह पूरी तरह से संतुष्ट दिखाई पड़ी। वहीं इसके साथ ही साथ यूनिट परिसर में ही मियावाकी विधि द्वारा वृक्षारोपण भी किया। वर्तमान समय में शासन द्वारा एक जुलाई से वृहद मेगा वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत वृक्षारोपण यूनिट परिसर में किया गया। इस मौके पर उनके साथ प्रभागीय वन अधिकारी सुरेश चंद्र पांडे ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर आरओ प्रदीप विश्वकर्मा, परियोजना प्रमुख पीके चौधरी, सीनियर मैनेजर हरबंस मिश्रा, एनबी ओझा सहित कई अन्य आरसीसीपीएल यूनिट के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### मनाया गया वन उत्सव

**सलोन।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जुलाई को वन उत्सव मनाया गया ।इस उत्सव पर गांव से लेकर सरकारी दफ्तरों स्कूलों मैं बृहद पौधरोपण किया गया। मंगलवार को तहसील क्षेत्र में हर जगह वन महोत्सव मनाया गया तहसील परिसर में उप जिला अधिकारी आसाराम वर्मा तहसीलदार चंद्रशेखर यादव ने सामूहिक रूप से तहसील परिसर में पौधरोपण किया। इसी तरह वी डी ओ सलोन ने ब्लॉक परिसर में तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पीके बैसवार ने अस्पताल परिसर में वही प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने भी कोतवाली परिसर में पौधरोपण किया। इस उत्सव पर अधिकारियों ने पौधरोपण करते हुए क्षेत्रीय लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पौध रोपण करें। जितने अधिक वृक्ष होंगे उतना ही अच्छा पर्यावरण होगा ।तथा लोग स्वस्थ होंगे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी की उपस्थिति में सूची चौकी इंचार्ज प्रवीण गौतम सूची चौकी सहित अन्य जगहों पर वृक्षारोपण किया। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने सभी क्षेत्रिय लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मजदूर की दर्दनाक मौत, परिवारी जनों में मचा हड़कंप

**बछरावां रायबरेली।** विकासखंड की नीम टीकर ग्राम सभा में सारी खेड़ा गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगल पुत्र रामलाल उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी गुरुदीन खेड़ा मजरे कुंडौली मजदूरी करने के लिए जा रहा था। इसी बीच रास्ते में रेलवे लाइन के पास उसका कटा शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला जिसकी शिनाख्त ग्रामीणों ने मंगल पुत्र राम लाल के रूप में किया । ग्रामीणों द्वारा उक्त दुर्घटना की सूचना बछरावां थाने को दी गई। सूचना पाकर तत्काल बछरावां पुलिस मौके पर पहुंच गई व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इसके साथ ही साथ ट्रेन से कटने की सूचना जीआरपी को भी दी गई। मौके पर जीआरपी के साथ रेल विभाग के अधिकारीगण भी पहुंचे व इसके साथ ही साथ विधिक कार्यवाही पूर्ण की। जानकारी के अनुसार मंगल अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। मंगल की पत्नी उनके माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज पटेरवा मार्ग पर छतौना मरियानी गांव के पास दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये, राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्षेत्र के मीरा सवैया गाँव निवासी आशीष कुमार 20 वर्ष मंगलवार की दोपहर बाद बाइक से कॉपी किताब लेकर क्षेत्र की दुकानों पर बिक्री करने जा रहा था,तभी छतौना मरियानी गाँव के पास उसकी बाइक की भिड़ंत प्रदीप यादव 22 वर्ष निवासी छतौना मरियानी की बाइक से हो गई, जिसकी बाइक पर पीछे राकेश कुमार 24 वर्ष निवासी पीपरी भी बैठा हुआ था, घटना में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये, राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप यादव व आशीष कुमार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि घायल अवस्था में तीन लोग सीएचसी आये थे, जिसमें दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### घर से लाखों का माल पार कर दिया

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे मधई मजरे लालूमऊ गांव से बीती रात अज्ञात चोरो ने एक घर से लाखो का माल पार कर दिया। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने जांच पडताल शुरू कर दी हैं। स्मैक ब्रिकी के लिये विख्यात पूरे मधई गांव निवासी कमलेश ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर छत के रास्ते उसके घर में घुस गये और कमरें में रखे बक्सो व अलमारी का ताला तोडकर उसमें रखे लाखो के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गये। पीडित की मानें तो घटना में दस लाख से अधिक का सामान चोरी हुआ है। बताते चले कि पूरे मधई गांव में स्मैक के काले कारोबार से जुडे कुछ लोगो को पुलिस ने चिन्हित कर जेल भेज दिया हैं जिसमें पिता-पुत्र में भी शामिल है। उसके बाद से इस काले कारोबार में कुछ कमी अवश्य आई है लेकिन माना जा रहा है कि इस धंधे के बंद होने से क्षेत्र में चोरियों की संख्या बढ़ रही है जो पुलिस के लिये चिंता का विषय हैं। लोगो ने मांग की है कि स्मैक के कारोबार से जुडे लोगो पर निरंतर निगाह रखी जाये जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

### वार्षिक भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

**तिलोई, अमेठी।** तिलोई ब्लाक क्षेत्र के सेमरौता गांव के हनुमानगंज चौराहे पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद छका। हनुमानगंज चौराहे स्थापित सिद्धपीठ हनुमान जी के मंदिर पर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गयाए इसके उपरांत भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे के आयोजक गोपी बाजपेयी ने बताया कि विगत 15 वर्षो से इस भंडारे का लगातार आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, सुरेश अग्निहोत्री, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेई, जानकी शरण बाजपेई, हिमांशु बाजपेई, राजेश पांडेय आदि भक्त मौजूद रहे।

## माधव बाल विद्या मंदिर में फल व छायादार 15 पेड़ लगाकर स्वच्छ पर्यावरण का दिया संदेश



**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय माधव बाल विद्या मन्दिर जूनियर हाई स्कूल भवानीगढ़ में जहां शिवगढ़ तृतीय से जिला पंचायत सदस्य एवं स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रतिनिधि विनय वर्मा, सराय छात्रधारी प्रधान विष्णु कुमार गोस्वामी, युवा भाजपा नेता पंकज मिश्रा, ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल प्रकाश, आचार्य बृजेंद्र शुक्ला, शिवली प्रधान प्रमोद त्रिवेदी,अजय पाण्डेय, प्राथमिक विद्यालय खजुरों के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह सहित लोगों ने विद्यालय में फल एवं छायादार 15 पेड़ लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के प्रति संदेश दिया इस मौके पर विद्यालय संरक्षक बृजेश शुक्ला, प्रबंधक रामविलास शुक्ला एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में रोपित किए गए सभी पौधों को विद्यालय के बच्चों ने गोद ले लिया है, उन्होंने बताया कि रोपित सभी पौधों में टी गार्ड एवं छात्र-छात्राओं के नाम की पट्टिका लगाई जाएगी। वहीं नेरथुआ ग्राम पंचायत में शिवगढ़ पशु चिकित्साधिकारी डॉ.जावेद आलम, ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट बलबीर सिंह, ग्राम पंचायत सचिव मोहित सिंह ने वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पेड़ लगाकर लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित किया। इसी क्रम में वृक्षारोपण अभियान के तहत विशेष रूप से अधिकृत खण्ड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह, एडीओ आईएसबी धनेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कोमल देवी, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार ने पशु आश्रय केंद्र बेड़ारु में पौध रोपण कर गांव के जिम्मेदार लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित किया।

# प्रभारी मंत्री ने लगाया रामायण वन में हरिशंकरी का पौधा



सिकटा रामायण वन में पौधरोपण करतीं प्रभारी मंत्री — पायनियर

### ● जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी की सहभागिता

संवाददाता। बस्ती

**मंडल** के प्रभारी मंत्री बेबीरानी मौर्या ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित वन महोत्सव के अवसर पर ब्लाक गौर के सिक्टा ग्राम पंचायत में स्थापित रामायण वन में हरिशंकरी का पौधा रोपित करके महोत्सव का शुभारम्भ किया। उन्होने पेड़ को हजारा से पानी देकर सीचा। कहा कि वृक्ष उगाना मानव जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण को रोकने में वृक्ष हमारी मदद करते है। वृक्षारोपण होने से प्रकृति का सौंदर्य बढता है और अनेक जीवो को लाभ मिलता है। वृक्षो की रक्षा करना और वृक्षारोपण करना प्रत्येक मनुष्य का धर्म है। उन्होने रामायण वन स्थापना की प्रशंसा किया। कहा कि यहॉ अलग-अलग नौ वाटिकाए राजा दशरथ, माता कौशिल्या, सुमित्रा एवं कैकई, भगवान राम, सीता, भरत, लक्ष्मण, शुत्रुघ्न तथा गुरू वशिष्ठ के नाम पर स्थापित किया जा रहा है, इसमें विभिन्न प्रजाति के लगभग 5500 पौधे लगाये जायेंगे। कहा कि जनपद में बाल वन, युवा वन, खाद्य वन, शक्ति वन, पोषण वाटिका की स्थापना भी की जा रही है। इस अवसर पर विधायक अजय सिंह, डीएम प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, डीएफ्ओ नवीन कुमार शाक्य, एडीएम अभय कुमार मिश्र, महेश शुक्ला, मुख्य वन संरक्षक गोरखपुर वी.के. चोपड़ा, एन.सी.सी. के कैडेट, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। बाद में इन्होंने कम्पोजिट विद्यालय डारीडीहा परिसर में पहुॅचकर आम का पौधा रोपित किया। उन्होने वहॉ उपस्थित बच्चों से कहा कि छह जुलाई को विद्यालय परिसर में प्रत्येक छात्रा एक-एक पौधा लगाकर शक्ति वन स्थापित करें। स्वयं प्रतिदिन इसको पानी से सीचे तथा इसकी सुरक्षा करें। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, एबीएसए इन्द्रजीत मौर्या, प्रधानाध्यापिका सरोज सिंह, अध्यापिकाए सुमन, अनीता द्विवेदी, गरिमा उपस्थित रही। उच्च शिक्षा की अपर मुख्य सचिव एवं जिले की नोडल मोनिका एस गर्ग ने हरैया में राजकीय महिला महाविद्यालय में पौधरोपण किया। यहॉ पर सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, ज्वाइंट मजिस्टेड्ट/एसडीएम हरैया अमृत पाल कौर, उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर डा. अश्वनी मिश्रा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य वी.के. सिंह, डा. अभिराम राय, डा. आदित्य प्रताप सिंह, डा. सुचित सिसौदिया, बीडीओ आलोक उपाध्याय, ईओ संजय राव, एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भी पौधरोपण किया गया। इसके पश्चात् अपर मुख्य सचिव अधिकारियो के साथ दुहवा प्राइमरी स्कूल पहुची तथा वहॉ भी पौधरोपण किया।

## धरती माता को बचाना है, तो पौधे लगाइए:बेबी रानी



अखबारनवीसों से बातचीत करतीं मंडल प्रभारी मंत्री — पायनियर

**बस्ती।** आजादी के अमृत महोत्सव में पौधरोपण के बाद मंडल प्रभारी बेबीरानी मौर्या ने प्रेसवार्ता में योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अगर धरती माता को बचाना है, तो सभी को पौधरोपण करना होगा। कहा कि तापमान बढ़ रहा है, पानी की कमी हो रही है, जानवर सुरक्षित नहीं रह गएं है। कहा कि पौधरोपण से प्रदूषण को रोकने में मदद मिलती है, पर्यावरण संतुलित रहता है, और प्राकृतिक सौंदर्य का एहसास होता है। कहा कि बृक्षों से ही पानी रुकता है। पषुओं और जानवरों पर इससे पानी मिलता। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिर्फ पौधरोपण करना ही हम सभी की जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि उसका संरक्षण करना भी हम सभी का कर्त्तव्य है। कहा कि यह डीएम की जिम्मेदारी है, कि एक भी पौध असुरक्षित न रहने पाए। इसके लिए प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों को भी एक-एक पौध लगाने की सलाह दी।

पौधरोपण को लेकर सबसे अधिक पत्रकारों के निषाने पर डीएफ्ओ ही रहे। बताया गया कि पौध तो लगा दिया जाता है, मगर डीएफ्ओ यह भूल जाते हैं, कि उसका रखरखाव भी करना है। एक स्वर से सभी पत्रकारों ने डीएफ्ओ के क्रियाकलापों पर सवाल उठाए और कहा कि डीएफ्ओ किसी का फोन नहीं उठाते। इन पर आरोप लगाया गया कि पौधों जीवित रहने के मामले में इनके द्वारा षासन और प्रषासन को गुमराह करने वाली रिपोर्ट की जाती है, 101 फीसद पौधों को जीवित होना बताया जाता है, जबकि 20 से 25 फीसद ही पौध जीवित रह पाते है। जबकि सरकार इसे रखरखाव के मद हर साल करोड़ों रुपये खर्च करती है। उसके बाद पत्रकारों ने जिला प्रोबेषन अधिकारी के भ्रष्टाचार का मामला उठाया, और कहा गया कि यह जबसे जिले में आई हैं, भ्रष्टाचार करने में लगी हुई है। पत्रकारों की नाराजगी को देख प्रभारी मंत्री को कार्रवाई करने का आष्वासन देना पड़ा। जिला अस्पताल में डाक्टरों का अभाव बताया गया। पत्रकारों ने जब प्रभारी मंत्री से पूछा कि क्यों अधिकारी और मंत्री गांवों में सा फि अस्पतालों में न्यौता देकर जाती है, क्यों नहीं वास्तविक औचक निरीक्षण किया जाता। इस पर कहने लगी कि बिना बताए वह डारीडीहा स्कूल चली गई, गंदगी का अंबार मिला।

# सहकारिता के जरिए बेरोजगारी को दूर किया जा सकता: रमाशंकर जायसवाल

### ● सहकारिता मंत्रालय का गठन सराहनीय कदम: तिवारी
### ● भाजपा ने सहकारिता चुनाव में क्लीन स्वीप किया: शुक्ल
### ● सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे भ्रष्ट अधिकारी: कसौधन
### ● अधिकारियों को भी किसानों के हित में सोचना चाहिए: मिश्र



सहकार भारती के राष्ट्रीय सह संपर्क प्रमुख का स्वागत करते पदाधिकारी — पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**पीसीएफ**के उप सभापति एवं सहकार भारती के राष्ट्रीय सह संपर्क प्रमुख रमाशंकर जायसवाल का जिले आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। जिला पंचायत सभागार में जिलाध्यक्ष ओमकार चौधरी की अध्यक्षता एवम विभाग संयोजक बस्ती मंडल सुनील यादव की अगुवाई में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि ने बेरोजगारी दूर करने के लिए तमाम स्वरोजगार के साधनों और उपायों के बारे में जानकारी दी। कहा कि रोजगार सिर्फसरकारी नौकरी को नहीं माना जा सकता, सहकारिता के जरिए भी विकास किया जा सकता है।

जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेंद्र नाथ तिवारी जी ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकारिता क्षेत्र के लिए बहुत ही बेहतर कदम उठाया है। जिलाध्यक्ष भाजपा महेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने सहकारिता चुनाव में क्लीन स्वीप कर सहकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा पवन कसौधान ने कहा कि सहकारिता के जरिए सरकार लगातार आर्थिक विकास पर लगी है, पर विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारी सरकार के मसूबों पर पानी फेर रहे हैं उनको स्पष्ट चेतावनी दिया कि वे सुधर जाएं। केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के चेयरमैन दिवाकर मिश्र ने कहा कि सरकार के साथ ही अधिकारियों को भी किसानों के हित में सोचने की जरूरत है। संचालन कर रहे जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ रमाशंकर यादव ने अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार जताया। विभाग संयोजक बस्ती मंडल एवं चेयरमैन क्रय विक्रय सुनील यादव ने बुके देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष सहकार भारती बस्ती ओमकार चौधरी ने विश्वास दिलाया कि सहकार भारती बस्ती जनहित में सहकारिता के जरिए जन जन के कल्याण हेतु सदैव तत्पर रहेगी। जिला महामंत्री संजय चौरसिया प्रदेश संयोजक श्रम प्रकोष्ठ विष्णुदेव दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम बक्श सिंह, सदस्यता प्रभारी राजेश मिश्रा जी, राम चरन चौधरी, बब्बू खान, अमित सिंह, अमरनाथ सिंह, राम सुरेश यादव, दिनेश उपाध्याय, अयोध्या पांडेय, विजयभान पांडेय, काशी गुप्ता, रामसजन, केके दुबे, काशी गुप्ता, विश्वनाथ पांडेय, अमरेश पांडेय, लल्लन उपाध्याय, विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष अरविंद चौधरी, शिव प्रसाद चौधरी, शिवबहादुर मौर्या, अनिल देवरिया माफी, आनंद चौधरी सोनू, जिला मंत्री नितेश सिंह, अमन जायसवाल, वेद प्रवीण विश्वकर्मा, आलोक शुक्ला, अशोक कुमार, संयोजक श्रम प्रकोष्ठ नीरज प्रजापति, संयोजक उपभोक्ता प्रकोष्ठ बसंत चौधरी, इंद्रेश मिश्रा, विराज भट्ट, आकाश सिंह, लोरिक पांडेय, जितेंद्र यादव, अर्जुन भट्ट सहित अन्य मौजूद रहे।

# लाभार्थियों को मिल रहा है सरकार की योजनाओं का लाभ: विधायक अंकुर



उद्घाटन करते विधायक सदर — पायनियर

### ● विधायक ने नपा अध्यक्ष श्याम सुन्दर के साथ शिविर का किया उद्घाटन

संवाददाता। संतकबीरनगर

**खलीलाबाद** विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका सीमा विस्तारित क्षेत्र डीघा में प्रधानमंत्री आवास योजना का कैंप लगाकर लोगो का प्रधानमंत्री आवास का फार्म भराया गया और लोगो की समस्याओं को संयुक्त रूप से सदर विधायक अंकुर राज तिवारी और नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने सुना। खलीलाबाद विधानसभा के सीमा विस्तारित ग्राम डीघा में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का कैंप लगाया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक अंकुर राज तिवारी और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने फीता काटकर कैंप का उदघाटन किया और लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना के संबध में विस्तृत जानकारी दी गई और लोगो का आवेदन भी कैंप में लिया गया। इस अवसर पर सदर विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से स्थानीय लोगो की समस्याओं को सुना और जल्द निराकरण का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर देवेंद्र मिश्रा, अश्वनी चौरसिया, भोला अग्रहरि, रामचंद्र चौरसिया, अनूप चौरसिया सहित डूडा पीओ परमेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र शुक्ला सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## वन महोत्सव पर जिले में शाम 5 बजे तक 43 लाख पौधों का हुआ रोपण

**श्रावस्ती।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत वन महोत्सव  कार्यक्रम के अवसर पर प्रात:काल से ही वृहद वृक्षारोपण अभियान का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। इस कार्यक्रम को जन आन्दोलन का रूप देकर ष्वन महोत्सवष् कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाकर वृहद वृक्षारोपण कराया गया। इस अवसर पर क्रमश: सांसद श्रीराम शिरोमणि वर्मा  ने तहसील जमुनहा कैम्पस मेंए  विधायक रामफेरन पाण्डेय  ने केन्द्रीय विद्यालय भिनगा मेंए विधायक इन्द्राणी वर्मा ने भिनगा कक्ष संख्या.27 गुलरा जंगल के पासए आयुक्त देवीपाटन मण्डलध्नोडल अधिकारी एम0पी0 अग्रवालए जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने सीताद्वार स्थित प्राथमिक विद्यालय में फीता काटकरए पौधारोपण कर वन महोत्सव अभियान का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात् आयुक्तए जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने भिनगा स्थित वन निगम पंचवटी वाटिका में वृहद वृक्षारोपण किया। पंचवटी में वृक्षारोपण के पश्चात् जिलाधिकारीए मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी ने आयुक्त महोदय को गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंटकर सम्मान किया।  इस प्रकार जनपद की सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारियों एवं विकास खण्ड मुख्यालयों पर खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया। वन विभाग के साथ ही जिले के सरकारीए गैर सरकारी कार्यालयोंए ग्राम पंचायतों में चयनित खाली स्थानों एवं शैक्षिक संस्थानों पर मा0 जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियोंए प्राचार्यो अध्यापकों एवं छात्र.छात्राओं द्वारा भी वृहद वृक्षारोपण किया गया।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**विक्रमजोत/बस्ती।** छावनी थाना क्षेत्र के बटौली गांव में एक बजे बगीचे में आम के पेड़ से लटकता एक युवक का षव मिला। गांव के कुछ लोगों ने देखा तो तत्काल पुलिस और परिजनों को फोन कर इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी। बता दें कि बटौली गांव निवासी 23 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र रामदयाल की शादी बीते मई माह में जितियापुर गांव में हुई थी। करीब एक सप्ताह पूर्व संतोष की पत्नी अपने मायके चली गई। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो शादी के बाद संतोष परेशान दिखता था। आशंका है कि परिवारिक कलह के चलते युवक ने आम के पेड़ से लटक कर खुदकुशी कर ली। दो सगे भाइयों में सबसे बड़े युवक की मौत पर पूरा गांव गमजदा है। वहीं छोटे भाई मोहन ने बताया कि पूरा परिवार मजदूरी कर जीविकोपार्जन करता है। थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कार्यवाही की गई है।

# सीआरओ ने दी 'जिला प्रोबेशन अधिकारी' को क्लीन चिट

### ● डीपीओ का ठीकरा राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के ठेकेदार पर फोड़ा ● भुगतान करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई न करके ठेकेदार पर गिरा दी गाज ● 18 हजार का प्रिंटर 50 हजार में खरीदने पर हुई ठेकेदार पर कार्रवाई, 32 हजार की वसूली का हुआ आदेश

संवाददाता। बस्ती

**..भ्रष्ट** अधिकारी को बचाने का किस तरह जांच अधिकारी खेल करते हैं, अगर इसका सच देखना हो तो मुख्य राजस्व अधिकारी की उस रिपोर्ट को देख लीजिए, जिससे पता चल जाएगा कि जांच की धारा को किस तरह मोड़ दिया गया। ऐसे के खिलाफ कार्रवाई दी गई जिसका उतना दोष नहीं हैं, जितना जिला प्रोबेशन अधिकारी का। जांच से पहले ही शिकायतकर्त्ता सीआरओ पर जिला प्रोबेशन अधिकारी का पक्ष लेने का आरोप लगाता आ रहा हैं, और हुआ भी वही जिसकी आंशका शिकायतकर्त्ता लगा रहा था, डीएम को भेजी गई रिपोर्ट को लेकर इस बात की चर्चा हो रही है, कि आखिर क्यों भुगतान करने वाले अधिकारी को बरी कर दिया गया, और क्यों राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के ठेकेदार के खिलाफ वसूली के आदेश दिए गए। इसे लेकर राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के मैनेजर का कहना है, कि मान लीजिए हमने किसी सामान का रेट बाजार दर से अधिक लगाकर बिल बना दिया, मगर जिला प्रोबेशन अधिकारी को यह देखना चाहिए था, कि रेट अधिक लगा है, उन्हें आपत्ति करनी चाहिए थी, मगर उन्होने कोई आपत्ति नहीं की, बताया कि हमने तो अपना स्पष्टीकरण दे दिया और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी इसका भी लिखित में दिया है। कहा कि अगर उनके खिलाफ वसूली होगी तो वह ठेकेदार से लेकर जमा कर देगे। जांच रिपोर्ट से यह भी पता चला कि राज्य कर्मचारी कल्याण निगम ने अधिक रेट लगाकर पहली बार भुगतान नहीं लिया, बल्कि पूर्व में भी यह इसी तरह का अधिक रेट का बिल बनाकर भुगतान लेते रहें। राज्य कर्मचारी कल्याण निगम और ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग उठ रही है। एक तरह से सीआरओ की रिपोर्ट जिला प्रोबेशन अधिकारी को बचाने वाली मानी जा रही है।

### जांच रिपोर्ट से खुली विभाग के पूर्व अधिकारियों की पोल

**जांच** अधिकारी ने राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के क्रियाकलापों पर सवाल खड़ा करते कहा कि यह पहली बार नहीं हैं, जब राज्य कर्मचारी निगम के लोगों के फर्जीवाड़ा नहीं किया। इससे पहले भी इस निगम पर फर्जीवाड़ा करते रहने को कहा गया, यह अलग बात है, कि अधिकारियों ने कभी इसका परीक्षण नहीं किया। लिखा गया कि खाद्य पदार्थ के आपूर्ति के मामले में भी इनके द्वारा बाजार से दोगुना रेट पर आपूर्ति की। लिखा कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि निगम के ठेकेदार बाजार रेट से अधिक मूल्य पर सामानों की आपूर्ति की गई, और भुगतान लिया गया। जांच रिपोर्ट ने यह साबित कर दिया कि जिला प्रोबेषन अधिकारी कार्यालय में आज से नहीं बल्कि कई सालों से भ्रष्टाचार होता आ रहा है, और इस भ्रष्टाचार में जिला प्रोबेषन अधिकारी, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम और ठेकेदार की तिकड़ी षामिल हैं। इन्हीं तिकड़ी के चलते एक मंडलीय अधिकारी और एक जिला प्रोबेषन अधिकारी चार करोड़ के घोटाले में पिछले एक साल से निलंबित चल रहे हैं, और इस कार्यालय का एक बाबू जेल में हैं।

### प्रभारी मंत्री, विधायक, डीएम, सीडीओ, एडीएम और सीआरओ के सामने खुली विभाग की पोल

**पौधरोपण** महोत्सव में षामिल होने आई मंडल की प्रभारी मंत्री बेबीरानी मौर्य के सामने मीडिया ने उनके ही विभाग की पोल खोली। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि हरीश सिंह का पत्र और जांच रिपोर्ट को दिखाते हुए कहा कि जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आते ही भ्रष्टाचार का खेल खेलना ठेकेदार, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम और सीटीओ के साथ षुरु कर दिया, उन्हें बताया कि किस तरह डीपीओ ने 84 हजार का एसी खरीदा और सेकेंड एसी पर मरम्मत के नाम पर 46 हजार खर्च कर दिया। किस तरह 58 रुपये और 68 रुपया किलो आलू खरीदा गया। चार रुपये का अंडा दस रुपये में खरीदा। यह सुनते ही सभी अधिकारी लोग सन्न रह गए। पहले तो सुनकर चौंक गई, फि बाद में जांच और कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। विभागीय मंत्री के सामने अगर उसी विभाग के अधिकारी के घोटाले की आवाज उठती है, तो जाहिर सी बात सोचनीय वाली है। अब देखना है, कि क्या पिछले दो अधिकारियों की तरह वर्तमान जिला प्रोबेषन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी? मामले की गंभीरता को देखते हुए एक तरह से कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

# एसपी ने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के संबंध में दिया प्रशिक्षण

संवाददाता। संतकबीरनगर



**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराधों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के संबंध में गोष्ठी / प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के अंतर्गत क्रमश: 04 प्रकोष्ठों अपराध प्रकोष्ठ / महिला संबंधी अपराध का अनुश्रवण (महिला हेल्प डेस्क ), महिला सहायता प्रकोष्ठ (परामर्श केन्द्र ), महिला सम्मान कोष (आर्थिक सहायता ), महिला आयोग एवं महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (प्रार्थना पत्र प्रकोष्ठ ) का गठन किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं के अधिकारों का व्यापक प्रचार प्रसार, महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम हेतु सामाजिक चेतना विकसित करना, प्रताड़ित महिलाओं को तत्परता से उचित सहायता उपलब्ध कराना एवं इनके विरुद्ध हो रहे अपराधों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही बालकों के विरुद्ध हो रहे अपराधों, बालश्रम व भिक्षावृत्ति की रोकथाम, बाल किशोरो के विरूद्ध पंजीकृत अभियोगो एवं पॉक्सो एक्ट की विवेचनाओं, पीड़ित बालको से सम्बंधित सूचनाओं/मामलो को गंभीरता से लेने व दोषियों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम ( बालकों के देखरेख व संरक्षण) के तहत अविलम्ब कार्यवाही करने व बालकों को नियमानुसार अपने संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के बारे में बताया गया। महिला हेल्पडेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को पीड़ित बालकों / महिलाओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा, आशुलिपिक पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह सहित संबंधित प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिले को मिले 14 न्यायाधीश तारकेश्वरी सिंह बने सीजेएम

**बस्ती।** जिले को 14 नये न्यायाधीष मिले है। इन सभी का तबादला हाईकोर्ट की ओर से किया गया। इनमें तारकेश्वरी सिंह सीजेएम, मीनू शर्मा अपर जिला जज द्वितीय, शिवचंद स्पेशल जज ईसी एक्ट, सपना त्रिपाठी स्पेशल जज पोक्सो एक्ट, प्रभा नाथ त्रिपाठी अपर जिला जज सप्तम, अमित कुमार वर्मा अपर जिला जज षष्ठम, अनिल कुमार खरवार एफ्टीसी कोर्ट प्रथम, रजनीश कुमार मिश्र एफ्टीसी कोर्ट द्वितीय, आशीष कुमार राय सिविल जज सीनियर डिविजन, अमित मिश्रा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, उमेश कुमार यादव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का पूर्णकालिक सचिव, अर्पिता यादव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय एवं शोभा भाटी सिविल जज जूनियर डिविजन, विनोद कुमार यादव न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम का नाम षामिल है।

# वृहद वृक्षोरापण अभियान का मंत्री विजय लक्ष्मी ने किया शुभारम्भ

### ● आयुक्त बस्ती मण्डल, डीएम-एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने की सहभागिता
### ● हरियाली व शुद्व वातावरण के लिए पौधरोपण है जरूरी: विजय लक्ष्मी गौतम

संवाददाता। संतकबीरनगर

**उप्र सरकार** द्वारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी वृहद पौध रोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम का आज पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के मार्ग दर्शन पर प्रदेश के समस्त जनपदों में शुभारम्भ किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य 05 जुलाई 2022 से 15 अगस्त 2022 तक पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधो को रोपित करने का लक्ष्य हासिल करना है। इसी क्रम में आज जनपद में पौधरोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम एवं विशिष्ट अतिथि मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती/नोडल अधिकारी गोविन्द राजू एनएस ने खलीलाबाद तहसील के विकास खण्ड बघौली अन्तर्गत ग्राम पेड़ारी में वन विभाग के भूमि पर पौध रोपण किया गया। मंत्री द्वारा पीपल का वृक्ष एवं मण्डलायुक्त द्वारा पाकड़ का वृक्ष रोपित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा पाकड़, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा जामुन, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह द्वारा शीशम, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र द्वारा जामुन तथा प्रभागिय वनाधिकारी डा0 टी रंगाराजू द्वारा आम का वृक्ष रोपित किया गया। मंत्री द्वारा बताया गया कि वन विभाग द्वारा पेड़ारी वन भूमि पर आज 05 हेक्टेयर में कुल 5500 पौधो को रोपित किया गया। इसी क्रम में जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 20 लाख पौध रोपण किया गया। उन्होंने पौध रोपण जन आन्दोलन अभियान का शुभारम्भ करते हुए राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में स्वच्छ एवं स्वस्थ्य पर्यावरण के निर्माण की दिशा में प्रधानमंत्री का मार्ग दर्शन एवं प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज पूरे प्रदेश में यह पौध रोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो आगामी 15 अगस्त 2022 तक चलेगा।



पौधरोपण करती समग्र ग्राम्य विकास मंत्री एवं जिलाधिकारी — पायनियर

# ग्राम पंचायतों में चला पौधरोपण अभियान

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**मंगलवार** को विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायतों में युद्ध स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें ग्राम बिजुआपुर में खंड विकास अधिकारी प्रतिभा गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार पाल, तकनीकी सहायक चंद्र प्रकाश खरे, अमित कुमार सहायक लेखाकार, ग्राम रोजगार सेवक, आदि लोगों ने पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए, ग्राम पंचायत बिजापुर में वृक्षारोपण किया। ग्राम पंचायत हदरुख में एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार, ग्राम प्रधान अवधेश कुमार वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि पांडे जी, विद्यालय परिसर की ओर से शशि कला पांडे, मुकेश दुबे, संकुल, आदि लोगों ने वृक्षारोपण किया। ग्राम पंचायत केथवा में एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार, ग्राम प्रधान नरेंद्र कुमार तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक विनोद कुमार प्रजापति, आदि लोगों ने वायु को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण किया। ग्राम पंचायत पंडितपुर में ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता, ग्राम प्रधान शिव सिंह चंदेल, ग्राम रोजगार सेवक श्रीकांत त्रिपाठी, एवं विद्यालय परिसर में मुनजिरा फातिमा प्रधानाचार्य, जितेंद्र सिंह यादव, नीता मिश्रा, ज्ञानेंद्र कुमार, आदि लोगों ने वायु को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण किया। ग्राम पंचायत बिचोली में ग्राम विकास अधिकारी शिवम पचौरी, ग्राम प्रधान महेश सिंह, ग्राम रोजगार सेवक प्रवीण सिंह, आदि लोगों ने वायु को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण किया। ग्राम पंचायत दौन में ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम पचौरी, एवं ग्राम प्रधान गंभीर सिंह, वायु को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण किया। ग्राम पंचायत जमलापुर जुझारपुर में ग्राम विकास अधिकारी चंद्रभूषण सचान, एवं ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार, ग्राम रोजगार सेवक, विद्यालय परिसर के प्रधानाध्यापक आदि लोगों ने वृक्षारोपण किया। नीमगांव में ग्राम प्रधान राम अवतार सिंह, ग्राम रोजगार सेवक रविंद्र कुमार, पंचायत सहायक ने वृक्षारोपण किया।



पौधारोपण करते ग्राम प्रधान पायनियर

**पर्यावरण की स्वच्छता के लिये नगरीय क्षेत्र में भी रोपे गए पौधे**

**जालौन (उरई)।** वृहद पौधारोपण अभियान के तहत सरकारी कार्यालयों, स्कूल कालेजों व सरकारी कार्यालयों में पौधारोपण किया गया। लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी से पौधारोपण करने की अपील की। प्रदेश सरकार के निर्देश पर वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी व बीडीओ संजीव यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में पौधारोपण किया। उपजिलाधिकारी राजेश सिंह, तहसीलदार बलराम गुप्ता व नायब तहसीलदार आलोक कटियार के साथ तहसील परिसर में छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। एसडीएम ने कर्मचारियों से अपील की कि अगर संभव तो प्रत्येक कर्मचारी अपनी सुविधा अनुसार पौधारोपण जरूर करें और उसकी देखभाल भी करें। जिससे पौधा वृक्ष रूप लेकर हम लोगों व आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा उपलब्ध करा सकें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में डॉ. आरके राजपूत ने अपने स्टाफके साथ, प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय वीरपुर में अध्यापकों ने पौधारोपण किया।

# पौधों का सरंक्षण करने से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं: नरेन्द्रपाल सिंह

● ढाई लाख फल व छायादार वृक्ष महेवा की ग्राम पंचायतों में रोपित करने का लक्ष्य:अश्वनी

● पहले दिन कीरतपुर तिगरेश्वर, सिमरा में किया गया पौधरोपण



संवाददाता। कालपी (जालौन)

**पेड़ पौधों** को लगना व उनका संरक्षण करने से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर आंगन खेत खलहान मे कम से कम पांच फल या छायादार वृक्ष लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिये उक्त बात ग्राम पंचायत कीरतपुर के तिगरेश्वर मंदिर के पास वृक्षारोपण करते हुये कही। उप्र सरकार के वृहद वृक्षारोपण जन आन्दोलन के तहत विकास खण्ड महेवा की ग्राम पंचायत कीरतपुर मे तिगरेश्वर मंदिर के पास विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन ने बीडीओ महेवा व ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद के साथ फल व छायादार वृक्षारोपण कर उनका संरक्षण कैसे हो इस पर चर्चा की। बीडीओ महेवा अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि पूरे विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों मे लगभग 2 लाख 50 हजार पौध रोपित करने का लक्ष्य है। इस मौके पर बीडीओ महेवा अश्वनी कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष महेवा भाजपा रिसालसिंह कुटरा, प्रधान पवन दीप निषाद सचिव दिलीप निरंजन जेई आरईएस महेन्द्र कुमार एडीओ संदीप कुमार गुप्ता टीए राम गोपाल निरंजन महंत तिगरेश्वर बाल कृष्णपुरी राकेश यादव पंचायत मित्र गंगा प्रसाद प्रधान देवकली बालसिंह निषाद सहित अनेको लोग मौजूद रहे।

## हर हाल में रोकें अवैध खननः डीआईजी



गोष्ठी में बोलते डीआईजी विपिन कुमार मिश्रा पायनियर

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** उपमहानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में जिले के पुलिस अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों की गोष्ठी में कहा कि बकरीद, कांवड मेला आगामी पर्वों में पुलिस सतर्कता से ड्यूटी के निर्देश दिये।

मंगलवार को मुख्यमंत्री के जाने के बाद डीआईजी विपिन कुमार मिश्रा ने एसपी अतुल शर्मा की मौजूदगी में गोष्ठी में कहा कि प्रत्येक रविवार को थाना कार्यालय पुलिस लाइन में सफाई अभियान चलाया जाये। आईजीआरएस में प्राप्त संदर्भों का निस्तारण समय से किया जाये। गुमशुदा व अपहरण से संबंधित मामलों में टीम बनाकर बरामदगी की जाये। महिलाओं से संबंधित अपराधों को रोकने के प्रयास किये जायें। अवैध खनन पर हर हाल में प्रतिबंध लगना चाहिए। डीआईजी मिश्रा ने कहा कि कांवडियों को निकलने वाले रास्ते को देख लें। गोष्ठी में एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय, सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय सीओ मऊ सुबोध गौतम, सीओ प्रशिक्षणाधीन हर्ष पाण्डेय, राजकमल, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा, वाचक संतराम सिंह, प्रधान लिपिक आलोक सिंह, स्टेनो कमलेश राव आदि मौजूद रहे।

## भोजन, पानी के बाद ऑक्सीजन प्राप्त करने का वृक्ष ही साधनः भानुप्रताप

● पौधारोपण अभियान को आंदोलन की तरह चलाया जाये



संवाददाता। उरई (जालौन)

**मुख्य** अतिथि राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग उप्र बृजेश सिंह व केंद्रीय राज्यमंत्री सूक्ष्म लघु और मध्यम मंत्रालय भारत सरकार भानु प्रताप वर्मा ने मंगलवार को वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए तथा मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों में पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 2017 में संकल्प लिया था कि उत्तर प्रदेश में जितना वन क्षेत्र है वह पर्याप्त नहीं है इसलिए अभियान को एक आंदोलन के रूप में चलाया गया और इसके परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। उन्होंने पेड़ों की महत्ता मनुष्य के जीवन चक्र में बताते हुए कहा कि भोजन और पानी के बाद ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए यही एक साधन है। उन्होंने कहा कि ओजोन परत को सुरक्षित रखने में भी इसकी महत्ता है। उन्होंने कहा कि सभी यह संकल्प लेकर वह पौधा रोपित करेंगे और उस को जीवित रखने के लिए अपने बच्चों की तरह ही उसकी देखभाल करेंगे। यदि अगले वर्ष तक 90 प्रतिशत पौधे जीवित रख सके तो यह हमारी समाज और पर्यावरण को सबसे बड़ी देन होगी। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने विद्यालय आसपास क्षेत्र में पौधे का रोपण करें और भाई बहन की तरह उसका ख्याल रखें। उन्होंने अनुरोध किया कि अधिक से अधिक पौधारोपण में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि जब जनपद हरा भरा होगा तो उत्तर प्रदेश स्वतरू ही हरा भरा हो जाएगा।

## फर्जीवाड़ा कर खाते से निकाले पैसे, मजदूर ने की शिकायत

**मौदहा ( हमीरपुर )।** फर्जीवाड़ा कर जॉब कार्ड से पैसे निकालने की शिकायत विकासखंड क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी एक युवक ने उपजिलाधिकारी को तहरीर देकर ब्लॉक के संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की शिकायत की है। जिसमें पीड़ित मजदूर द्वारा बताया गया कि नाम व आधार कार्ड उसका स्वयं का है तथा जिसमें पैसे भेजने हैं वह खाता संख्या किसी दूसरे का है। दो जुलाई को विकासखंड क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी कैलाश तिवारी ने तहसील दिवस में उपस्थित उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि वह तथा उसका भाई अपने गांव में जॉब कार्ड धारक मजदूर हैं, उसने बताया कि उसे जानकारी मिली थी कि उसके जॉब कार्ड को लगाकर किसी अन्य के खाते में मनरेगा का पैसा डाला जा रहा है। मजदूर ने बताया कि जब इस बात की जानकारी की गई तो जानकारियां सत्य पाई गई तथा जब उसने इस फर्जीवाड़े काम की शिकायत संबंधित पंचायत सचिव को बताई तो उक्त पंचायत सचिव सुनने को तैयार ही नहीं हुआ।

## क्विक न्यूज

### मंत्री नंदी व प्रमुख सचिव गृह ने की पीएम के कार्यक्रम की समीक्षा

**उरई (जालौन)।** मंगलवार को औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी व यूपीडा के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी व प्रमुख सचिव गृह अवनीश अवस्थी बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किये जाने को लेकर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जहां उन्होंने आला अधिकारियों के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के भवन में अब तक जो तैयारियां की गयी उनके बारे में चर्चा की साथ ही जो कमियां मिली उनको जल्द दुरुस्त करने के निर्देश भी दिये। कार्यक्रम समीक्षा के दौरान कैबिनेट मंत्री व प्रमुख सचिव गृह ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करते रहें और जहां पर भी कमियां देखें उसको तत्काल दूर करायें। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने आयेंगे। मीटिंग में जिलाधिकारी चांदनी सिंह, एसपी रवि कुमार के अलावा अनेकों आला अधिकारी शामिल रहे।

### चित्रगुप्त समाज ने मंत्री से की भेंट

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय चित्रगुप्त समाज के नौ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने सूबे के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अरुण सक्सेना से आरोग्यधाम के अतिथिगृह में भेंटकर समाज की बाबत अनेक समस्याओं में वार्ताकर ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को अखिल भारतीय चित्रगुप्त समाज के प्रतिनिधि मंडल के संरक्षक रमाशंकर श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष केके माथुर, मीडिया प्रभारी प्रतापनारायण श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष सीमा निगम, जिला मंत्री डॉ सुनीता श्रीवास्तव व मुनेश निगम ने भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे के साथ भेंटकर राज्यमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उनसे समाज की बाबत चर्चा की। उन्हें ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

### अंधाधुंध विद्युत कटौती ने लोगों का सुकून छीना

**जालौन (उरई)।** उमस भरी गर्मी में अंधाधुंध कटौती हो रही है। अंधाधुंध कटौती के साथ लुका-छिपी का खेल चल रहा है। बिजली कटौती ने लोगों की रातों की नींद हराम कर दी और दिन का सुकून छीन लिया है। अंधाधुंध बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। मौसम में बदलाव के बाद बिजली की व्यवस्था में सुधार हुआ है। तापमान गिरने के साथ ही बिजली कटौती कम हो गयी थी। जैसे ही उमस भरी गर्मी शुरू हुई बिजली कटौती व लुका-छिपी का खेल एक बार फिर से शुरू हो गया है। लोगों को परेशानी इस बात की है कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में कटौती का कोई समय नहीं है। बिजली कब जाएगी कितनी देर के लिए जाएगी। इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को भी नहीं रहती है। सोमवार व मंगलवार को नगर की बिजली ने लोगों के साथ जमकर लुका-छिपी का खेल खेला। बिजली की कटौती के कारण जल संस्थान की पानी की टंकी नहीं भर पा रही है। लुका-छिपी के चलते लाइनें भी चार्ज नहीं हो पा रही है। इसके कारण हर मोहल्ले में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। एक तरफनींद पूरी नहीं हो पा रही तो दूसरी तरफसुबह होते ही लोग पानी भरने के लिए परेशान होने लगते हैं। उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती के चलते लोगों का धैर्य टूटता नजर आ रहा। लोग बिजली, पानी के लिए सड़क पर उतर सकते हैं। ऐसे में बिजली कटौती कहीं कानून व्यवस्था के लिए चुनौती न बन जाए, इसकी आशंका है। नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ध्वस्त है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती का आलम यह है कि इनवर्टर चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। गांव में 8-10 घंटे बिजली आपूर्ति हो पा रही है। ग्रामीण राजकुमार बाथम, महावीर शरण शर्मा अकोढ़ी, बबलू लंबरदार पहाड़पुरा, कैलाश बाबू चौधरी, श्याम मोहन काका, महेश निरंजन, चंद्र प्रकाश नायक, योग बाथम, निखिल बाथम, चेतन पटेल गायर, राजेश बाथम रूरा मल्लू कहते हैं बिजली कटौती ने सामान्य जन जीवन प्रभावित कर दिया है। उक्त संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि इमर्जेंसी रोस्टिंग लोकल स्तर से नहीं होती है। इसमें उनके स्तर पर कुछ भी संभव नहीं है। जो बिजली मिल रही है वह दी जा रही है। ट्रिपिंग ओवरलोडिगं की वजह से समस्या हो रही है।

### रंजिशन पूर्व प्रधान, परिजनों पर हमला बोल किया लहूलुहान

**जालौन (उरई)।** रंजिश को लेकर 4 युवकों ने पूर्व प्रधान व उनके चचेरे भाई के साथ मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया। पूर्व प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर निवासी पूर्व प्रधान जसवंत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह व उनके चचेरे भाई जितेंद्र कुमार गांव में जा रहे थे। तभी रंजिश के चलते गांव के पवन कुमार, रवि कुमार, पंकज व शिवम ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर चारों ने लाठी, डंडों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख उक्त सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पूर्व प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर चारों आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सद्भावना ग्राम पिण्डारी, सोमई, बिरासनी में मंडलायुक्त ने किया पौधरोपण

**कोंच (जालौन)।** मंडलायुक्त अजय शंकर पाण्डेय व जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने आज सद्भावना वन ग्राम पिंडारी, सोमई व बिरासनी में सद्भावना वृक्षारोपण दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने सद्भावना वृक्षारोपण दिवस के रूप में वृहद स्तर से वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने मौजूद ग्राम वासियों से वृक्षारोपण जन अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि जो भी वृक्षारोपण किया जा रहा है उसी की देखरेख की जिम्मेदारी भी तय की जाए। उन्होंने पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि पौधे लगाने से आपको व आपके परिवार को आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि घर में शादी विवाह व जन्मदिन आदि कार्यक्रमों पर पौधा भेंट कर उसको रोपित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा प्रदूषण की रोकथाम तथा जनपद को हरियाली युक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और अपने द्वारा लगाए पौधों की देखभाल करें। उन्होंने कहा कि धरती हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनेकों उपहार देती है इसलिए हम सबका दायित्व है कि धरती की सुरक्षा और शुद्ध ऑक्सीजन के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, डीएफओ जय प्रकाश नारायण तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. अवधेश सिंह आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### रामपुरा पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद तो सीओ से लगाई न्याय की गुहार

**रामपुरा (जालौन)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पचोखर में बीती एक जुलाई को दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। जिसको लेकर पचोखरा निवासिनी मुन्नी देवी पत्नी हरिबाबू ने थाने तहरीर देकर गांव के ही प्रदीप, सुखराम पुत्रगण सुखराम के खिलाफकार्यवाही करने की बात कही। लेकिन थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने दूसरे दिन प्रदीप से तहरीर लेकर पीड़िता मुन्नीदेवी के लड़के के खिलाफही उल्टा कार्यवाही करते हुए 151 की कार्यवाही कर दी। इस कृत्य से थाना प्रभारी की कार्यशैली साफउजागर होती है। थकहार कर पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर उक्त प्रकरण पर दोषियों के खिलाफकार्यवाही करने की मांग करते हुए कहा कि जिस रात उक्त लोगो से झगड़ा हुआ तो उसके द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई।

**मादक पदार्थों के मामलों में जांच में लापरवाही**

## हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुये एसपी ने विवेचकों को दिये सुधार के सख्त आदेश

संवाददाता। हमीरपुर

**मादक** पदार्थों में पुलिस विवेचना में नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च न्यायालय ने सुधार के आदेश दिये है ताकि बड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। इस मामले में पुलिस अधीक्षक हमीपुर ने सभी क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को कड़ा पत्र लिखा है। आदेश का पालन ने करने वाले विवेचको पर कडी कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के मुताबिक मादक पदार्थों की विक्री करने पर बंदी बनाये गये अपराधियों की विवेचना में पुलिस की लापरवाही उजागर हुई है। उच्च न्यायालय ने आरिफनूर उर्फहरी मिर्च बनाम उप्र राज्य के जमानत प्रार्थना पत्रों में विवेचना का हवाला दिया है। इसके लिये उच्च न्यायालय ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है, पुलिस महानिदेशक ने सभी पुलिस अधिकारियों को पत्र लिख कर विवेचना में सुधार के कई विन्दु दिये है। पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने जिले के सभी थानाध्यक्षों व क्षेत्राधिकारियो से कहा है कि एनडीपीएस एक्ट यानी मादक पदार्थों के मामलों के विवेचना में कौन अपराधी है उसकी पूरी पहचान और उसका ब्यौरा लिया जाये। कौन से षड़यंत्रकारी और अपराध के प्रोत्साहक है जिन्होने अपराध करने के लिये सहयोग दिया है। पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि विवचना में ड्रग्स के उत्पादन और निर्माण का क्या स्रोत है,इसके आने का स्थान कौन सा है। मादक पदार्थ के वितरण का मार्ग कौन सा है,साधन व माध्यम कौन है। मादक पदार्थों की विक्री व खरीदारी कहा से हो रही है। मादक पदार्थों का भुगतान का माध्यम क्या है। इसमे कोई विशेष स्थल,अवैध फैक्टरी तो नही शामिल है। क्या अपराध में आयात व निर्यात तो लिप्त नही है। इसकी कार्यप्रणाली क्या है,मुख्य तरीका क्या है। लाभ को कहा और कैसे जमा किया जाता है। इसके अलावा और कई दिशा निर्देश दिये गये है। इसके लिये जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाये ताकि एनडीपीएस एक्ट के विवेचना मे पूरी तरह सुधार लाया जाये। पुलिस उच्चाधिकारी विवेचकों की शंकाओ का समाधान करे। हाई कमान ने कहा है कि विवेचना के दौरान आदेशों का पालन न करने पर विवेचकोके खिलाफकड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## पिस्टल से चली गोली से मासूम की मृत्यु में परिवार के तीनों लाइसेंस होंगे निरस्त, पुलिस ने भेजी रिपोर्ट

**हमीरपुर।** विवार क्षेत्र के उमरी गांव में चार दिन पहले मासूम बच्चे के हाथ से पिस्टल से चली गोली से दो साल के छोटे सगे भाई की मृत्यु के बाद मृतक के पिता के परिवार के तीनो लाइसेंस पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। असलहो के रखरखाव में लापरवाही बरतने पर पुलिस ने तीनों लाइसेंसों के निरस्तीकरण करने की संस्तुति कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। जानकारी के मुताबिक गांव के जयराम कुशवाहा के नाम पिस्टल व उनके पिता के नाम रायफल व दोनाली बंदूक के लाइसेंस है। एक जुलाई को खेल खेल में जयराम कुशवाहा के छह वर्षीय बड़े पुत्र मयंक के द्वारा पिस्टल से चली गोली से उसके दो साल के छोटे भाई सिद्दार्थ की मृत्यु हो गयी थी। इसके बाद पुलिस ने जयराम कुशवाहा के खिलाफके धारा 304 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**राठ ( हमीरपुर )।** कस्बे के बीएनवी इंटर कालेज में भाजपा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत वृक्षारोपण कर की।

इस दौरान फल व छायादार पौधों का रोपण किया। इस मौके पर डा.उमाकांत राजपूत, महेंद्र शुक्ला, उदित नारायण त्रिपाठी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं नगर पालिका द्वारा मल्हौंवा रोड पर विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया ने वृक्षारोपण किया। उप्र उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। काशीप्रसाद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अमरजीत अरोरा, प्रमोद गुप्ता आदि मौजूद रहे। आईटीआई में अनुदेशक राधेश्याम गुप्ता, कुणाल कुमार तिवारी, रोहित कुमार, संध्या सक्सेना आदि ने पौधे लगाए। कोतवाली में सीओ अभय नारायण राय के निर्देशन में पौधारोपण किया गया। इस मौके कोतवाल दिनेश कुमार सिंह सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## मनरेगा के काम को जेसीबी से करा रहा प्रधान, अकारण मारपीट की

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी खूबचंद्र ने बताया कि ग्राम प्रधान चकरोड का काम करा रहा है। मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों से काम कराया जाना चाहिए। आरोप लगाया प्रधान रात में जेसीबी मशीन से काम कराता है। वहीं चकरोड उनके खेत को खोद कर निकाला जा रहा है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर तीन महिलाएं घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** चरखारी रोड स्थित जगतराज महाविद्यालय के पास तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार महिलाओं में चीख-पुकार मच गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार तीन महिलाओं के अलावा ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली के परा गांव की निवासी कस्तूरी पत्नी बृजलाल अपने परिवार की ही हरेंद्र कुमारी पत्नी मोहर सिंह व गीता के साथ ई-रिक्शा से अपने गांव परा से राठ आ रही थी। तभी रास्ते में चरखारी मार्ग पर स्थित जगतराज महाविद्यालय के पास तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे से ई-रिक्शा में सवार तीनों महिलाएं गिरकर घायल हो गईं। वहीं हादसे में कस्बे चरखारी रोड निवासी ई-रिक्शा चालक अल्ताफभी घायल हो गया।

# चित्रकूट में निकली भव्य और दिव्य शोभायात्रा

● श्री प्रेम परमार्थ रामकथा का हुआ शुभारम्भ

संवाददाता। चित्रकूट

**जानकी** कुंड के फलाहारी आश्रम में संत राजेंद्र दास की श्री प्रेम परमार्थ रामकथा का आयोजन हो रहा है । इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, संतो के जयकारों से पूरा माहौल भक्ति मय हो गया । साधु-संतों के वैदिक मंत्रोंच्चरणों से धार्मिक नगरी गुंजायमान रही। जहां राम कथा हो रही है वहां विशाल पंडाल सजाया गया कथा सुनने के लिये दूर-दूर से भक्त पहुंच रहें हैं। रघुवीर मंदिर में हुई मलूक पीठाधीश्वर की आगवनी, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संचालक डॉ0 वीके जैन ने शोभायात्रा की आगमानी भी की। चित्रकूट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट के जानकी कुंड स्थित सुप्रसिद्ध मंदिर श्री जुगल किशोर कुंज फलाहारी आश्रम में की बगिया में रामकथा का आयोजन किया गया है । जिसमें देश के प्रसिद्ध संत राजेंद्र दास महाराज कथा कहेंगे। सोमवार से प्रारंभ होने वाली कथा के स्थापना दिवस पर भगवान राम और हनुमान के मिलन स्थल श्री रामघाट से 500 कलशों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हाथी, घोड़ा, बैंड बाजे के साथ चित्रकूट के समस्त तपस्वी संत ,आचार्य एवं सभी आश्रमों के महंतों ने शामिल होकर इस विशाल शोभायात्रा को और भव्य दिव्य बना दिया। रामघाट से जानकीकुंड तक आयोजित इस विशाल शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए वैदिक मंत्रों की गूंज, संगीत की मधुर धुन और भक्ति भजन कुछ अलग ही माहौल पैदा कर रहे थे संगीत की मधुर लहरियों में गूंजते भक्ति गीत एवं जयकारों ने पूरे चित्रकूट का माहौल भक्तिमय बना दिया है। कथा की जानकारी देते जुगल विनोद कुंज के महंत राम प्यारे शरण जी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कथा का आयोजन मंदिर की बगिया यानी



रघुवीर मंदिर गौशाला के नजदीक विशालकाय वाटरप्रूफपंडाल में किया गया है जिसमें दूर-दूर के भक्त और संत महात्मा शामिल हो रहे हैं उन्होंने कहा कि नित्य प्रति भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। रामप्यारे शरण जी महाराज ने कहा कि इस शोभायात्रा में कन्याएं, देवियां , माताएं और भक्तगण शामिल हुए हैं । उन्होंने कहा कि मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज की कथा का पुण्य लाभ लेने के लिए दूर-दूर से भक्त तो आ ही रहे हैं चित्रकूट की संत महात्मा भी इस पवित्र कार्य में शामिल होंगे उन्होंने सभी भक्तों से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संचालक डॉ0 वीके जैन ने सपरिवार मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज की अगवानी की और शोभायात्रा का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की प्रेमपरमार्थ श्री मद रामकथा के आयोजन की , श्री राम कथा 4 जुलाई से 10 जुलाई तक सायं 3रू00 बजे से 7रू00 बजे तक फलहारी आश्रम बगिया में आयोजित की गई है सभी तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई थी जैसे ही हाथी घोड़ा बैंड बाजों के साथ नाचते गाते भक्त रघुवीर मंदिर द्वार पर पहुंचे तो यहां के आचार्य एवं विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए शोभायात्रा का स्वागत किया और पुष्प वर्षा की।श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संचालक एवं ट्रष्टि डॉ बीके जैन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उषा जैन ने मलूक पीठाधीश्वर एवं चित्रकूट के समस्त आश्रमों के महंतों की आरती उतारकर स्वागत किया और मालाएं पहनाई और इस रामकथा के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए संत समुदाय का आशीर्वाद लिया।